तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने का आदेश - 12

एआई से 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी वैश्विक वृद्धि मगर नौकरियों के लिए भारी जोखिम भी- 12

असम में बोले अमित शाह देश से सभी घुसपैठियों को बाहर करेंगे - 13



न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों का लक्ष्य पाकिस्तानी स्पिनरों को काबू करना- 14


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.48
सूर्यास्त 06.09

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी 01:01 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 21 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 325, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


ईमानदारी की मिसाल

## कबाड़ व्यापारी ने 15 लाख के गहने असली मालिक को लौटाए

फरीदाबाद, एजेंसी

- छह माह बाद कबाड़ छांटते समय हाजी अख्तर को मिला था 100 ग्राम सोना

हरियाणा के फरीदाबाद में छह महीने पहले जमा किए गए कबाड़ को छांटते समय कबाड़ व्यापारी हाजी अख्तर खान को करीब 100 ग्राम सोना मिला, जिसे उन्होंने पुलिस की मदद से असली मालिक तक पहुंचाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की।

अनजाने में कबाड़ में फेंके गए 15 लाख मूल्य के आभूषणों को पाकर शर्मा परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, वहीं खान का असाधारण ईमानदारी भरा कार्य आए दिन सामने आ रहीं बुरी खबरों के बीच राहत देता है। बल्लभगढ़ के सहायक पुलिस आयुक्त जितेश मल्होत्रा ने शुक्रवार को बताया कि अशोक शर्मा और उनके परिवार ने पिछले साल जनवरी में प्रयागराज कुंभ मेले में जाने से पहले गहनों को चोरी से बचाने के लिए घरेलू कबाड़ से भरी बोरी में छिपा दिया था। कुछ महीनों बाद, उन्होंने कबाड़ बेच दिया और छिपे सोने के बारे में पूरी तरह भूल गए थे।

# यूपी में शिक्षामित्रों को 18 हजार, अनुदेशकों को 17 हजार मानदेय

- मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में की घोषणा, 1.70 लाख कर्मियों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी का ऐलान किया है। उन्होंने विधानसभा में घोषणा की कि अब शिक्षामित्रों को 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। अभी तक शिक्षामित्रों को 10 हजार और अनुदेशकों को नौ हजार रुपये मिलते थे। इस फैसले से प्रदेश के करीब 1.70 लाख शिक्षामित्र और अनुदेशक लाभान्वित होंगे। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में इन कर्मियों की भूमिका अहम है और सरकार उनके सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मानदेय बढ़ोतरी के साथ ही ट्रांसफर नीति लागू करने व पांच लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की भी घोषणा की गई है। जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनेंगे। इसके लिए 580 करोड़ की व्यवस्था की है। शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार व अनुदेशकों को 17 हजार देंगे।

### नौ वर्षों में पहली बड़ी बढ़ोतरी

सूत्रों के अनुसार यह मानदेय वृद्धि एकमुश्त 8 हजार रुपये की है, जो नौ वर्षों में पहली बड़ी बढ़ोतरी है। शिक्षा कर्मियों का कहना है कि महंगाई के बीच यह फैसला आर्थिक संबल देगा।

### शिक्षामित्रों का सफर

- 2001 : नियुक्ति के समय 1500 मानदेय
- 2005 : मानदेय बढ़कर 2400 रुपये

मायावती सरकार : 3000 रुपये मानदेय, दो वर्षीय बीटीसी कोर्स शुरू

- 2014 : अखिलेश सरकार में पूर्णकालिक सहायक अध्यापक बने, करीब 43 हजार रुपये वेतन
- 25 जुलाई 2017 : सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर समायोजन रद्द, 3500 रुपये मानदेय पर वापसी
- 2017 : योगी सरकार ने मानदेय बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया
- 2026 : अब बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह

### फैसले के प्रमुख बिंदु

- 1.70 लाख शिक्षामित्र और अनुदेशक लाभान्वित
- शिक्षामित्रों को 18 हजार, अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह
- 2017 से अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय लागू
- सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश– सेवा समाप्त नहीं होगी
- ट्रांसफर नीति लागू की जाएगी
- 5 लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा

### अनुदेशकों की कानूनी लड़ाई का अंत

अनुदेशकों के मानदेय को लेकर 2017 से कानूनी संघर्ष चल रहा था। वर्ष 2017 में मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद इसे लागू नहीं किया गया। इसके बाद लखनऊ हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय नौ प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश दिया। राज्य सरकार की अपील पर डबल बेंच ने एक वर्ष के लिए भुगतान का निर्देश दिया। मामला आगे चलकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि लंबे समय से कार्यरत अनुदेशकों की सेवा समाप्त नहीं की जा सकती। वर्ष 2017 से 17 हजार रुपये मानदेय लागू किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद भी अनुदेशकों की सेवाएं स्वत: समाप्त नहीं होंगी।

ब्रीफ न्यूज

### एआई समिट में विरोध प्रदर्शन पर युवा कांग्रेस के 4 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को 'एआई इम्पैक्ट समिट' स्थल पर हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया और मामले में व्यापक साजिश के पहलू की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार के राज्य सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के राज्य अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिम्हा यादव के रूप में हुई है। (संबंधित राष्ट्रीय पेज पर)

### जेपी इंफ्राटेक के पूर्व एमडी ने तिहाड़ जेल में किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** जेपी इंफ्राटेक के पूर्व एमडी मनोज गौर ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। हाल में दिल्ली की एक अदालत ने घर खरीदारों से जुड़े धन शोधन मामले में उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। अंतरिम जमानत प्राप्त करने वाले गौर ने गुरुवार को आत्मसमर्पण कर दिया और अब वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली की कोर्ट ने 17 फरवरी को गौर की नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि उनके खिलाफ लगे आरोपों में आपराधिक विश्वासघात के आरोप शामिल हैं।

# जेई और उसकी पत्नी को 33 बच्चों के यौन शोषण में मौत की सजा

## पोर्न साइट पर डालते थे वीडियो, बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

- सुनवाई के दौरान सीबीआई की टीम भी कोर्ट में रही मौजूद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** नाबालिग बच्चों से यौन शोषण कर अश्लील वीडियो को पोर्न साइट में अपलोड करने के मामले में बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने चित्रकूट के सिंचाई विभाग के निलंबित जेई (अवर अभियंता) व उसकी पत्नी को फांसी की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की टीम भी कोर्ट में मौजूद रही।

मामला सन 2020 का है। सीबीआई को जानकारी मिली थी कि सिंचाई विभाग चित्रकूट में तैनात जेई रामभवन, चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे संगीन अपराध में लिप्त है। सीबीआई ने रामभवन को एसडीएम कालोनी स्थित किराये के मकान से गिरफ्तार किया था। वहीं साक्ष्य संकलन के दौरान सीबीआई को रामभवन की पत्नी दुर्गावती की भी संलिप्तता मिली थी। इसके बाद दुर्गावती को भी गिरफ्तार किया गया और दोनों को बांदा जेल में निरुद्ध किया गया था। सीबीआई की पूछताछ में रामभवन ने बताया था कि वह पांच से 16 साल के बच्चों को अपना शिकार बनाता था। उन्हें जाल में फंसाने के लिए वह इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का लालच देता था। बच्चों के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ऑनलाइन बेचा करता था, जिसके लिए उसे अच्छी खासी मोटी रकम मिलती थी। देश-विदेश के कई पोर्न गिरोहों के संपर्क में होने की बात भी उसने स्वीकारी थी। उसने यह भी बताया कि पीड़ित परिवारों को उनके बच्चों के अश्लील फोटो और वीडियो दिखाकर उन्हें ब्लैकमेल करता था और इसके एवज में उनसे पैसे मांगता था। इससे भी उसने अच्छी खासी रकम मिलती थी।

पिछले पांच साल से अधिक की अवधि में मामले की कई बार सुनवाई हुई और साक्ष्य संकलित किए गए। शुक्रवार को दोषसिद्ध पाए जाने पर बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा ने दोषी दंपती को मृत्युदंड की सजा सुनाई। अधिवक्ता सौरभ सिंह ने बताया कि इस घिनौने मामले में लगभग 33 नाबालिग बच्चों के शोषण की बात सामने आई।

चित्रकूट : फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद जेई व उसकी पत्नी( कपड़े से मुंह ढके) पुलिस गिरफ्त में।

### पीड़ित बच्चों को 10-10 लाख देने के आदेश

कोर्ट ने सभी पीड़ित बच्चों को 10- 10 लाख रुपये देने का भी आदेश पारित किया। सजा में किए गए जुर्माने को भी बच्चों को देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे अपराध न केवल पीड़ित बच्चों के जीवन को बर्बाद करते हैं, बल्कि समाज की नैतिक नींव को भी हिला देते हैं। यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरती गई तो यह समाज के लिए खतरनाक संदेश होगा। कोर्ट ने पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक उपचार और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही पीड़ितों को उचित मुआवजा, काउंसिलिंग और शिक्षा-संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को झटका, रद्द किए टैरिफ

- उच्चतम न्यायालय ने 6-3 के बहुमत से सुनाया फैसला, कहा- उन्हें टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप को झटका देते हुए उनके द्वारा कई देशों पर थोपे गए टैरिफ के आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया। कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया। कोर्ट के इस फैसले से ट्रंप के आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका लगा है। सुनाए गए इस फैसले का केंद्र बिंदु आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत लगाए गए शुल्क हैं, जिनमें लगभग हर दूसरे देश पर लगाए गए व्यापक पारस्परिक शुल्क भी शामिल हैं।

कोर्ट ने पाया कि संविधान बहुत स्पष्ट रूप से कांग्रेस को कर लगाने की शक्ति देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने फैसले में लिखा, संविधान निर्माताओं ने कराधान की शक्ति का कोई भी हिस्सा कार्यपालिका शाखा को नहीं सौंपा। न्यायमूर्ति सैमुअल एलिटो, न्यायमूर्ति क्लेरेंस थॉमस और न्यायमूर्ति ब्रेट कावानाघ ने असहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति कावानाघ ने लिखा, यहां जिन शुल्कों पर चर्चा हो रही है, वे नीति के लिहाज से उचित हो सकते हैं या नहीं हो सकते हैं। लेकिन लिखित प्रमाण, इतिहास और पूर्व उदाहरणों के आधार पर, ये स्पष्ट रूप से वैध हैं। शुल्क संबंधी निर्णय से ट्रंप को अन्य कानूनों के तहत शुल्क लगाने से नहीं रोका जा सकता। हालांकि इन प्रावधानों से ट्रंप की कार्रवाइयों पर अधिक सीमाएं लग जाती हैं, फिर भी प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि वे अन्य अधिकारों के तहत शुल्क ढांचे को यथावत रखने की उम्मीद करते हैं। राष्ट्रपति इस मामले में मुखर रहे हैं और इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण मामलों में से एक बताया है।

### ट्रंप ने 2025 में कई देशों पर लगाए थे पारस्परिक शुल्क

ट्रंप ने अप्रैल 2025 में ज्यादातर देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाए, ताकि व्यापार घाटे को दूर किया जा सके, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था। ये कदम तब उठाए गए जब उन्होंने कनाडा, चीन और मैक्सिको पर शुल्क लगाए, जिसका मकसद मादक पदार्थों की तस्करी की आपात स्थिति से निपटना था। इसके बाद कई मुकदमे दायर किए गए। चुनौती देने वालों ने दलील दी कि आपातकालीन शक्तियों के कानून में शुल्क का उल्लेख तक नहीं है और ट्रंप द्वारा इसका उपयोग कई कानूनी समीक्षाओं में विफल रहता है, जिसमें एक ऐसी समीक्षा भी शामिल है।

# सुप्रीम आदेश : बंगाल में एसआईआर की निगरानी करेंगे न्यायिक अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों की तैनाती का शीर्ष कोर्ट ने दिया निर्देश

पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध को लेकर नाखुशी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में विवादों से घिरी मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का शुक्रवार को असाधारण निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप और विश्वास की कमी पर खेद जताते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई नए निर्देश जारी किए।

पीठ ने तार्किक विसंगति सूची में शामिल तथा मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे व्यक्तियों के दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया। वर्ष 2002 की मतदाता सूची से संतानों के संबंध में तार्किक विसंगतियों में माता-पिता के नाम का मेल न होना और मतदाता तथा उनके माता-पिता की आयु में 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक का अंतर होना शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल से पश्चिम बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए कुछ न्यायिक अधिकारियों को मुक्त करने और पूर्व न्यायाधीशों को खोजने के लिए कहा।

### 28 तक मसौदा सूची प्रकाशन की अनुमति

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी तक राज्य में मतदाताओं की मसौदा सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी और साथ ही निर्वाचन आयोग को बाद में पूरक सूचियां जारी करने की भी अनुमति दी। पीठ ने कहा कि यदि 28 फरवरी के बाद पूरक मतदाता सूचियां जारी की जाती हैं, तो किसी को कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि मतदाताओं के नाम चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक शामिल किए जा सकते हैं।

# मानहानि मामले में राहुल के बयान दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

- गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा मामला, अगली सुनवाई 9 मार्च को

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में सुबह 10:40 बजे पेश हुए, जहां उन्होंने मानहानि प्रकरण में बयान दर्ज कराया।

उनके साथ उनके अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल मौजूद रहे। वहीं, परिवादी विजय मिश्र अपने अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ अदालत में उपस्थित रहे। करीब 45 मिनट चली कार्यवाही में राहुल गांधी ने आठ प्रश्नों के उत्तर देते हुए आरोपों से इंकार करते हुए कहा कि यह मुकदमा सस्ती लोकप्रियता पाने , मेरी व कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए राजनीतिक दुर्भावनावश दायर किया गया है। बयान दर्ज करने के उपरांत मामले मे सफाई साक्ष्य की सुनवाई के लिए अदालत ने अगली तारीख 9 मार्च निर्धारित की है।

# बाइकों की भिड़ंत में परीक्षार्थी समेत 2 की मौत

**असमोली/ओबरी।** टांडा कोठी-रतनपुर कलां मार्ग पर तेलीपुरा और सैदरी टेंपो स्टैंड के बीच शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे छात्र समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो छात्र सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

थाना क्षेत्र के गांव खेमपुर निवासी दीपक कुमार (17) पुत्र कमल सिंह गांव के प्रथमा ग्रामीण उद्योग जूनियर हाईस्कूल में कक्षा 10 का छात्र था। शुक्रवार को वह गांव के ही अभय और विशाल पासी के साथ बाइक से प्रथम पाली की हाईस्कूल परीक्षा देने चौधरी निहाल सिंह इंटर कॉलेज, शाहपुर चमारान जा रहा था। इसी दौरान सामने से एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर सिसौना निवासी मिन्जार पुत्र मुख्तियार अपने साथी सलमान निवासी गौजनी मिलक के साथ बाइक से गन्ना सेंटर जा रहा था। जैसे ही दोनों बाइकें तेलीपुरा के पास पहुंचीं वैसे ही आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में छात्र दीपक कुमार व दूसरी बाइक पर सवार मिन्जार की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठे अभय, विशाल पासी और सलमान गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी और तीनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक दीपक और मिन्जार के परिजन मौके पर पहुंच गए।

दीपक कुमार (फाइल)

- हादसे में तीन घायल हाई स्कूल का छात्र था दीपक कुमार

रणनीतिक गठजोड़ | एआई समिट में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर, महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना प्राथमिकता

# भारत का अमेरिका से समझौता, पैक्स सिलिका का बना हिस्सेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक गठजोड़ पैक्स सिलिका में शामिल हो गया है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों व कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है। यहां में एआई इम्पैक्ट समिट में आयोजित एक समारोह में गठबंधन में शामिल होने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

वहां उपस्थित लोगों में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, आर्थिक मामलों के लिए अमेरिकी उप विदेश मंत्री जैकब हेलबर्ग और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर शामिल थे। यह कदम दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और संबंधों में गंभीर तनाव के दौर के बाद द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कई अन्य पहलों पर आगे बढ़ने के प्रयासों के बीच आया है।

गोर ने कहा, व्यापार समझौते से लेकर पैक्स सिलिका और रक्षा सहयोग तक, दोनों देशों की साथ काम करने की संभावनाएं वास्तव में असीमित हैं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि पैक्स सिलिका में भारत का प्रवेश केवल एक प्रतीकात्मक कदम नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक कदम है जो द्विपक्षीय संबंधों की समग्र दिशा को और मजबूत करेगा। भारत ऐसा देश है जहां प्रतिभा का भंडार है, जो प्रतिद्वंद्वियों को चुनौती देने के लिए काफी है। भारत की इंजीनियरिंग क्षमता इस महत्वपूर्ण गठबंधन के लिए आवश्यक योग्यताएं प्रदान करती है। प्रतिभा के अलावा, भारत ने महत्वपूर्ण खनिज प्रसंस्करण क्षमता की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति की है और हम इसमें भी पूरी तरह से सहभागिता कर रहे हैं। गोर ने सुझाव दिया कि अमेरिका पैक्स सिलिका ढांचे के तहत भारत से एआई प्रौद्योगिकियां साझा कर सकता है। अमेरिकी उप विदेश मंत्री हेलबर्ग ने भारत के फैसले की सराहना की और पैक्स सिलिका को आपूर्ति श्रृंखलाओं में दबाव की रणनीति व ब्लैकमेल के खिलाफ पहल बताया, जिसे चीन की ओर एक स्पष्ट इशारा माना जा रहा है।

नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ संग कृषि, शिक्षा में एआई की संभावनाओं पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ शुक्रवार को बैठक की और कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री के साथ आयोजित गोलमेज बैठक में 16 एआई एवं डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ तथा संस्थापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मोदी ने मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर दिया, दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा और भारत की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने यूपीआई को सरल एवं व्यापक डिजिटल नवाचार का उदाहरण बताते हुए भारतीय कंपनियों पर विश्वास जताया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, बिगड़ी हालत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी है। गांव खानपुर निवासी नन्नू पुत्र विक्रम मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। जिला अस्पताल में परिवार वालों ने बताया कि नन्नू ने घर पर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। तबीयत बिगड़ने और उल्टियां होने लगी तो जानकारी हुई। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर हालत नाजुक बता रहे हैं। सूचना पर संबंधित थाने की पुलिस भी जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार परिजनों का बयान लिया गया है।

### सुबह शाम हल्की ठंड दिन में असहनीय धूप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम हर दिन नया रंग दिखा रहा है। कभी हल्का कोहरा और बादल छा रहा है तो अगले दिन चटख धूप दिन में असहनीय हो रही है। सुबह और शाम हल्की ठंड है तो दिन में धूप सहने लायक नहीं रह रही है। पार्क और सड़कों पर दोपहर में चहल पहल कम दिख रही है। शुक्रवार को भी सुबह से निकली चटख धूप दिन में असहनीय रही। फरवरी में मौसम का रंग बदल रहा है। दो दिन पहले सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए तो ऐसा लगा कि अभी ठंड जाने वाली नहीं है। लेकिन अगले ही दिन धूप तपने लगी। शुक्रवार को सुबह हल्की ठंड रही। लेकिन धूप निकलने के बाद दोपहर में यह सहने लायक नहीं रही। बहुत से लोग स्वेटर जैकेट में निकले तो कई शर्ट और टीशर्ट में भी नजर आए। कड़ी धूप से बचने के लिए लोग छांव तलाशते रहे। हालांकि शाम ढलने पर धूप से राहत मिली और रात में हल्की ठंड रही।

### पुलिस ने भटकी किशोरी परिजनों से मिलाई

**रामनगर, अमृत विचार :** मित्र पुलिस ने नाबालिग को उनके परिजनों से मिलाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई है। पहली घटना में मुरादाबाद की 14 वर्षीया छात्रा प्रिया पुत्री राजकुमार को कोसी बैराज के समीप देखा गया। गुरुवार रात को कांस्टेबल प्रीतम चौधरी और कांस्टेबल नरेंद्र कुमार की ड्यूटी वहां लगी थी। दोनों सिपाही उसे रामनगर कोतवाली लाए। पूछताछ पर छात्रा ने पहचान बताई और कोतवाली पुलिस ने मुरादाबाद स्थित उसके परिवार को सूचना देकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# दिन दहाड़े फावड़े से प्रहार कर मजदूर की हत्या

## पुलिस के अनुसार मानसिक मंदित है आरोपी, खाना खाते वक्त आरोपी ने किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

अमृत विचार : शक और तेज आवाज में बात करने से नाराज आरोपी ने खाना खा रहे मजदूर पर फावड़ा से शुक्रवार को हमला कर दिया। जिससे मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी ने मजदूर पर महिलाओं को घूरने का आरोप लगाते हुए सवाल जबाव किए। श्रमिक ने भी तेज आवाज में बात की तब आरोपी ने हमला कर दिया। दिन दहाड़े हुई हत्या से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर एएसपी कुलदीप सिंह, सीओ आलोक सिद्धू थाना जुनावाई प्रभारी अखिलेश प्रधान और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच की। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

संभल जिले के गुन्नौर तहसील के थाना जुनावाई के गांव मिठनपुर में जेएमडी ग्वालियर कंपनी की ओर से बीएसएनएल की फाइबर लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। लाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई का काम मजदूर कर रहे हैं। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे काम करने के बाद लखीमपुर खीरी जनपद के थाना ईसानगर के गांव मिसरी निवासी ओमकार पासी (29) पुत्र शंभू खाना खा रहा था। इसी बीच मौके पर अलीगढ़ जिले के थाना दादो के गांव अटा निवासी राजबहादुर यादव पुत्र रामप्रसाद मौके पर पहुंच गया। वह ओमकार से विवाद करने लगा। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता। राजबहादुर ने पास रखे फावड़ा को उठाया और ओमकार पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। ओमकार के साथ में काम कर रहे मजदूर दौड़कर मौके पर पहुंचे और उसे उठाकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर एएसपी कुलदीप सिंह, सीओ आलोक सिद्धू और जुनावाई पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए। वहीं आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

संभल के जुनावई में मजदूर की हत्या के बाद पड़ताल करती फॉरेंसिक टीम।

- बीएसएनएल की अंडरग्राउंड फाइबर डालने वाली मशीन पर काम कर रहा था मजदूर

### ऐसा किया तो अंजाम बुरा होगा...

पुलिस के अनुसार राजबहादुर को कोई नहीं जानता है। क्योंकि वह अलीगढ़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। शुक्रवार को जब ओमकार खाना खा रहा था। तभी राजबहादुर मौके पर पहुंचा और कहने लगा कि तू यहां बैठकर महिलाओं को घूर रहा है। अब ऐसा किया तो अंजाम बुरा होगा। ओमकार ने भी आरोपी से तीखी आवाज में बात की। इससे वह आक्रोशित हो गया और ओमकार पर हमला कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी को पहली बार देखा गया है। हालांकि पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। एएसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपी मानसिक मंदित मालूम पड़ रहा है। उसका ओमकार से कोई विवाद नहीं था। कहासुनी होने पर हत्या कर दी।

### हमले के वक्त अकेला था ओमकार

ओमकार के ससुर ने पुलिस को बताया कि जिस वक्त ओमकार खाना खा रहा था। उस वक्त आसपास कोई नहीं था। ओमकार के कुछ साथी पानी के लिए गए थे। वहीं कुछ लोग खाना खा रहे थे। इससे पहले किसी को कुछ पता चलता आरोपी राजबहादुर ने ओमकार पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ठेकेदार रजनीश त्यागी ने बताया कि मजदूर बीएसएनएल की पाइपलाइन डालने का काम कर रहे थे और खाना खाते समय पीछे से हमला किया गया। इस प्रकरण में ओमकार के बहनोई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

> मृतक के बहनोई की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ लग रहा है।
>
> – कुलदीप सिंह, एएसपी

## 22 को बूथों पर मिलेंगे बीएलओ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 6 मार्च तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्रारूप 6 में नाम बढाने और प्रारूप-7 में नामावली में मौजूद किसी प्रविष्टि पर आपत्ति और प्रारूप-8 में किसी भी नाम में संशोधन के लिए 22 फरवरी रविवार को सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी /अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए 22 फरवरी को विशेष बूथ दिवस पर सभी बीएलओ बूथों पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि 22 फरवरी को अपने निकटतम बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम शामिल करा सकते हैं। किसी भी बूथ पर बीएलओ के उपस्थित न होने की स्थिति में शिकायत टोल फ्री नम्बर 0591-1950 या 0591-2970080 पर की जा सकती है।

# पत्नी के अवैध संबंधों के चलते पति ने दे दी जान

संवाददाता, बिलासपुर

- बेटी ने मां और उसके प्रेमी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- डिबडिबा की घटना, बिलासपुर थाना पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** उत्तराखंड से सटे गांव डिबडिबा में व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बेटी ने मां और उसके प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहल्ला रम्पुरा रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी मनीषा देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 27 साल पहले उनकी मां हरिया देवी की शादी डिबडिबा निवासी छोटे लाल से हुई थी। वह छह भाई-बहन हैं। छह साल पहले मां ने ऊधमसिंह नगर के थाना ट्रांजिट कैंप के गांव फुलसुंघी निवासी विजय साहनी से दिल्ली में कोर्ट मैरिज कर ली और उसके साथ रहने लगी थीं। छह महीने पहले मां डिबडिबा आकर छोटे लाल के साथ रहने लगीं, लेकिन विजय साहनी से संबंध नहीं तोड़े। विजय अक्सर डिबडिबा आता-जाता था। इसी बात को लेकर गुरुवार को पिता छोटे लाल का मां हरिया देवी से झगड़ा हुआ। इसके बाद पिता ने जहर खा लिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी चंद्रवीर सिंह ने बताया कि मौके से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए रात में ही फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई थी। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मनीषा की तहरीर पर हरिया देवी और विजय साहनी के विरुद्ध बीएनएस की धारा-108 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज विवेचना शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, जांच के तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पति पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को मझोला थाना क्षेत्र की एक महिला ने पति पर उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाकर मझोला थाना पुलिस को तहरीर दी। पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह अमरोहा के थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव मुनव्वरपुर उर्फ मुनीमपुर निवासी शिवम के साथ हुआ था। कुछ समय बाद विवाद शुरू हो गया, जिसके चलते वह मायके आ गई। पति ने नाराजगी के दौरान उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फिलहाल पीड़िता द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों की जांच की जा रही है तथा साइबर टीम को भी तकनीकी परीक्षण के लिए लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि फिलहाल पुलिस साक्ष्य जुटा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद तथ्य सामने आने की संभावना है।

# प्रदर्शन खराब, मंडी सचिव सहित तीन को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में शामिल मंडी सचिव, आबकारी अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भू-पट्टा आवंटन एवं स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष आवंटन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। आईसीडीएस की समीक्षा के दौरान अतिकुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में मात्रात्मक के साथ-साथ गुणात्मक प्रगति भी सुनिश्चित की जाए तथा बेहतर प्रदर्शन प्रदर्शित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पूर्ण किए जा चुके निर्माण कार्यों को संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर समय से हैंडओवर करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर अंकित सभी इंडीकेटरों की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं की सतत समीक्षा करें। निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए।

सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक करते डीएम अजय कुमार द्विवेदी। ● अमृत विचार

- डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

# बच्चों से छेड़छाड़ कर नपुंसक बनाने की साजिश का आरोप

संवाददाता, बिलासपुर(रामपुर)

- कार्रवाई न होने से अभिभावकों में रोष, मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

**अमृत विचार :** गांव मुल्लाखेड़ा में अभिभावकों ने प्रेसवार्ता कर सेंट फ्रांसिस स्कूल पर कई आरोप लगाए। अभिभावकों ने प्रिंसिपल पर बच्चों के गुप्तांगों से छेड़छाड़ कर उन्हें नपुंसक बनाने की साजिश रचने के आरोप लगाए हैं।

बीती 10 फरवरी को जब यह मामला सामने आया, तो आरोपी ने माफी मांग ली थी। लेकिन 14 फरवरी को दोबारा हरकतें करने पर अभिभावकों के सब्र का बांध टूट गया। 16 को अभिभावकों ने स्कूल पहुंच कर खूब हंगामा किया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पॉक्सो आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। बताया कि इस घिनौनी हरकत के कारण पिछले कई महीनों से बच्चे चुपचाप स्कूल से नाम कटवा रहे थे। पंजाबनगर गुरुद्वारे में मैनेजमेंट के साथ हुई बैठक में स्कूल प्रबंधन ने गलती स्वीकार की थी, इसके बावजूद आरोपी के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से समाज में रोष है। अब वह मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस प्रकरण में हस्तक्षेप कर विद्यालय की मान्यता रद्द करने की मांग करेंगें। चेतावनी दी है कि, यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो सिख समाज और अभिभावक आंदोलन करेंगे।

# प्रकरण रजिस्टर में व्यवस्थित न होने पर डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न कार्यालयों व पटलों व अनुभागों का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने स्थानीय निकाय अनुभाग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन, आबकारी और वाद, परिवाद, भूमि व्यवस्था, राजस्व सहायक पटल, राजस्व अभिलेखागार, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय, भूलेख कार्यालय, नजारत, स्टांप और शस्त्र अनुभागों का निरीक्षण किया। सभी अनुभागों में होने वाले प्रशासनिक कार्यों की प्रगति प्रभारी अधिकारी और पटल सहायकों से पूछी। स्थानीय निकाय अनुभाग में उन्होंने बजट की उपलब्धता और व्यय की स्थिति की जानकारी ली। कहा कि आगत और निर्गत रजिस्टर व्यवस्थित रखें। डाक रजिस्टर में भी सभी प्रविष्टियां स्पष्ट रूप से दर्ज करें। ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण में अभिलेखीय परीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी ऑडिट आपत्तियां जो थोड़े प्रयास मात्र से ही निस्तारित हो सकती हैं उन्हें अनावश्यक लंबित रखने के बजाय यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए साथ ही महालेखाकार कार्यालय से प्राप्त ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण के प्रति विशेष गंभीरता बरती जाए। राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति संबंधी पंजिका के निरीक्षण में कई वर्षों से लंबित वाद के संबंध में उन्होंने एडीएम प्रशासन से जानकारी लेकर कहा कि तहसीलों से समन्वय कर निस्तारण में तेजी लाएं। परिवाद पटल पर आने वाले प्रकरणों के रजिस्टर में व्यवस्थित रूप से दर्ज न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय सहित शासन स्तर के कार्यालयों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने सभी पटल सहायकों को निर्देश दिया कि अभिलेखों के रखरखाव में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सूचनाओं के आदान प्रदान में समय का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

- कलेक्ट्रेट कार्यालयों का किया वार्षिक निरीक्षण, पटल सहायकों को अभिलेख ठीक रखने को कहा

# शिवकुमार की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विभाग ने शराब के नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोप: शराब पीने के बाद बिगड़ी भाईयों की हालत

**अमृत विचार :** शराब पीने के बाद हुई एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित रख लिया है, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

लाइनपार प्रकाश नगर निवासी शिवकुमार की गुरुवार को मृत्यु हो गई थी। परिजनों का कहना है कि शिवकुमार ने अपने भाई के साथ शराब का सेवन किया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। वहीं उसके भाई की हालत भी खराब होने की बात सामने आई है। मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी. सिंह ने बताया कि मामले में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन रिपोर्ट में मृत्यु का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया। विसरा सुरक्षित कर लिया गया है और लैब रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर जिला आबकारी अधिकारी रवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शराब से मौत की आशंका को देखते हुए आबकारी टीम को संबंधित शराब की दुकान पर भेजा गया। वहां से शराब के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस और आबकारी विभाग मामले की जांच कर रही है।

## बरात में मारपीट नगदी व जेवर छीने

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद के दौलत बाग बाल्मीकि बस्ती निवासी एक व्यक्ति बरात में लूट और मारपीट का आरोप लगाते हुए डीआईजी से मिलने पहुंचे। उन्होंने डीआईजी के पीआरओ को प्रार्थना देकर कार्रवाई की मांग की।

राजेन्द्र पुत्र बट्टन के पुत्र की बारात 19 फरवरी को ग्राम मनोटा स्थित एक बैंकट हॉल थाना एजोंडा जिला संभल गई थी। आरोप है कि रात करीब 11:30 बजे कुछ लोग लूट की नीयत से बरात स्थल पर पहुंचे। आरोपियों ने उसे गार्डन में अकेला पाकर तमंचा व धारदार हथियार के बल पर लगभग 1,30,000 रुपये नगद से भरा बैग और सोने की अंगूठी छीन ली तथा मारपीट की। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे दो अन्य लोगों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। सूचना पुलिस को दी गई। पीड़ित का आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं की और सुबह थाने आने को कहा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पंडित नगला ब्रिज के निर्माण में फंसा एचटी लाइन का पेंच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** करूला, पीतलनगरी, कटघर, ट्रांसपोर्ट नगर, आजाद नगर के लोगों के लिए अहम पंडित नगला रेलवे क्रासिंग पर बन रहे उपरिगामी सेतु के कार्य में हालांकि हाइटेंशन (एचटी) लाइन का पेंच अभी है। लेकिन निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा होने की बात कही जा रही है। इसके पूरा होने से हजारों लोगों को यहां से होते हुए चंदौसी रोड तक आने जाने में आसानी हो जाएगी।

कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम (ब्रिज कारपोरेशन) की ओर से इस महत्वपूर्ण उपरिगामी सेतु का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग दो साल से चल रहे कार्य के चलते लोगों को असुविधा भी हो रही है। लेकिन इस ब्रिज के बनने से रेलवे क्रासिंग पर जाम की स्थिति में लोगों को नहीं फंसना पड़ेगा।

वह सीधे ब्रिज पार कर अपने गंतव्य को पहुंच जाएंगे। इस पुल से होकर चंदौसी तक आवागमन हो सकेगा। कार्य करा रहे ठेकेदार रमेश सिंह का कहना है कि निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। गुरुवार को चार और शुक्रवार को छह गर्डर रखे गए हैं। जरूरत के अनुसार अन्य कार्य कराया जा रहा है। एचटी लाइन के चलते काम प्रभावित हो रहा है। इसे और ऊंचा कराए जाने के बाद काम तेजी से पूरा होने की स्थिति में आ जाएगा।

पंडित नगला ब्रिज पर गर्डर रखते मजदूर।

- दो दिन में पुल निर्माण के दौरान रखे गए 10 गर्डर

## स्वच्छ भारत मिशन में बेहतर समन्वय जरूरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगरीय निकाय निदेशालय के सहायक निदेशक सतपाल सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ से आए निदेशालय विशेषज्ञों की टीम की मौजूदगी में स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया

प्रशिक्षण सत्र में मिशन के विभिन्न घटकों, नवीन दिशा-निर्देशों, मॉनिटरिंग प्रणाली और जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे नगरीय निकाय निदेशालय के सहायक निदेशक सतपाल सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। निगम की आईईसी के टीम लीडर आदित्य शर्मा ने सहायक निदेशक का वेस्ट सामग्री से निर्मित साइकिल भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी मुरादाबाद, डिप्टी कलेक्टर संभल, एसडीएम रामपुर सहित मंडल के जिलों के अधिशासी अधिकारी, नोडल अधिकारी, डीपीएम एवं डिविजनल अधिकारी विश्वास कुमार आदि उपस्थित रहे।

**योजना का मिला लाभ** | सीएम युवा योजना मेगा ऋण वितरण शिविर में 22 लाभार्थियों को दिए चेक

# स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनें युवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीएम युवा योजना मेगा ऋण वितरण शिविर शुक्रवार को हिन्दू डिग्री कॉलेज में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार रहे। उन्होंने लाभार्थियों को चेक वितरित कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत सिंह रावत ने भी लाभार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

शिविर में योजनाओं के अंतर्गत युवाओं को ऋण संबंधी जानकारी दी गई। पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया बताई गई। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने युवाओं को स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आपको नौकरी लेने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनना है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अवस्थापना व निवेश काफी किया जा रहा है। इसका लाभ युवा द्यम स्थापित कर उठा सकते हैं। सीएम युवा ऐप डाउनलोड कराया गया। कहा कि यह नया क्रांतिकारी कदम साबित होगा। योजना के लाभार्थी रंजीत सिंह और सचिन ने उद्यम स्थापित करने का अनुभव साझा किया। शिविर में योजना के अंतर्गत 22 लाभार्थियों को चेक वितरित किया गया। इस दौरान लीड बैंक प्रबंधक पंकज शरण, भारतीय स्टेट बैंक से मनोज कुमार, चीफ मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक से प्रवीण शाक्य, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से अरूण कुमार जिला समन्वयक, बैंक आफ इण्डिया से अभय रस्तोगी सहित अन्य बैंकों के प्रतिनिधि और जिला उद्योग केंद्र से योगेश कामेश्वर, सहायक आयुक्त उद्योग आदि मौजूद रहे।

शिविर में चेक पाने वाले लाभार्थी व उपस्थित अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

- हिंदू डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

### कुल 90 लाख मिले

प्रमोद सैनी को रुपये पांच लाख, मनी गुप्ता को 4 .25 लाख, समक्ष धारीवाल को 4 .74 लाख, नूर मोहम्मद और सचिन को पांच-पांच लाख और मोहम्मद नाजिम को रुपये 4 .25 लाख के चेक सहित बैंकों के माध्यम से कुल 90 लाख रुपए के चेक वितरित किए गए।

| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शनिवार शाम | रविवार सुबह |
| सुन्नी: 6:12 | सुन्नी: 5:23 |
| शिया: 6:22 | शिया: 5:20 |

## न्यूज ब्रीफ

### मानदेय बढ़ा, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों में खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश में शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये मानदेय और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय अप्रैल से देने की मुख्यमंत्री की घोषणा से उनमें खुशी है। अनुदेशकों का कहना है कि लंबे संघर्ष व इंतजार के बाद आस पूरी हुई है। इससे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को बढ़े मानदेय की घोषणा कर इसे अप्रैल से लागू करने की बात कही। शिक्षामित्र भी लंबे समय से मानदेय बढ़ोत्तरी की राह देख रहे थे वहीं अनुदेशकों का अल्प मानदेय उनमें हीन भावना बढ़ा रही थी। अब उनकी कानूनी लड़ाई का अंत हो गया है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में आदेश दिया था। उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसो .के जिला उपाध्यक्ष विष्णु भारद्वाज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने रास्ता आसान कर दिया था।

### बेकरी प्रशिक्षण में सुनीता प्रथम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जिला पंचायत परिसर में संचालित राजकीय खाद्य विज्ञान एवं प्रशिक्षण केंद्र में एक माह के लिए कुकरी पाककला/ बेकरी प्रशिक्षण पूरा हुआ। सहायक प्रभारी राजकीय खाद्य विज्ञान एवं प्रशिक्षण केंद्र नौ सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों के द्वारा तैयार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के आधार पर पुरस्कृत किया गया। सुनीता को ड्राई फ्रूट केक बनाने में प्रथम, पायल आर्य को पावभाजी बनाने के लिए द्वितीय और आयशा खातून को पनीर वेज कटलेट बनाने के लिए तृतीय पुरस्कार दिया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में 30 प्रशिक्षार्थियों को विषय विशेषज्ञों ने पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षित किया।

# होली करीब, नहीं हुई होलिका दहन समितियों की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रमजान में होली पड़ने से कानून व्यवस्था बनाए रखने को करनी पड़ेगी कड़ी मशक्कत

**अमृत विचार:** होली चार मार्च को पड़ेगी। 24 फरवरी से होलाष्टक प्रारंभ हो जाएगा। एक तरफ जहां बाजार और घरों में उल्लास व उमंग से होली मनाने की तैयारियां चल रही हैं। वहीं दूसरी ओर अभी तक प्रशासनिक स्तर पर होलिका दहन समितियों की बैठक नहीं हुई है। इस बार रमजान के महीने में होली पड़ने से कानून व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।

होली पर इस बार भी कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। परंपरागत तरीके से होली खेली जाएगी। होलिका दहन के लिए स्थानों की सूची को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। क्योंकि अभी प्रशासनिक स्तर पर होलिका दहन कमेटियों के साथ बैठक नहीं हुई है। इसमें स्थानों की सूची को अंतिम रूप देने के साथ ही आपसी सौहार्द व सद्भाव से होली मनाने के लिए दिशा निर्देश दिया जाता है। महानगर में पूर्व के कई स्थानों पर होलिका दहन के लिए कमेटियों की ओर से तैयारियां भी चल रही हैं। हालांकि रमजान महीने को देखते हुए दो दिन पूर्व एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने अपने कार्यालय में पीस कमेटी की बैठक में नागरिकों को आपसी सौहार्द के साथ त्योहारों को मनाने का निर्देश दिया था।

## लाजपत नगर और गुलाबबाड़ी में कार्रवाई, डॉक्टर अनुपस्थित और स्टाफ अप्रशिक्षित मिला

# बिना पंजीकरण चल रही लैब पर छापा, एशियन पैथलैब सहित दो सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छापेमारी के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं

**अमृत विचार :** शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में अवैध रूप से संचालित हो रही पैथोलॉजी लैबों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो पैथलेब को सील कर दिया। यह कार्रवाई लाजपत नगर स्थित रस्तोगी इंटर कॉलेज के पास और गुलाबबाड़ी क्षेत्र में की गई। छापेमारी के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं।

लाजपत नगर में एशियन पैथलेब पर डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल और एसीएम प्रिंस वर्मा के नेतृत्व में टीम ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान मौके पर कोई अधिकृत डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। लैब में कार्यरत स्टाफ से जब योग्यता और प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण मांगे गए तो वे जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। टीम द्वारा लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र मांगे जाने पर स्पष्ट हुआ कि पैथलेब का वैध पंजीकरण ही नहीं कराया गया था।

निरीक्षण के दौरान लैब में रखी जांच मशीनें, सैंपल कलेक्शन से जुड़ी सामग्री, रजिस्टर और अन्य अभिलेखों की भी जांच की गई। अनियमितताएं मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने पैथलेब में रखा उपकरण, दवाएं, रसायन व संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिए और केंद्र को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। इसके अलावा गुलाबबाड़ी क्षेत्र में भी एक अन्य पैथलेब बिना किसी वैध पंजीकरण के संचालित होती मिली। वहां भी न तो पंजीकरण प्रमाणपत्र मिला और न ही योग्य तकनीशियन के प्रमाण उपलब्ध कराए गए। टीम ने वहां से भी आवश्यक उपकरण और अभिलेख जब्त करते हुए पैथलेब को सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने कहा कि बिना अनुमति और प्रशिक्षित स्टाफ के लैब संचालन करना मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। गलत जांच रिपोर्ट के कारण इलाज प्रभावित हो सकता है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि आगे भी ऐसे संस्थानों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### लघुपुरा में बिना लाइसेंस चल रहा मेडिकल स्टोर पकड़ा, 90 हजार की दवाएं सीज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव लघुपुरा में ड्रग विभाग ने बिना लाइसेंस संचालित हो रहे एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर कार्रवाई की। विभाग की टीम ने मौके से करीब 90 हजार रुपये कीमत की एलोपैथिक दवाइयां बरामद कर सीज कर दीं। साथ ही दो संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर राजकीय प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। यह कार्रवाई आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई। ड्रग इंस्पेक्टर जयेंद्र कुमार ने थाना मैनाठेर पुलिस के साथ संयुक्त रूप से छापा मारा। उन्होंने बताया कि सहायक आयुक्त औषधि के निर्देश पर ग्राम लघुपुरा में जांच की गई, जहां धर्मेंद्र कुमार द्वारा बिना वैध औषधि विक्रय लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित किया जाना पाया गया। जांच के दौरान स्टोर में विभिन्न प्रकार की एलोपैथिक दवाइयां अवैध रूप से भंडारित मिलीं। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही दवाओं का सत्यापन किया और लाइसेंस संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन संचालक वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। ड्रग इंस्पेक्टर जयेंद्र कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान दो संदिग्ध दवाओं के नमूने भरे गए हैं, जिन्हें गुणवत्ता जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने और विवेचना पूरी होने के बाद संबंधित के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत परिवाद दाखिल किया जाएगा।

# इबादत और सेवा का पैगाम देता है रमजान

## रमजान के पहले जुमे पर बोले नायब शहर इमाम, जामा मस्जिद में उमड़े रोजेदार, की इबादत

जामा मस्जिद में नमाज पढ़ते रोजेदार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शहर की अन्य मस्जिदों में भी प्रशासन की चौकसी में शांति व अमन के साथ पढ़ी गई नमाज

**अमृत विचार :** रहमान महीने के पहले शुक्रवार को रोजेदारों ने जामा मस्जिद के साथ नगर की अन्य मस्जिदों में अनुशासन और शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा कर देश और शहर में आपसी भाईचारे, अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था मस्जिदों के आसपास रही।

रमजान के महीने में पहले जुमे को विशेष रूप से कोतवाली मुगलपुरा क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। सुबह से ही मस्जिद परिसर में लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। शहर के विभिन्न मोहल्लों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों रोजेदार जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। मस्जिद की सीढ़ियों तक नमाजियों की कतार में नजर आईं। नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से हुई। यहां नायब शहर इमाम सैयद मुफ्ती फहद अली ने नमाज अदा कराई। उन्होंने रमजान की अहमियत पर प्रकाश डालते संदेश दिया कि कि रमजान का महीना आत्मसंयम, इबादत और इंसानियत की सेवा का पैगाम देता है तथा सभी को आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। नमाजियों ने देश में अमन और शांति की दुआ की।

### सतर्क रहा पुलिस प्रशासन

नमाज के मद्देनजर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। मुगलपुरा कोतवाली में बैठ कर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी निगरानी करते रहे। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जामा मस्जिद चौराहे पर बैरिकेडिंग की गई थी। कोतवाली मुगलपुरा पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने नमाज के बीच जामा मस्जिद के नीचे तक दौरा किया। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा गया, जिससे नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद अकीदतमंद व्यवस्थित तरीके से घरों को लौट गए।

इफ्तारी के लिए फल खरीदते रोजेदार। ● अमृत विचार

# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं नेतृत्व क्षमता विकसित करना

एमओयू के दौरान मौजूद टीएमयू के वीसी व विग्नेश पी व डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टीएमयू ने एएलआईएफ के साथ एमओयू साइन किया

**अमृत विचार :** दुनिया के प्रसिद्ध हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर्स की ओर से समर्थित वैश्विक फाउंडेशन एएलआईएफ के साथ तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी ने एमओयू साइन किया है।

एस्पायरिंग लीडर्स इंडिया फाउंडेशन की ओर से एस्पायर इंडिया के लीड एमएंडई एंड एल्युमिनाई इंगेजमेंट विग्नेश पी और टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने हस्ताक्षर किए हैं। विग्नेश पी ने कहा कि एमओयू का उद्देश्य मॉडर्न एजुकेशनल मॉडल्स के साथ एआई बेस्ड एजुकेशन, कम्युनिटी लीडरशिप, इन्नोवेशन और लर्निंग इफेक्ट को बढ़ाना है। एमओयू के समय टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन मौजूद रहे। एमओयू के बाद एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों को अब वैश्विक मेंटरशिप, नेतृत्व प्रशिक्षण, रोजगारोन्मुख अवसर और इंटरनेशनल एल्युमिनाई नेटवर्क से जुड़ने के अवसर मिलेंगे।एमओयू से पूर्व मेडिकल एलटी में सीटीएलडी की ओर से आयोजित ओरियंटेशन सत्र में लीड एमएंडई एंड एल्युमिनाई इंगेजमेंट विग्नेश पी ने कहा कि मौजूदा समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना है।

# कृषि शस्य विज्ञान ने बढ़ाई चिंता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शुक्रवार को यूपी बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन हुई। सुबह की पाली में 10 वीं कक्षा में कुल 37162 छात्र परीक्षा देने पहुंचे 2406 ने परीक्षा छोड़ दी। 12 वीं के परीक्षार्थियों में से 118 ने परीक्षा दी 4 अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में 12 वीं कक्षा के 3459 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी 2003 ने परीक्षा छोड़ दी।

हाईस्कूल के छात्रों ने बताया कि अधिकतर प्रश्न सीधे एवं सरल थे। इंटर के छात्रों ने कृषि शस्य विज्ञान विषय के प्रश्नपत्र को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया दी। कुछ ने कहा कि पेपर सामान्य था, लेकिन कई प्रश्न विश्लेषणात्मक और लंबे उत्तर वाले थे, जिससे दिक्कत हुई। कई के अनुसार कुछ सवालों ने उन्हें उलझन में डाला। शाम की पाली में इंटरमीडिएट के अंग्रेजी विषय की अभिभावक भी केंद्रों के बाहर बच्चों का इंतजार करते दिखाई दिए। प्रथम पाली में हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान तथा इंटर कृषि शस्य विज्ञान भाग-1 एवं 2 की परीक्षा जनपद के 112 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई ।जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि हाईस्कूल में 39,568 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 37,162 उपस्थित रहे तथा 2,406 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर कृषि शस्य विज्ञान में 122 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 118 उपस्थित और 4 अनुपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में इंटर अंग्रेजी विषय की परीक्षा भी 112 केंद्रों पर संपन्न हुई। इसमें कुल 36,062 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 34,059 उपस्थित रहे तथा 2,003 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान 6 सचल दलों द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जि कोई भी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया। परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है।

परीक्षा के बाद आपस में चर्चा करते छात्र। ● अमृत विचार

- 6 सचल दलों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया

# चलो बुलावा आया है...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्रीराम बालाजी धाम बाबा नींव करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में बाबा नींव करोरी एकादश स्मृति एवं पांच दिवसीय स्थापना उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को नवग्रह व देवी देवताओं का पूजन किया गया।

काशी से आए आचार्य डॉ. घनश्याम त्रिपाठी ने यज्ञ का पूजन किया। यज्ञ में 21,000 आहुतियां दी गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत मिन्नी व रोहित का विवाह कराया गया, जिसमें सभी व्यवस्थाएं ट्रस्ट की ओर से की गई। संध्या काल में माता की चौकी में पंडित राजकुमार गोस्वामी ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, लांगुरिया जीसस आदि भजन गाए जिस पर भक्त झूमने लगे। शिव पार्वती विवाह और मां काली की झांकियां प्रस्तुत की गई। ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, विनीत गुप्ता, डॉ. विशेष गुप्ता, अनिल खन्ना, शशि चतुर्वेदी, परीश सक्सेना, विकास गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पूजा में भाग लेते ट्रस्ट के पदाधिकारी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### एमएलसी ने सदन में उठाई मुरादाबाद में राजकीय मेडिकल कॉलेज की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विधान परिषद में बजट सत्र 2026-27 का समर्थन करते हुए एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने सदन के माध्यम से प्रदेश सरकार से मुरादाबाद में राजकीय मेडिकल कॉलेज बनाने की मांग की। साथ ही उन्होंने महानगर के लाइनपार क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय कन्या महाविद्यालय बनाए जाने के मांग भी उठाई। उन्होंने लोको शेड से लेकर प्रभात मार्केट तक एलिवेटेड रोड का विषय भी उठाया। साथ ही इस बजट में बरेली में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग करते हुए सरकार की प्रशंसा की। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका ने दी।

### अमृतसर सम्मान समागम का हिस्सा बनेंगे नामित गवर्नर काव्य सौरभ व संजीव रस्तोगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दक्षिण एशिया गवर्नर समागम में सहभागिता के लिए नामित गवर्नर डॉ. काव्य सौरभ रस्तोगी एवं पीडीजी संजीव रस्तोगी रविवार को अमृतसर पहुंचेंगे। वह 22 फरवरी को अमृतसर में आयोजित दक्षिण एशिया गवर्नर समागम में भाग लेंगे। यह समागम अमृतसर स्थित ली मरीडियन होटल में रोटरी अंतरराष्ट्रीय के निदेशक गुरजीत सिंह सेखों के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नव-निर्वाचित निदेशक बसुदेव गोल्यान की भी उपस्थिति रहेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नामित गवर्नर डॉ. काव्य सौरभ रस्तोगी एवं पीडीजी संजीव रस्तोगी अपनी सक्रिय सहभागिता करेंगे। पीतल नगरी के हस्तशिल्प से उन्हें सम्मानित करेंगे। उन्होंने बताया कि यह समागम दक्षिण एशिया के रोटरी नेतृत्व के मध्य समन्वय, संवाद और सेवा-परियोजनाओं के विस्तार की दिशा में भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

### साईं पालकी यात्रा में उमड़े भक्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिरडी साईं करुणा संस्थान का 26वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। गुरुदेव डॉ. चन्द्रभान सतपथी ने साईं का आगन, गुरुग्राम में साई करुणा संस्थान की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया। श्री शिरडी साईं ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को शिरडी साई करुणा संस्थान में सुबह हवन के बाद श्री साईं का महाअभिषेक किया गया। दोपहर में आरती के बाद भंडारा किया गया। साईं के चरणों में सभी भक्तों ने माथा टेककर स्वस्थ जीवन व उज्जवल भविष्य की कामना की। वंचित महिलाओं को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। शाम को आरती के बाद भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। मनोज आहूजा, हरिनंदन कपूर ने पूजन किया। मनोज आहूजा, डॉ. सजय शाह, हरिनंदन कपूर, आलोक कत्याल, आकाश, जिम्मी भंडूला आदि ने गुरुदेव के बताए मार्ग पर निस्वार्थ भाव से चलकर जनसेवा का संकल्प लिया। यात्रा के समापन पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। ढोल ताशे, पालकी, भजन संध्या व अन्य आयोजनों में भक्तजन मौजूद रहे। पारस, अंकित वैभव, आकाश, आयुष, इशू, सोनू यादव, आदित्य, प्रदीप सैनी, दीपक, सत्य प्रकाश आदि ने योगदान दिया।

### आठ मार्च को होली मिलन समारोह मनाएगा ब्राह्मण महासभा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर की ओर से 8 मार्च को होली मिलन समारोह स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज में आयोजित करने की रुपरेखा पर चर्च बैठक में की गई। इसकी अध्यक्षता अनिल कुमार शर्मा ने की। वक्ताओं ने पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया। साथ स्वर्गीय लीला जेटली की स्मृति में दो विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि समारोह को रोचक एवं आकर्षक बनाने के लिए विविध सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएं, जो मनोरंजक के साथ शिक्षाप्रद भी हो। प्रदेश अध्यक्ष विमलेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस वर्ष का आयोजन समाज में सौहार्द, सद्भाव एवं समरसता का संदेश देने वाला होना चाहिए। बैठक में राजेंद्र मोहन शर्मा, अमित शर्मा, राकेश शर्मा, सत्येंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन महानगर महामंत्री सुनील कुमार शर्मा ने किया।

**बैठक** सीडीओ ने आईजीआरएस की शिकायतों को गंभीरता से निस्तारित करने के दिए निर्देश

# जरूरत पर तुरंत जांच टीम गठित कर कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक हुई। इसमें आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों तथा जनता दर्शन के दौरान दर्ज प्रार्थना पत्रों को अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड कर उनका संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को विकास भवन के बापू सभागार में शिकायत को लेकर आयोजित बैठक में सीडीओ ने स्पेशल क्लोज के बारे में जानकारी ली। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायत प्राप्त होते ही शिकायतकर्ता से संपर्क स्थापित करने, जियो टैग्ड फोटो सहित आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाने के निर्देश दिए। कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कर मौके पर ही फीडबैक लेना अनिवार्य होगा। यदि किसी प्रकरण में गहन जांच की आवश्यकता हो तो तत्काल जांच टीम गठित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से वार्ता अवश्य की जाए और उसे निस्तारण की जानकारी दी जाए। फील्ड सत्यापन की स्थिति में स्थल का निरीक्षण कर जियो टैग्ड फोटो एवं शिकायतकर्ता का बयान दर्ज करने के बाद ही शिकायत बंद की जाए।बैठक में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), विकास भवन के अधिकारी तथा विभिन्न विकास खंडों से संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। सभी खंड विकास अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करें और शिकायतों की आख्या स्वयं के हस्ताक्षर से ही अपलोड करें, ताकि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

विकास भवन में शिकायतों को लेकर बैठक करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी।

### सीडीओ ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत मोरा मुस्तकम में आयोजित ग्राम चौपाल में पहुंचकर जन समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। शुक्रवार को चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखीं ।सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मोरा की मिलक की कक्षाओं में छात्र-छात्राओं से उनके विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए पेड़-पौधे लगाने तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए केंद्र की स्थिति में सुधार, साज-सज्जा बेहतर करने और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बच्चों को प्रतिदिन शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियां कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नमाज पढ़ने जा रहे युवक के साथ मारपीट

**चौधरपुर, अमृत विचार :** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव पायती खुर्द निवासी मोहम्मद अरमान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह बृहस्पतिवार की शाम 6:00 बजे के समय नमाज पढ़ने मस्जिद में जा रहा था रास्ते में उसे गांव के ही हसनैन, अली शेर, शोएब, हसरती ने रोक लिया और गाली गलौज करने लगे जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हसनैन, अलीशेर, शोएब और हसरती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### झगड़ा करने का आरोपी गिरफ्तार

**भगतपुर, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को क्षेत्र के एक गांव में बरात के दौरान झगड़ा करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को शांतिभंग की आशंका के चलते उसका चालान किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि एक बरात के दौरान ग्राम चांदपुर निवासी विशाल उर्फ हैप्पी द्वारा झगड़ा किया जा रहा है जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शांति भंग की आशंका के चलते गिरफ्तार करने के बाद उसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार किया

**भगतपुर, अमृत विचार :** कुछ दिन पूर्व ग्राम कुकरझुंडी में शिव मंदिर पर भंडारे के दौरान राशन सामग्री देने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे। इसके बाद भगतपुर मोड़ पुलिया के पास दोनों पक्षों में दोबारा मारपीट व फायरिंग की घटना हुई थी, जिससे अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई थी। इस प्रकरण में एक पक्ष की ओर से दो रिपोर्ट दर्ज कराई गई थीं तथा उपनिरीक्षक विनीत कुमार की तहरीर पर भी कुछ आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मुरादाबाद पुलिस अधीक्षक (वरिष्ठ) के आदेशानुसार चलाए जा रहे एनबीडब्ल्यू/वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने अभियुक्त इसरार पुत्र शराफत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त मोहल्ला फतेहउल्लागंज, वार्ड नंबर 15, मछली बाजार थाना ठाकुरद्वारा का निवासी है।

# बसौड़ा मेले में गैर हिंदुओं के दुकान लगाने के विरोध में किया प्रदर्शन

## अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने होलिका देवी मंदिर कपूर कंपनी में लगने वाले बसौड़ा मेले में गैर हिंदुओं द्वारा दुकान न लगने देने और मेले में प्रवेश वर्जित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इससे संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि मुरादाबाद धार्मिक, सांस्कृतिक आस्था का केंद्र है। शहर में आए दिन मेले आदि लगते हैं। इसी क्रम में बसौड़ा का प्राचीन मेला होलिका देवी मंदिर कूपर कंपनी पर लगता है। इससे हिंदुओं की आस्था जुड़ी है। ऐसे में इस पवित्र स्थान पर किसी भी गैर हिंदू का प्रवेश इसकी पवित्रता में विघ्न है। इनके द्वारा मेले में ठेला, झूला और दुकान लगाने से हिंदू आस्था को ठेस पहुंचती है। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग महामंत्री गौरव सैनी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की किसी भी गैर हिंदू को मंदिर प्रांगण या मेला क्षेत्र में दुकानें आवंटित न की जाए। मेले में शांति व पवित्रता बनाए रखने के लिए एक विशेष टीम गठित की जाए। मेले के दौरान पार्किंग की प्रशासन उचित व्यवस्था कराए। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के महानगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, आनंद प्रजापति, चरण सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, इशांक भारद्वाज, गंगा राणा, रोहित भटनागर, सुशांत गुप्ता, ललित सैनी, सुनील कुमार, क्रिश शर्मा, अभिषेक सैनी, यश वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● प्रदेश अध्यक्ष ने कहा गैर हिंदू के प्रवेश करने पर हो सकता है विघ्न

## नींगू नंगला में दो तेंदुए दिखने से दहशत पिंजरा लगाने की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ क्षेत्र के ग्राम नींगू नंगला में दो तेंदुओं के अलग-अलग दिखाई देने से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने गांव में पिंजरा लगाए जाने की मांग वन विभाग से की है।

ग्राम नींगू नंगला निवासी राम सिंह ने बताया कि गुरुवार रात लगभग 11 बजे गांव निवासी शुभम बिश्नोई अपनी कार से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अलग-अलग स्थानों पर दो तेंदुए दिखाई दिए। एक तेंदुआ गांव के पश्चिम दिशा में नजर आया जबकि दूसरा गांव के बीचों-बीच नहर की माइनर पर खड़ा था। वाहन की रोशनी पड़ते ही वह झाड़ियों की ओर चला गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सतर्कता बढ़ा दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकतर किसान अपने पशु घरों के बाहर बांधते हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देकर क्षेत्र में पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की है। तेंदुओं के दिखने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसकी कई लोगों ने पुष्टि की है।

# सीओ ने पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा का जायजा

ठाकुरद्वारा में गश्त करते सीओ आशीष प्रताप सिंह व पुलिस बल। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● मोहल्ले और बाजार में लोगों से की वार्ता, सहयोग की अपील

**अमृत विचार :** सीओ आशीष प्रताप सिंह ने शुक्रवार को पुलिस बल और इंस्पेक्टर मनोज परमार के साथ कस्बे में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने रमजान और होली के त्योहार को शांति पूर्वक तरीके से मनाने की अपील की।

गश्त के दौरान सीओ ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। लोगों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास न करे। सोशल मीडिया की अफवाहों से भी लोग बचें। उन्होंने शरारती तत्वों को दू टूक चेतावनी दी है कि यदि किसी ने सोशल मीडिया का सहारा लेकर महौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसकी गंभीर सजा भुगतना पड़ेगी। सीओ ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग यदि कहीं गलत गतिविधि देखते हैं तो पुलिस को सूचित करें।

# रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में की गई दुआएं

डाक बंगले के सामने वाली मस्जिद में बोलते मोहम्मद उस्मान अजहरी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर व देहात क्षेत्र में माहे रमजान के पहले जुमे को सभी मस्जिदें नमाजियों से फुल रहीं। सवेरे से ही रोजेदारों ने तैयारी शुरू कर दी और 11:00 बजे से ही मस्जिदों की ओर रुख किया। वहां इमाम हजरात में रमजान माह और जुमे की फजीलत बताई। डाक बंगले के सामने स्थित मस्जिद में इस्लामिक रिसर्चर मोहम्मद उस्मान अजहरी ने रमजान पर विस्तार से जानकारी दी। सहसपुर, थांवला, इब्राहिमपुर, मुड़िया राजा, शेरपुर समेत सभी गांवों में जुमे की नमाज अदा की गई। सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी मुस्तैद दिखाई दिया।

## आज कांठ में होगी प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक

**कांठ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक छजलैट की ब्लॉक कार्य समिति तथा संघर्ष समिति के पदाधिकारी की समीक्षा बैठक 21 फरवरी को नगर में होगी संघ के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार शर्मा और जिलामंत्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह बैठक को संबोधित करेंगे।

जानकारी शुक्रवार को संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य परिचय कार्यक्रम, पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराना, ब्लॉक की संगठन से सम्बंधित पंजिकाओं पर चर्चा, सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाने के साथ आंदोलन के अग्रिम चरणों की जानकारी देना। उन्होंने कहा कि 22 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शाम चार बजे तक हैश टैग अभियान चलाया जाएगा।

# शांतिपूर्वक हुई रमजान में जुमे की पहली नमाज

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** रमजान माह के पहले जुमे की नमाज तहसील क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में पुलिस की कड़ी चौकसी व निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

रमजान का पहला जुम्मा बेहद पवित्र और बरकत वाला माना जाता है। यह दिन आत्म संयम त्याग और अल्लाह की इबादत के साथ सब्र और धैर्य का संकेत देता है। रोजेदारों ने लाल मस्जिद, मोहम्मदी मस्जिद, बंजारान मस्जिद, छप्पर वाली मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, मदीना मस्जिद, काजियान मस्जिद आदि मस्जिदों में जुम्मे की नवाज अदा की छजलैट क्षेत्र के विभिन्न गांव में भी जुम्मे की नमाज हजारों की संख्या में रोजेदारों में पढीं। यह दिन आत्म संयम त्याग और अल्लाह की इबादत के साथ सब्र का संदेश देता है जिसमें रोजेदार मस्जिद में अमन चैन भाईचारा व गुनाहों की माफी के लिए विशेष दुआएं करते हैं। नवाज के बाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था को रोककर नवाजियों को सुविधा अनुसार मार्ग दिया। सुरक्षा की दृष्टि से क्राइम इंस्पेक्टर रामनरेश यादव, उपनिरीक्षक संजीव कुमार एवं कमलदीप सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार एवं थाना छझलैट में भारी पुलिस पर तैनात रहा।

नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### सूचना

मैंने अपना Bhawna Rani से बदलकर Bhavna Khurana w/o Bharat Bhushan Khurana r/o A1/ 45 Mansarovar colony Delhi road Moradabad रख लिया है। भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जाए।

### सूचना

मैंने अपना नाम HINA KOUSER से बदलकर HINA DANISH W/o Mohammad Danish R/o 10, गली नं.1, opp Tara Building Daulat Bagh Moradabad रख लिया है भविष्य में नए नाम से जाना जाए।

### सूचना

मैंने अपने नाम की स्पेलिंग Mubashshir Anees से Mubashshir Anis S/o Anis Akhtar, Bagiya Street Diwan ka Bazar, Moradabad कर ली है। भविष्य में नए नाम से जाना जाए।

### सूचना

मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220599557 एवं इंटरमीडिएट का अंकपत्र वर्ष 2025 अनुक्रमांक 2255537367 खो गए हैं। अर्पित पुत्र अमर सिंह ग्राम बहेड़ी रोशनपुर मुरादाबाद

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# नगर पंचायत की पेयजलापूर्ति की मुख्यालय पाइप लाइन फटी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर में महमूदपुर माफी मार्ग पर कोऑपरेटिव बिल्डिंग के सामने नगर पंचायत की पेय जलापूर्ति की मुख्यालय पाइपलाइन अचानक फट ग ई। पाइप लाइन मे से तूफानी गति से पानी के साथ पत्थर जैसी वर्षा होने के कारण वहां से गुजर रहे लोगों ने इधर उधर भाग कर अपने आप को बचाया।

नगर पंचायत स्थित टंकी से होकर नगर में पेयजल की मुख्य पाइप लाइन जर्जर हो गई थी, जिसको बृहस्पतिवार को बदला गया था लेकिन अचानक शुक्रवार को मुख्य पाइपलाइन दोपहर लगभग 1:00 बजे पानी का प्रेशर होने के कारण अचानक फट गई। मुख्य पाइपलाइन फटने से भूमि से पानी का फुब्बारा पानी के प्रेशर के साथ काफी ऊंचाई तक अचानक छोटे-छोटे ईंट पत्थर की वर्षा के साथ उठता दिखाई दिया। वहां से गुजर रहे लोग भयभीत हो गए। उन्होंने इसकी सूचना नगर पंचायत को दी। काफी देर तक यह समस्या बनी रही। घटना से राहगीरों में हड़कंप मच गया। नगर पंचायत कार्यालय में सूचना मिलने पर पानी की सप्लाई रोक दी, तब काफी देर के बाद चैन की सांस ली। नागरिकों ने पानी के साथ ईंट पत्थरों की वर्षा होने की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। समाचार लिखे जाने तक पंचायत कर्मी पाइपलाइन को ठीक करने में लगे हुए थे। मुख्य पाइपलाइन फट जाने से नगर की जलापूर्ति ठप रही।

पाइपलाइन फटने से निकलती पानी की तेज धार। ● अमृत विचार

● नागरिकों ने पानी के साथ ईंट-पत्थरों की वर्षा होने की वीडियो की वायरल

## डीजे संचालकों के साथ बैठक कर दिए दिशा निर्देश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** आगामी त्योहार होली और ईद-उल-फितर के मद्देनजर शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमा ने डीजे संचालकों के साथ बैठक की।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने सभी डीजे संचालकों को शासन एवं पुलिस विभाग के आदेशों और निर्देशों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने त्योहारों के दौरान शांति एवं सद्भाव बनाए रखने पर विशेष बल दिया। इस दौरान डीजे संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों (डीजे) की आवाज निर्धारित सीमा से अधिक न हो। साथ ही, रात्रि में बजने वाले संगीत की समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार के अश्लील या धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले गीत बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की हिदायत दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए जाएँ।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौत

**बिलारी, अमृत विचार:** बिलारी के उदय नगर कॉलोनी निवासी पुनीत चौधरी(50) पुत्र वीर सिंह ससुराल उघनपुर से घर स्कूटी से आ रहे थे कि ओवर ब्रिज के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन ने इलेक्ट्रिक स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 नंबर पुलिस की टीम के मौके पर पहुंची। घायल अवस्था में पुनीत चौधरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए।

# विधायक बोले, घोषणाओं तक सीमित है बजट

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान कांठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी बात रखते हुए कहा कि यह बजट नौजवानों, किसानों, छात्रों, महिलाओं और वंचित वर्गों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट केवल बड़े आंकड़ों और घोषणाओं तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर ठोस प्रावधान दिखाई नहीं देते।

विधानसभा में सपा विधायक ने कहा कि सरकार बजट का आकार बढ़ाकर उपलब्धि बताती है, जबकि पिछले वर्ष स्वीकृत धनराशि का बड़ा हिस्सा खर्च ही नहीं हो सका। यह स्थिति स्पष्ट कार्ययोजना और प्रभावी क्रियान्वयन की कमी दर्शाती है।

महंगाई, बेरोजगारी और प्रति व्यक्ति आय के दावों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि आम नागरिक कर्ज और बढ़ती कीमतों से जूझ रहा है। युवाओं को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा और स्वरोजगार योजनाएं भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहीं। कृषि क्षेत्र पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा अधूरा है। किसानों को उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा तथा लागत बढ़ती जा रही है। उन्होंने अंत में कहा कि बजट केवल कागजी दस्तावेज न होकर जमीनी बदलाव का माध्यम होना चाहिए। सरकार को पारदर्शिता और जवाबदेही होगी।

विधानसभा में बोलते क्षेत्रीय विधायक। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### जानलेवा हमले में एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुदरकी थाना क्षेत्र के गांव सौंदा में दो पक्षों में विवाद हो गया था। एक पक्ष ने पिता पुत्र पर दरांती और गंडासे से हमला करके घायल कर दिया। इस प्रकरण में पुलिस ने आईजी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। 24 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 11 बजे मशरुफ हुसैन निवासी सौंदा अपनी मार्केट की दुकान में बैठे थे। उनका बेटा गुलाम मोहीउद्दीन वहीं पर खड़ी बाइक पर बैठा था। उसी दौरान गांव के ही शाहिद हुसैन, उसका बेटा शुएब, नासिर व नाहिद तथा वाहिद हुसैन खाली गन्ने की ट्रॉली तेज रफ्तार व लापरवाही से लाते हुए मोटरसाइकिल से टकरा गए। टक्कर लगने से गुलाम मोहीउद्दीन बाल-बाल बच गया। विरोध पर हमलावरों ने हाथों में गन्ना काटने वाला गंडासा व दरांती से पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। दुकान में भी तोड़फोड़ की। हमले में गुलाम मोहीउद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### कुश्ती में बिलारी के मोहम्मद जैन ने जीता गोल्ड मेडल

बिलारी, अमृत विचार : नगर के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बिलारी में कक्षा चार के छात्र मोहम्मद जैन ने एसएम कॉलेज चंदौसी में हुई जनपदीय शैक्षिक क्रीडा प्रतियोगिता में कुश्ती के 45 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। 44 किलो भार में हुई जूडो की प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। मोहम्मद जैन ने दो गोल्ड मेडल जीतकर अपने विद्यालय अपनी तहसील बिलारी का जनपद- मुरादाबाद में नाम रोशन किया है। उनके पिता मोहम्मद मारूफ उत्तर प्रदेश पुलिस के जांबाज सिपाही है उन्होंने भी खेल प्रतियोगिताओं में बहुत गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्राप्त किए। प्रतियोगिताओं में दो-दो मेडल प्राप्त करने पर स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद सुलेमान अंसारी और क्लास टीचर पुष्पांजलि एवं अध्यापक मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया।

### शिक्षक संघ की बैठक में टेट अनिवार्यता पर जताया विरोध

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देश पर ब्लॉक इकाई ठाकुरद्वारा की कार्यसमिति एवं संघर्ष समिति की बैठक शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट कमलापुरी खालसा में आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के संदर्भ में आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए भी सेवा में बने रहने एवं पदोन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता पर संगठन ने आपत्ति जताई है और इस संबंध में रिव्यू याचिका दायर की गई है। जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 23 से 25 फरवरी तक शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराएंगे। वहीं 26 फरवरी को मुरादाबाद में बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक रैली व धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह और मंत्री त्रिवेंद्र कुमार ने शिक्षकों से प्रस्तावित कार्यक्रमों में सहभागिता का आह्वान किया। बैठक का संचालन नरेश चंचल ने किया तथा बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता अजय ने मुख्यमंत्री से विकास योजनाओं पर की चर्चा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और प्रस्तावित विकास परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के दौरान पूर्व प्रत्याशी ने नगर में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की कांस्य अश्वारोही प्रतिमा स्थापित किए जाने पर मुख्यमंत्री को अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का भरोसा दिलाया।

### बोर्ड परीक्षा के तीसरे दिन 455 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित

**कांठ, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में तीसरे दिन तहसील क्षेत्र के 15 परीक्षा केंद्रों पर कुल पंजीकृत छात्रों में से दोनों पालियों में 455 छात्र अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा संचालित हाई स्कूल की परीक्षा में प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल 4394 छात्र पंजीकृत थे जिनमें से 4162 छात्र उपस्थित रहे। प्रथम पाली में कुल 232 छात्र अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में ही इंटरमीडिएट की परीक्षा में कृषि शस्य विज्ञान भाग 1 विषय की परीक्षा में कल 19 छात्र पंजीकृत थे जिनमें से 16 छात्र उपस्थित रहे तथा तीन छात्र अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में कुल 235 छात्र अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट की परीक्षा में द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में कुल 4043 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 3823 छात्र उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल 220 छात्र अनुपस्थित रहे। उप संकलन केंद्र प्रभारी रामसागर ने बताया कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में दोनों पालियों 8016 उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### होली से पहले खाद्य विभाग की कार्रवाई 90 किलो घी सीज

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार होली पर्व को लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य विभाग ने विशेष अभियान चलाया। सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में मोहल्ला सराय गेट, रामपुर स्थित आराध्या डेरी से पवन के यहां से घी का 1 नमूना संग्रहित किया। इसी क्रम में सराय गेट भैंस खाना स्थित अली हुसैन डेरी से अली हुसैन के प्रतिष्ठान से घी का 1 नमूना लिया गया तथा गुणवत्ता के संदेह पर लगभग 90 किग्रा. घी को सीज किया गया। मौके पर डेरी बिना खाद्य पंजीकरण के संचालित पाई गई, जिस पर संबंधित खाद्य कारोबारी को नियमानुसार आवश्यक निर्देश दिए गए। इस प्रकार घी के कुल 2 विधिक नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद दायर किया जाएगा। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार एवं रामचंद्र यादव उपस्थित रहे।

### 22 को सद्भावना मंडप में लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 22 फरवरी को पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर लगेगा। अपर सिविल जज (प्रवर) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप सिंह ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी, नि:शुल्क विधिक सहायता, प्रमाण पत्र संबंधी मार्गदर्शन तथा विविध जनसेवाएं दी जाएंगी। आम जनता से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। शिविर में पात्रों को नि:शुल्क विधिक सलाह, लोक अदालत संबंधी जानकारी, सरकारी योजनाओं का पंजीकरण, प्रमाण पत्र संबंधी मार्गदर्शन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

### रोजे की पाबंदी और तरीके बताये

**स्वार, अमृत विचार :** रमजानुल मुबारक के पहले जुमे को मस्जिदे नमाजियों से खचा खच भर गई। नगर के बस अड्डा स्थित गौसिया मस्जिद नमाजियों से खचाखच भर गई। नमाज से पहले बस अड्डा स्थित गौसिया मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद जिशान ने तकरीर में कहा कि रमजान का महीना अल्लाह की इबादत का महीना है। इस महीने में की गयी इबादत का अल्लाह 70 गुना ज्यादा सवाब देता है। रमजान के महीने में अल्लाह अपने बंदों पर रहमतों की बारिश करता है। पूरे महीने के लिये जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते है ओर दोजख के दरवाजे बंद हो जाते है। बाद में रोजे की पाबंदी ओर उसके तरीके भी बताये। बाद में उन्होंने रमजानुल मुबारक के पहले जुमे की नमाज अदा करायी। वहीं जामा मस्जिद में भी नमाजियों की भारी भीड़ से मस्जिद खचाखच भरी रही। वहीं जामा मस्जिद में इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी, मस्जिद फैजान ए मौला में मौलाना कारी इमरान रजा ने नमाजियों को पहले जुमे की नमाज अदा करायी। वही ग्रामीण क्षेत्रों जालफनगला, सड़क का मझरा, मौहब्बतनगर, मीरापुर, सोनकपुर, समोदिया, खेमपुर, नरपतनगर, दूंदावाला, छर्परा, रजानगर, नानकार रानी आदि में भी मस्जिदो में नमाजियों की भीड़ उमड़ी।

# अल्लाह के शुक्र से जिंदगी में फिर रमजान आया

## रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में उमड़े रोजेदार, जामा मस्जिद समेत शहर की तमाम मस्जिदों में अदा की गई नमाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** माहे रमजान के पहले जुमे को मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। नमाज के वक्त से पहले ही नमाजी मस्जिदों में पहुंच गए। उलमा ने नमाज अदा कराने के साथ ही रमजान माह की फजीलत बयान की। रमजान के पहले जुमे की नमाज लाखों लोगों ने अलग-अलग मस्जिदों में नमाज अदा कर अल्लाह के दरबार में सजदा किया। शहर की जामा मस्जिद में काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां ने नमाज पढ़ाई।

शहर की तमाम मस्जिदों के आसपास रात से ही साफ-सफाई शुरू करा दी गई थी। शहर की जामा मस्जिद में आसपास के गांवों से दोपहर बजे से नमाजी पहुंचना शुरू हो गए थे। जामा मस्जिद में काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां ने जुमे की नमाज पढ़ाई इससे पहले उन्होंने खुतबे में कहा कि अल्लाह के शुक्र से हमारी जिंदगी में फिर रमजान आया। माहे रमजान में रोजा, नमाज, कुरआन मजीद की तिलावत करें। कहा कि जो लोग किसी वजह से रोजे नहीं रख सकते तो पूरे महीने का दो किलो गेहूं के हिसाब से गरीबों को दें। कहा कि रमजान का पहला अशरा चल रहा है जकात अदा करें। रोजे का मकसद अल्लाह की रजा को हासिल करना है। वह कहे तो हम खाएं वह कहे भूखे रहे तो भूखे रहें। इससे जिस्मानी फायदे के साथ रूहानी फायदे मिलेंगे। झूठ, बुराई, चुगलखोरी आदि तमाम गुनाह बुराइयों से अपने को बचाना, यह रोजे की रूह है। जामा मस्जिद के अलावा शहर स्थित मोती मस्जिद, कोयले वाली मस्जिद, राजद्वारा मस्जिद, एक मीनार वाली मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, मीना बाजार, रेलवे स्टेशन, ज्वालानगर, अजीतपुर आदि मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं।

शहर की जामा मस्जिद में नमाज के बाद दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार

### रोजेदारों की एक-एक नेकी का सत्तर गुना सवाब देता है अल्लाह

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में शिया जामा मस्जिद में रमजान उल मुबारक के पहले जुमे को नमाज अदा की गई। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने नमाज से पहले हुए खुतबे में कहा कि माहे रमजान में अल्लाह रोजेदारों की एक-एक नेकी का सत्तर गुना सवाब देता है। जरूरी है कि रमजान में अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारे। गरीबों का भी ख्याल रखें अपने माल की जकात अदा करें।



खुतबा देते काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां।

**रमजान मुबारक**

**21 फरवरी**

इफ्तार

सुन्नी- 6 बजकर 13 मिनट

शिया-6 बजकर 22 मिनट

**22 फरवरी**

खत्म सहरी

सुन्नी- 5 बजकर 10 मिनट

शिया- 5 बजकर 14 मिनट

### देश में अमनो अमान की मांगी दुआ

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रमजान के पहले जुमे को लेकर रोजेदार नमाजियों से नगर क्षेत्र की मस्जिदें भरी नजर आई। उलेमाओं ने पाक महीने की फजीलत बयां करते हुए देश व दुनिया में अमन कायम रखने की दुआ कराई। नगर की हाजी जी वाली मस्जिद, सैय्यदों वाली मस्जिद, जामा मस्जिद, इमाम साहब वाली मस्जिद, खजूरों वाली मस्जिद, अमलताश वाली मस्जिद, नूरी मस्जिद आदि मस्जिदों में समयनुसार उलेमाओं द्वारा तकरीर बयां की गई। उन्होंने कहा कि अल्लाह ताआला ने इस मुकद्दस महीने में ही कुरआन नाजिल किया। यह पाक महीना रहमत, बरकत और मगफिरत तीनों के लिए है। इसमें जितनी सच्चे मन से इबादत और कुरान की तिलावत की जाएं। उसका सवाब अल्लाह ताआला देता है, और आखिरत में भी अच्छा मुकाम हासिल होता है। मस्जिदों के बाहर नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलवाकर चूना इत्यादि डलवाया गया था। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह और एलआईयूआई उपनिरीक्षक जीत सिंह बिष्ट आदि पुलिस दलबल के साथ जगह-जगह तैनात रहे।

बिलासपुर की हाजी जी वाली मस्जिद में दुआ मांगते नमाजी। ● अमृत विचार

### सहरी के लिए लोगों ने खूब खरीदा खजला और फैनी

बाजार में बिकते खजूर।

**रामपुर, अमृत विचार :** जुमे की नमाज के बाद बाजार गुलजार हो गए। लोगों ने बाजारों में नमाज के बाद इफ्तारी और सहरी के लिए खूब खरीदारी की। जुमे की नमाज में बड़ी तादाद में आसपास के गांवों से लोग जामा मस्जिद पहुंचते हैं और नमाज के बाद सहरी के लिए खजला फैनी और इफ्तार के लिए फलों व खजूर खरीदते हैं। जुमे की नमाज के बाद बाजार सफदर गंज में खजूरों का ठेला खाली हो गया। सहरी के लिए खजला व फैनी की खूब बिक्री हुई। जामा मस्जिद के सामने, शादाब मार्केट, बाजार सफदरगंज और तहसील पर जाम लग गया। कुछ ठेलों पर खजूरे और फल खत्म हो गए, फल विक्रेता मोहम्मद असद ने बताया कि फलों की खूब बिक्री हुई है। अहमद भाई मिठाई वालों ने कहा कि खजला और फैनी की खूब बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले दो सालों के मुकाबले इस साल बहुत अच्छा कारोबार हुआ है। खजूर बेच रहे राम अवतार ने बताया कि नमाज के बाद से खजूर की खूब बिक्री हुई है। थोड़ा सा खजूर ठेले पर बचा है शाम तक सब बिक जाएगा।

# शिव भक्तों ने बाबा को अर्पित किए 556 भोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** फुलेरा दूज पर रठौंडा स्थित प्राचीन मंदिर श्री वामेश्वर महादेव शिवालय श्री महाकाल के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। शिव भक्तों ने बाबा को 556 भोग अर्पित किए। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, घी, दूध, दही, गन्ने का रस, फल आदि से शिवलिंग का अभिषेक किया गया। श्रद्धालु भोले के भजनों पर खूब थिरके।

रठौंडा स्थित श्री वामेश्वर महादेव शिवालय में पंडित मुन्ना हरि ने मंत्रोच्चारण के बीच शिवलिंग पर जलाभिषेक कराया। हल्द्वानी से आए आचार्य राकेश मिश्रा एवं दिनेश जोशी ने मंत्र उच्चारण कर रुद्राभिषेक कराया। । पंडित मुन्ना हरि ने मंदिर परिसर में भगवान शिव व मां पार्वती की मूर्ति का श्रृंगार किया। श्रद्धालु भोले बाबा के भजनों पर थिरक रहे थे। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूल पत्तियों से सजाया गया था। गुरुवार रात्रि 2 बजे के बाद भगवान गणेश, मां पार्वती, भगवान कृष्ण, वीर हनुमान जी, माता गंगा, भगवान विष्णु की आरती हुई। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडित शिवम शर्मा, पंडित राजू शर्मा, सुनील अग्रवाल, अश्वनी त्यागी, अतुल शर्मा, प्रशांत गुप्ता, पारस मणि, आशीष सिंघल, शैलेंद्र गुप्ता, पंडित अंकुर शर्मा, राधेश्याम, पुष्कर अग्रवाल, अनमोल सक्सेना, दिव्यांश पांडे, राजू आदि मौजूद रहे।

रठौंडा मंदिर में फुलेरा दूज पर पूजा अर्चना करते भक्त। ● अमृत विचार

● रठौंडा मंदिर में गुरुवार रात 2 बजे के बाद हुई आरती

## पुरानी तहसील में 23 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत 23 फरवरी को जिला सेवायोजन कार्यालय पुरानी तहसील में एक दिवसीय रोजगार मेला लगेगा। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 3 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। जिनमें पुखराज हेल्थ केयर प्रा. लि., शिवम इंटरप्राइजेज एवं अशोक लीलैंड शामिल हैं।

चयन साक्षात्कार से किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से लगेगा और इसमें हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा एवं अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। मेला निःशुल्क है। यदि कॉल अथवा एसएमएस के माध्यम से फीस या धनराशि मांगी जाए तो अभ्यर्थी भुगतान न करें।

# विधायक ने किया सोहना पुल व नाला कार्य का शिलान्यास, 2.64 करोड़ से होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने शुक्रवार को पटवाई जौलपुर मार्ग स्थित जर्जर सोहना पुल व ज्वालानगर में नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। दोनों परियोजनाओं की लागत 2.64 करोड़ रुपये है। पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग और नाले का निर्माण नगर पालिका की ओर से किया जाएगा।

पटवाई-जौलपुर मार्ग पर स्थित सोहना पुल लंबे समय से जर्जर हालत में था। इस कारण लोक निर्माण विभाग की ओर से पूर्व में ही पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था। वाहन दूसरे मार्गों से गुजरते थे। ज्वालानगर स्थित नाला आबादी के अनुरूप छोटा हो गया था, जिस कारण बरसात के दिनों में जलनिकासी में दिक्कत आती थी और गलियां जलमग्न हो जाती थीं। विधायक आकाश सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से पुल का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जबकि नगर विकास विभाग से नाला निर्माण कराने का अनुरोध किया था। शासन ने दोनों प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। जिसके बाद विधायक ने शुक्रवार को सोहना पुल व ज्वालानगर में शशिमणि धर्मशाला से लेकर लेबर कॉलोनी होते हुए अजीतपुर पुलिस चौकी तक नाला निर्माण का शिलान्यास किया। पुल के निर्माण में 2.24 करोड़, जबकि नाला बनने में करीब 40 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि नए पुल के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच संपर्क भी मजबूत होगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संजय यादव, भाजपा जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, अवधेश शर्मा, कुंवर बहादुर राजपूत आदि उपस्थित रहे।

शिलान्यास के मौके पर बोलते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

● लंबे समय से जर्जर हालत में था पुल, सुलभ होगा आवागमन

● नाला आबादी के अनुरूप छोटा होने से होता था जलभराव

# 12 गोशाला में 3026 गोवंशों की ऑनलाइन होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले संचालित स्थाई और अस्थाई गो-आश्रय व गोशालाओं में 3026 गोवंशों की ऑनलाइन निगरानी होगी। शुक्रवार को विकास भवन में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।

डीएम ने कंट्रोल रूम से विभिन्न गो-आश्रय स्थलों की लाइव फीड का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कैमरों के साथ ऑडियो माइक्रोफोन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे कंट्रोल रूम से गोशालाओं में हो रही गतिविधियों के संबंध में सीधे संवाद स्थापित किया जा सके। किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो। संबंधित अधिकारियों को गोवंश के संरक्षण, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि जिले में कुल 12 स्थाई एवं अस्थाई गो-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें कुल 3026 गौवंश संरक्षित हैं। इन सभी गोशालाओं को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जिससे 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जा सके। मॉनीटरिंग के लिए पशुधन प्रसार अधिकारियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाई गई है।

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रामलखन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए तथा ड्यूटी पर तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

विकास भवन में बने कंट्रोल रूम में गौशालाओं का लाइव देखते डीएम। ● अमृत विचार

● डीएम ने फीता काटकर कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
वृहद् मण्डलीय
एक दिवसीय
पशु आरोग्य शिविर/मेला, मुरादाबाद
का आयोजन माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से
पशु पालन विभाग द्वारा किया जा रहा है।
श्री आञ्जनेय कुमार सिंह I.A.S.,
आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद
की गरिमामयी उपस्थिति में
एवं
श्री अनुज सिंह I.A.S.
जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद की अध्यक्षता में
: विशिष्ट अतिथि :
डॉ0 शैफाली सिंह
मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत, मुरादाबाद
श्री रामवीर सिंह
मा0 विधायक, 29-कुन्दरकी
श्री रितेश गुप्ता
मा0 विधायक, नगर मुरादाबाद
डॉ0 जयपाल सिंह "व्यस्त"
मा0 सदस्य विधान परिषद
श्री सत्यपाल सिंह सैनी
मा0 सदस्य विधान परिषद
डॉ0 हरि सिंह ढिल्लों
मा0 सदस्य विधान परिषद
श्री गोपाल अंजान
मा0 सदस्य विधान परिषद
श्री दीपक गोयल
मा0 सदस्य गौ सेवा आयोग
डॉ0 नवदीप यादव
मा0 ब्लाक प्रमुख मूँढापाण्डे
डॉ0 मेमपाल सिंह
निदेशक/ विभागाध्यक्ष
पशु पालन विभाग, लखनऊ
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद
निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र
पशु पालन विभाग, लखनऊ
दिनांक 22 फरवरी 2026, रविवार को आयोजित किया जायेगा।
कार्यक्रम स्थल- सैंट एंथनी स्कूल, बूजपुर मान,
विकास खण्ड मूँढापाण्डे, तहसील व जनपद मुरादाबाद।
आप सादर आमंत्रित हैं।
डॉ0 सुनील दत्त
मुख्य पशु चिकित्साधिकारी
मुरादाबाद
मृणाली अविनाश जोशी I.A.S.
मुख्य विकास अधिकारी
मुरादाबाद

# स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनें युवा

बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी परिसर में लाभार्थी को चेक सौंपते बैंक अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी परिसर में शासानादेशानुसार जिला स्तरीय ऋण वितरण शिविर लगाया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा की देखरेख में जिले के सभी बैंकों के अधिकारी शामिल हुए और लाभार्थियों को चेक वितरित किए।

उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र रामपुर अनुराग यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी ग्रामीण बैंक आशीष पांडेय, एलडीएम रामपुर शिवांग जोशी तथा मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा जितेंद्र कुमार की उपस्थिति में शिविर हुआ। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण दिया गया। उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ लेकर युवा एवं उद्यमी स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा जितेंद्र कुमार ने आह्वान किया कि उद्योग की स्थापना मेहनत एवं लगन से करें। समयबद्ध तरीके से ऋण अदायगी की योजना बनाएं। इस दौरान ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेंद्र सिंह, निदेशक रामपुर देशराज मीणा, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक संजीत सहित जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

● एमएसएमई के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित किए

# आपदा प्रबंधन के लिए तैयार करता है शिविर

● राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को मदर टेरेसा रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आरंभ प्राचार्या डॉ. सुनीता ने किया। उन्होंने कहा कि रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व, आत्म नियंत्रण की क्षमता का विकास करना है।

प्राचार्य ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्राओं को न केवल एक उत्कृष्ट रेंजर बनाएगा, बल्कि चरित्र में दृढ़ संकल्प, आत्म-नियंत्रण, और राष्ट्रीय कर्तव्य का भी संचार करेगा। जिला आयुक्त रेंजर्स डा. अंकिता ने कहा कि छात्राएं पूर्ण मनोयोग से सीखें। जिला प्रशिक्षण आयुक्त जमाल फातिमा द्वारा स्काउटिंग गाइडिंग के अनुभव साझा किए। जिला संगठन कमिश्नर गाइड रेंजर्स प्रशिक्षिक नरवंत कौर ने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण के लिए नियम, त्याग एवं सेवा की भावना को जीवन में स्थान दें। प्रशिक्षक द्वारा ध्वजारोहण प्रक्रिया, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, टोली विधि की जानकारी दी गई। संचालन महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रो. सबीहा परवीन, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. नागेंद्र पाल सिंह, डॉ. टिकेंद्र, डॉ. यामिनी सिंह, डॉ. कासिम, डॉ. योगेश, डा. रजनी बाला, कल्पना देवल आदि मौजूद रहे।

शिविर में बोलतीं जिला संगठन कमिश्नर गाइड नरवंत कौर। ● अमृत विचार

### एनएसएस शिविर के समापन में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह में स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ. सैयद अरशद रिजवी ने कहा कि स्वयं सेवकों को शिविर में रहकर ग्रामीण जीवन को समझने का भी मौका मिलता है। कार्यक्रम का आरंभ स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत से किया। इल्मा व इरम ने गीत प्रस्तुत किया। राधा कृष्णन दल ने सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। आजाद दल ने गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ. नासिर ने स्वयं सेवकों को जीवन के संघर्षों, वास्तविकता, नैतिक मूल्यों से रूबरू कराया। मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरण किए। कार्यक्रम में डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. घनश्याम सरोज, डॉ. इरम नईम, मनोज कुमार, ग्राम भुर्जी की मड़ैया के प्रधान रफत जहां, इख्तियार, तैयब, डॉ. जिल्ले हसन, रीना, चमन, भूरे, राधेश्याम, महेश, भगवान देवी आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. इरम नईम ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर से किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** चार दिन से नाबालिग किशोरी के लापता होने पर किशोरी की मां ने कोतवाली में गुमशुदगी की दर्ज कराई। क्षेत्र के गांव पदमा कालोनी दिबदिबा निवासी सविता सरकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 फरवरी को 16 वर्षीया पुत्री बिना बताएं कहीं चली गई। शाम तक न लौटने पर परिजनों ने संभावित स्थानों पर तलाश किए जाने के बावजूद भी कहीं पता नहीं लग सका। इसके पश्चात उसने पुलिस को तहरीर देकर कर किशोरी को बरामद किए जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### आयोग की अनुमति के बिना न हो स्थानांतरण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि एसआईआर की कार्यवाहियों से संबद्ध अधिकारियों का स्थानांतरण भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नोटिस चरण के तहत नोटिसों की सुनवाई 27 मार्च 2026 तक की जानी है। जबकि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की अवधि के दौरान निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों का स्थानांतरण अथवा तैनाती किए जाने से पूर्व भारत निर्वाचन आयोग की पूर्व अनुमति-अनुमोदन अनिवार्य रूप से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

### छात्रा की बरामदगी नहीं, धरना देगी विहिप

**रामपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को भेजे ज्ञापन में बताया कि कि पटवाई क्षेत्र की कक्षा 9 की छात्रा को बलपूर्वक ले गए हैं। उसका धर्म परिवर्तन कराने की फिराक में हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि 24 घंटे के भीतर लड़की को बरामद नहीं किया गया तब संगठन के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे। थाना प्रभारी को बताया कि पटवाई के आसपास पिछले कुछ महीनों में लगातार धर्म परिवर्तन और लव जेहाद की घटनाएं हो रही हैं। कहा कि पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अभियुक्तों को पकड़ कर कार्रवाई नहीं की तो कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे। पत्र पर जिला सह संयोजक अविनाश पटेल, विक्की पंडित, जयदीप यादव और गौरव आदि के हस्ताक्षर हैं।

# कुत्तों का आतंक, लोगों को बना रहे निशाना

## घर से बाहर निकलना दुश्वार, खेलते हुए बच्चों पर हमला कर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले भर में आवारा कुत्ते बच्चों और बड़ों को निशाना बना रहे हैं। बच्चों का घरों से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। खेलते हुए बच्चों पर कुत्तों का झुंड हमला कर देता है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में मां-बाप दो बच्चों को रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंचे। इसके अलावा बड़ों पर आवारा कुत्ते हमला कर रहे है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 70 लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं।

शुक्रवार को शहजादनगर निवासी गोविंद राम ने बताया कि उनका डेढ़ वर्षीय बेटा सुमित बाहर निकला ही था तभी कुत्तों के झुंड ने उसपर हमला कर दिया। रोने पर लोगों की नजर कुत्तों के झुंड पर पड़ गई और लोग लाठी डंडे लेकर कुत्तों के झुंड की ओर दौड़ पड़े तब कुत्ते सुमित को छोड़कर भागे। कुत्तों ने बच्चे के पेट और पीठ पर दांत गढ़ा दिए थे। दोपहर सुमित के पिता उसे लेकर जिला अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंचे। थाना शहजादनगर के ग्राम फत्तेपुर निवासी फरियाद अली शुक्रवार को अपने सात वर्षीय बेटे तैमूर अली को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उसको रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। फरियाद अली ने बताया कि उनका बेटा तैमूर अली पास की दुकान से कुछ सामान लेकर आ रहा था तभी कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने तैमूर की टांग में दात गाड़ दिए। लोगों के शोर मचाने पर कुत्ते ने तैमूर को छोड़ा। लोगों की मांग है कि प्रशासन आवारा कुत्तों को पकड़वाकर डंडिया या पीपली वन में छुड़वाए।

जिला अस्पताल में लेटे आवारा कुत्ते। ● अमृत विचार

सुमित की पीठ पर निशान दिखाते पिता।

पैर दिखाता तैमूर अली।

● प्रतिदिन इंजेक्शन लगाने पहुंच रहे 70 लोग

### कुछ दिन चलकर रुक गया अभियान

शहर में भी कुत्तों के झुंड बाइक सवारों पर झपटते हैं और बच्चों पर हमला कर देते हैं। कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर पालिका परिषद ने अभियान शुरू किया था। लेकिन, यह अभियान कुछ दिन चलकर रुक गया। पालिका कर्मचारियों ने ज्वालानगर में कुत्ते पकड़कर पनवड़िया स्थित एवसी सेंटर में छोड़ा गया। गर्मी बढ़ते ही कुत्ते लोगों पर हमलावर होना शुरू हो गए हैं। शहर के हर मोहल्ले और गली में कुत्तों के झुंड टहलते रहते हैं और मौका लगते ही वह आते-जाते लोगों पर हमलावर हो जाते हैं। लोगों के पैर में काटकर उन्हें घायल कर देते हैं। लोग कई बार पालिका अधिकारियों को ज्ञापन देकर पकड़वाए जाने की मांग कर चुके हैं। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी के नेतृत्व में कैटल कैचर टीम ने ज्वालानगर में कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया और दर्जनों कुत्तों को पकड़ लिया था। पकड़े गए कुत्तों को पनवड़िया स्थित एवीसी सेंटर पहुंचाया गया था। फिलहाल अभियान थमा हुआ है। जिम्मेदार बताते हैं कि अभियान चलता रहेगा।

# मौसम का बदलता मिजाज लोगों को बना रहा बीमार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● जिला अस्पताल में मरीजों की लग रहीं लंबी कतार

**अमृत विचार :** कभी तेज धूप और कभी सुबह-शाम की सर्दी लोगों को बीमार बना रही है। गर्मी भी महसूस होने लगी है लेकिन बीच-बीच में सर्द हवा चलने की वजह से ठंड का अहसास अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। बदलते मौसम में लोग सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द और फ्लू जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। मौसम बदल रहा है, इसलिए सुबह-शाम ठंड, तो दोपहर में गर्मी महसूस होती है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. दशरथ सिंह बताते हैं कि ऐसे में जो लोग दोपहर को बाहर से आते हैं, वह घर आते ही ठंडा पानी पी लेते हैं जो बदलते मौसम में बीमारी की सबसे बड़ी वजह है। इससे सर्द-गर्म हो जाता है, जिसके चलते कुछ देर बाद बुखार महसूस होने लगता है। इसलिए जब भी बाहर से आएं, गर्मी महसूस हो तो एकदम ठंडा पानी नहीं पिएं, बल्कि कुछ देर आराम से बैठें इसके बाद तापमान अपने आप सामान्य लगने लगेगा उसके बाद पानी पिएं। सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियों से बचने के लिए हाथों को साफ रखें। हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह से धोना बेहद जरूरी है।

जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने लिए मरीजों की लगी कतारें। ● अमृत विचार

# प्रधान पति के घर पर अवैध हथियारों से बोला धावा

संवाददाता, स्वार

● दस नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव बूढ़ी दढियाल में ग्राम प्रधान पति के घर पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध हथियारों और लाठी डंडों के साथ घर पर धावा बोलते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने दस नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली के गांव बूढ़ी दढियाल निवासी प्रधानपति अनवर अली पुत्र आशक अली ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 17 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही कुछ लोग एकजुट होकर उनके घर में घुस आये। हमलावर अवैध हथियारों और लाठी डंडों से लैस थे। गाली गलौज करते हुए परिवार को भयभीत किया। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। लेकिन कोतवाली पुलिस ने टरका दिया. जिस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। जिस पर पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद कोतवाली कोतवाली पुलिस ने आरोपी गांव बूढ़ी दढियाल निवासी जलीस, शकील, वकील, मुस्तफा, अख्तर, शमशाद, फरजन्द, अशरफ अली, हिफाजत और रहमत अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है। नरपतनगर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि दस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पंचायत नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण की समय-सारणी घोषित

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पूर्व में जारी की गयी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण कराए जाने के लिए समय सारणी की घोषणा की गई है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. नितिन मदान ने बताया कि दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद हस्तलिखित पांडुलिपियां तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय में जमा करना है। सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन एवं निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 16 मार्च मतदान केंद्रों व स्थलों के निर्धारण की कार्रवाई व 21 से 16 मार्च तक व जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन 15 अप्रैल को होगा।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में 2874 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा पहली पाली में हुई। जिसमें 25415 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 23658 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। पहली पाली में हुई इंटरमीडिएट की कृषि विज्ञान की परीक्षा में सभी 26 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। जिसमें 20122 के सापेक्ष 19005 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिले में 74 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा में पहली पाली में हाईस्कूल का सामाजिक विज्ञान के पेपर के लिए 25415 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसके सापेक्ष 23658 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1757 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में कृषि विज्ञान का भी पेपर था जिसके 26 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था और सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाल इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का अंग्रेजी विषय का पेपर था। जिसके लिए 20122 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 19005 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1117 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

पेपर होने के बाद प्रश्नों के उत्तरों को चेक करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

● जनपद में 74 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा

● इंटर के 1117 परीक्षार्थियों ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए छह उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की।
– **अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

सामाजिक विज्ञान का पेपर बहुत सरल आया था। प्रश्नपत्र में पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर लिख दिए हैं उम्मीद हैं अच्छे नंबर आएंगे।
– गौतम सिंह

सामाजिक विज्ञान का पेपर था और बहुत अच्छा हुआ है उम्मीद है कि पेपर में अच्छे अंक मिलेंगे। सभी प्रश्नों के उत्तर लिख दिए हैं।
– समद

सामाजिक विज्ञान का पेपर अच्छा हुआ पेपर बहुत सरल था। जिस हिसाब से हमने याद किया था वह पेपर में देखकर दिल खुश हो गया।
– गौतम

पेपर शुरू होने से पहले कुछ प्रश्नों के उत्तरों को याद किया था। पेपर हाथ में आते ही वही प्रश्न देखकर सबसे पहले उन्हीं प्रश्नों का उत्तर लिखा।
– निकुंज श्रीवास्तव

# सीओ के वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग

सीओ मिलक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● अखिल भारतीय महासभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय महासभा ने सीओ मिलक राजवीर सिंह परिहार के विवादित बयान वाली वायरल वीडियो में कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर ने शुक्रवार को समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में वायरल वीडियो प्रकरण मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई तो कलेक्ट्रेट में 23 को व 24 को मुरादाबाद मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो दिल्ली के जंतर-मंतर पर पांच बसों से समर्थकों को ले जाकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। चेतावनी महेश सागर ने बताया कि इस मामले में एएसपी स्तर जांच के अधिकारी द्वारा की जा रही है, लेकिन दस दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। उन्होंने संवेदनशील मामलों में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। हाल ही में मिलक के एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीओ राजवीर सिंह परिहार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसे लेकर विभिन्न संगठनों ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद अखिल भारतीय महासभा ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान नन्नू, विशेष, तान्या, केशव, प्रशांत, मयंक, वंश, पंकज ठाकुर, कृष्णा, छवि, आशीष सिंह, छाया रानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# भौतिक विज्ञान के पेपर में 1612 परीक्षार्थी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● सीबीएसई बोर्ड 12वीं का दूसरी पाली में हुआ पेपर

**अमृत विचार :** सीबीएसई परीक्षा में शुक्रवार को 12वीं के परीक्षार्थियों का फिजिक्स का पेपर हुआ। परीक्षा में 1632 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1612 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एक ही परीक्षा कक्ष में प्रश्न पत्रों के चार सेट वितरित किए गए थे। परीक्षा कक्षों की सीसीटीवी कैमरों ने भी निगरानी की।

सीबीएसई परीक्षा में शुक्रवार को 10वीं के परीक्षार्थियों की परीक्षा नहीं थी। दूसरी पाली में 12वीं के परीक्षार्थियों का फिजिक्स का प्रश्न पत्र था। प्रश्न पत्र में सरल प्रश्न देखकर परीक्षार्थियों ने सभी प्रश्नों को हल कर दिया है। अधिकांश परीक्षार्थियों ने बताया कि उनका पेपर अच्छा हुआ है 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने का अनुमान है। इसके अलावा कुछ परीक्षार्थियों ने फिजिक्स के सभी सवाल सही-सही हल करने का दावा किया है इस प्रकार उन्हें शत-प्रतिशत अंक मिलने का भरोसा है। हालांकि यह तो रिजल्ट आने के बाद तय होगा कि परीक्षार्थियों की बात में कितनी सच्चाई है। लेकिन, परीक्षा देकर परीक्षा केंद्र से बाहर आ रहे परीक्षार्थियों ने फिजिक्स का पेपर अच्छा होना बताया है।

शनिवार को 12वीं का फिजिक्स का पेपर हुआ। फिजिक्स के पेपर से 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 21 फरवरी को 10वीं का अंग्रेजी साहित्य का पेपर होगा। – **नीरज तिवारी**, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई

## न्यूज डायरी

### जीव का परमात्मा से मिलन ही महारास

**रामपुर, अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समिति द्वारा पुरानी आवास विकास कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिन भागवत भूषण पंडित देवव्रत शुक्ल ने विश्राम दिवस की कथा सुनाई। उन्होंने महारास की कथा सुनाते हुए बताया कि जीव आत्मा का परमात्मा से मिलन ही महारास है। कहा कि कृष्ण ने भौमासुर का उद्धार, बकासुर युद्ध और शिशुपाल उद्धार किया। शिशुपाल की 100 गलतियों को क्षमा करा परंतु फिर भी ना मानने पर उसका भी उद्धार किया। भगवान किसी को मारते नहीं उसका उद्धार करते हैं। सुदामा जी भगवान के परम मित्र थे जो पूर्व जन्मों के कारण गरीब ब्राह्मण हुए। दशा देखकर कृष्ण ने आंसुओं से ही सुदामा के पैर पखारे। सुदामा के दो मुट्ठी चावल खाकर भगवान ने सुदामा को समस्त वैभव प्रदान कर दिया। भगवान को प्रेम के साथ ही स्मरण करना चाहिए। मुख्य यजमान के रूप में सूर्यनाथ यादव एवं पत्नी नीलम यादव, सहयजमान एडवोकेट राजेश कुमार एवं पत्नी अनीता देवी द्वारा व्यास एवं व्यास पीठ का पूजन किया गया। कथा में विधायक आकाश सक्सेना, पंडित विकास दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख हरिवाल, पीयूष कुमार, मनोज सक्सेना, राधेश्याम यादव आदि भक्त मौजूद रहे।

### शिक्षा ही भविष्य की सफलता

**रामपुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में प्री-प्राइमरी शिक्षा के तहत शुक्रवार को मिलक के ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन–हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम रौराकलां एचआर पैलेस में हुआ। निपुण छात्र-छात्राओं को बीडीओ राजेश कुमार व बीईओ बबीता सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विकास खंड मिलक बबीता सिंह ने की, जबकि मुख्यातिथि ब्लॉक विकास अधिकारी राजेश कुमार उपस्थित रहे। मुख्यातिथि बीडीओ राजेश कुमार ने कहा कि मजबूत शिक्षा ही भविष्य की सफलता की कुंजी है। बीईओ बबीता सिंह ने कहा कि प्रारंभिक अवस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। एआरपी मिलक पृथ्वी सिंह ने आंगनबाड़ी में चल रहे आंकलन की प्रक्रिया को समझाया। मंच संचालन एआरपी सुशील गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सुपरवाइजर संध्या गंगवार, एआरपी सचिन शर्मा, रोहित शर्मा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक महेंद्र कुमार, अध्यापिका दमयंती गंगवार एवं प्रीति शर्मा सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं आंगनबाड़ी कर्मी मौजूद रहे।

### 22 को पढ़ी जाएगी मतदाता सूची

**रामपुर, अमृत विचार :** 22 फरवरी को सभी बूथों पर मतदाता सूची पढ़ी जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 22 फरवरी 2026 को विशेष अभियान दिवस निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जनपद रामपुर की जिले की सभी 5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 34-स्वार, 35-चमरौवा, 36-बिलासपुर, 37-रामपुर एवं 38-मिलक (आरक्षित) में ग्राम सभा एवं वार्ड कमेटी की बैठकों के माध्यम से संबंधित पार्षद, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, बूथ लेवल एजेंट एवं स्थानीय प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली पढ़कर सुनाई जाएगी। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में छूट गया है अथवा किसी प्रकार का संशोधन अपेक्षित है तो संबंधित मतदाता प्रपत्र भरकर आवश्यक अभिलेखों सहित बीएलओ को उपलब्ध कराएंगे। इनमें नए मतदाताओं के लिए फार्म-6 घोषणा-पत्र सहित, मतदाता सूची से नाम अपमार्जन के लिए फार्म-7, प्रविष्टि में संशोधन या स्थानांतरण के लिए फार्म-8 घोषणा-पत्र सहित, स्थानांतरण की स्थिति में केवल फार्म-8 ही भरा जाए, फार्म-6 नहीं। बताया कि इसके अलावा यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो वह विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 6 मार्च तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। ECINET Mobile App एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in की भी मदद ली जा सकती है।

### बीमार भाईजान और आतिफ हुसैन को डीएम ने सौंपे आयुष्मान कार्ड

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनता दर्शन के दौरान गंभीर बीमारी से जूझ रहे भाईजान और आतिफ हुसैन को आयुष्मान कार्ड सौंपे। कार्यक्रम के दौरान पेंशन, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना, विद्युत आपूर्ति, भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित अन्य विभागीय मामले प्राप्त हुए। पूर्व में जनता दर्शन के दौरान तहसील स्वार निवासी भाईजान और बरेली गेट निवासी 12 वर्षीय आतिफ हुसैन जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। अपने परिजनों के साथ जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए थे। उन्होंने उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता बताई। जिलाधिकारी ने दोनों मानवीय संवेदनशीलता के साथ आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इससे दोनों के उपचार का मार्ग प्रशस्त होगा तथा परिजनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय से पहुंचाने के निर्देश दिए। कहा कि जनता दर्शन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

**समीक्षा** | डीआईजी ने रिजर्व पुलिस लाइंस में किया परेड की गुणवत्ता, अनुशासन आदि का निरीक्षण

# अभिलेख व शस्त्रों की सुरक्षित देखरेख करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम आगमन पर परेड की सलामी ली और परेड का गहन निरीक्षण किया। जिसमें परेड की गुणवत्ता, अनुशासन, टर्नआउट और शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में संचालित आरटीसी में महिला प्रशिक्षुओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन किया। डीआईजी ने प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। डीआईजी ने क्रमवार तरीके से विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। इनमें जी-8 और जी-12 बिल्डिंग, आरटीसी बैरक, भोजनालय, आरओ प्लांट, वामा सारथी रीडिंग रूम, गैस गोदाम, आरटीसी कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, कम्प्यूटर लैब, पुलिस संग्रहालय गैस कार्यालय, कैश कार्यालय, सीपीसी कार्यालय, जिला भोजनालय, फैमिली लाइन, फील्ड यूनिट, पुलिस चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्द, आर्मरी, स्टोर, गणना कार्यालय और जीडी कार्यालय शामिल थे। इस दौरान अभिलेखों और शस्त्रों के रख-रखाव, वाहनों के संचालन व अनुरक्षण, भोजनालय की व्यवस्थाओं आवासीय परिसर की स्थिति और समग्र स्वच्छता का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने, शस्त्रों की सुरक्षित देखरेख, वाहनों के नियमित अनुरक्षण और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण का मुख्य जोर प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार, अनुशासन बनाए रखने और पुलिसकर्मियों के कल्याण से संबंधित व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर रहा।

सलामी लेते डीआईजी मुनिराज जी।

पुलिस लाइन में महिला रिक्रूटों की परेड का निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज जी।

### दृष्टि, सतर्कता संकल्प की 10 प्राथमिकताओं पर चर्चा

निरीक्षण के बाद जिले के सभी थाना प्रभारियों, साइबर सेल प्रभारी एवं थाना स्तर पर नियुक्त साइबर सेल प्रभारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा गोष्ठी की। गोष्ठी के दौरान पुलिस महानिदेशक ने दृष्टि, सतर्कता, संकल्प की 10 प्रमुख प्राथमिकताओं पर विशेष चर्चा की गई। विशेष रूप से अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु तकनीकी दक्षता बढ़ाने तथा प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इसके अलावा उन्होंने थाना केमरी का भी वार्षिक निरीक्षण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला कंडक्टर और चालक से मारपीट

**बिजनौर , अमृत विचार :** किराये के विवाद में कुछ लोगों ने रोडवेज बस की महिला कंडक्टर और चालक के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने बस में तोड़फोड़ भी की। जानकारी के अनुसार बिजनौर से चांदपुर की ओर जा रही रोडवेज बस जब चुंगी के पास पहुंची, तभी सियाऊ जाने के लिए सवार हुए पांच युवकों का महिला कंडक्टर से किराए को लेकर विवाद हो गया। कंडक्टर ने बताया कि युवकों ने टिकट लेने के बाद 500 रुपये का नोट दिया था और बाकी पैसे बाद में देने की बात कहने पर वे आक्रोशित हो गए और मारपीट करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने चालक और महिला कंडक्टर को पीटा। शहर कोतवाली प्रभारी राम प्रताप सिंह ने बताया कि यात्रियों और कंडक्टर के बीच विवाद की सूचना मिली है।

### भाकियू ने तहसील प्रशासन को दी चेतावनी

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने तहसील क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने उपजिलाधिकारी को मांग पत्र भेजकर चेतावनी दी है कि यदि किसानों की मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो 24 फरवरी को दोपहर 12 बजे तहसील मुख्यालय पर स्थित यूपी जिला अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन ने मुख्य रूप से चकबंदी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, आवारा कुत्तों और गोवंश के कारण हो रही मौतों का मुद्दा उठाया है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नेत्रपाल सैनी, लोकेश सिंह, राजपाल सैनी, सीताराम सैनी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### तालाब में मिला लापता व्यक्ति का शव

**बिजनौर, अमृत विचार :** धामपुर थाना क्षेत्र में दस दिन से लापता चल रहे एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को तालाब में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला बगदाद अंसार रोड स्थित एक तालाब का है, जहां स्थानीय लोगों ने पानी में शव उतराता देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त 45 वर्षीय अरशद पुत्र अजगर के रूप में कराई। परिजनों के मुताबिक अरशद 10 फरवरी की शाम एक दावत में शामिल होने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद 12 फरवरी को परिजनों ने धामपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चल सकेगी।

#### डीएम ने जेई भानू प्रताप व क्लर्क आशीष यादव पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए

# विनियमित क्षेत्र कार्यालय में डीएम को मिली गायब फाईलें

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** डीएम निधि गुप्ता ने दूसरे दिन भी सदर तहसील स्थित विनियमित क्षेत्र कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। पत्रावलियों व जरूरी कागजात के गलत तरीके से रखरखाव पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की। इस दौरान कार्यालय से महत्वपूर्ण फाइलें गायब मिली। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जेई भानु प्रताप और क्लर्क आशीष यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन डीएम निधि गुप्ता ने तहसील अमरोहा को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम निधि गुप्ता ने तहसील के विनिमय क्षेत्र कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां पर निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अव्यवस्था, अनियमितता और फाइलों का उचित रखरखाव न होना पाया गया। जिलाधिकारी को तीन फाइलें गायब मिलीं, जबकि एक अन्य फाइल जेई भानु प्रताप द्वारा अपने घर पर होने की बात सामने आई। इस प्रकार कुल चार फाइलों का हिसाब नहीं मिल पाया। कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद पाए गए, जिस पर संबंधित अधिकारियों से जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने फाइलों के अधूरे होने, नोटिसों की तामील न होने और मौके पर सत्यापन की तस्वीरें फाइलों में न लगाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान क्लर्क आशीष यादव को सही ढंग से निगरानी न करने,

निरीक्षण के दौरान क्लर्क आशीष यादव को फटकार लगाती डीएम निधि गुप्ता।

नोटिस भेजने के बाद अनुस्मारक न भेजने और कार्य में लापरवाही बरतने के लिए कड़ी फटकार लगाई गई। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी के कार्यालय पर उचित नियंत्रण न होने पर भी अपनी नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वैध-अवैध भूमि, कॉलोनियों की स्थिति और कितनी भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई है, इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि कोई भी फाइल अधूरी न रहे और सभी कार्यों को नियमानुसार पूरा किया जाए। निरीक्षण में 3 फाइलें गायब पाए जाने और 1 फाइल जे0ई0, विनियमित क्षेत्र भानु प्रताप द्वारा उनके घर पर बताए जाने पर जिलाधिकारी ने जेई विनियमित क्षेत्र भानु प्रताप एवं विनियमित क्षेत्र कार्यालय के बाबू आशीष यादव के खिलाफ एफ0आई0आर0 दर्ज करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तहसील शैलेश कुमार दुबे, उप जिलाधिकारी शुभी गुप्ता, तहसीलदार विजय श्याम, प्रशासनिक अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा आदि सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### आरटीआई का भी नहीं दिया जा सका आज तक कोई संतोषजनक जवाब

विनियमित क्षेत्र अमरोहा के अवर अभियंता की जांच रिपोर्ट पर नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र अमरोहा के कार्यालय में आरबीओ एक्ट की धारा 10 के अंतर्गत वाद दर्ज किया गया था। जिसकी पत्रावली तभी से विनियमित क्षेत्र कार्यालय में सुनवाई हेतु लंबित रही । शिकायतकर्ता शोभा शर्मा उक्त मुकदमें की पैरवी उपजिलाधिकारी सदर के यहां अपने अधिवक्ता के माध्यम से करती रहीं। लेकिन उक्त मुकदमा कार्यालय द्वारा तीन वर्षों में भी निर्णित नहीं किया गया और उसे मिली भगत से दबाया जाता रहा। इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायतकर्ता शोभा शर्मा ने शुक्रवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से की गई शिकायत में कहा कि उक्त पत्रावली को विभागीय जेई भानू प्रताप व कार्यालय लिपिक आशीष यादव ने विपक्षी अर्पित खंडेलवाल से मिली भगत करके अनुचित लाभ लेने के उद्देश्य से पत्रावली गायब या नष्ट कर दिया है। ताकि उसमें कोई प्रतिकूल आदेश ना हो सके। जबकि उक्त सरकारी कार्यालय की सरकारी पत्रावली के गायब होने से संबंधित जवाबदेही कार्यालय के लोगों की ही है। लेकिन अभी तक इस संबंध में उपजिलाधिकारी सदर शैलेश दुबे द्वारा पत्रावली गायब करने के संबंध में कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया या विधिक कार्यवाही नहीं हुई।

### तंत्र-मंत्र के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मे तंत्र-मंत्र और के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक ही पक्ष के महिला व पुरुष सहित छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी में शुक्रवार की दोपहर बाद जमकर मारपीट हुई। मारपीट में पहला पक्ष से महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि आरोपी उनके घर से पचास हजार रुपये चोरी कर ले गये। जब इस बात का विरोध किया गया और पैसे वापिस मांगे गए, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में महेंद्र, ओमदत्त, कमलेश, अर्चना, सरिता और परवीन बुरी तरह घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष के राजा पुत्र प्रदीप का कहना है कि उनके गेट के आगे किसी व्यक्ति के द्वारा तंत्र क्रिया कर दी गई थी।

# अंगूर के गोदाम में अचानक लगी आग, लाखों सामान जलकर राख

#### आग की लपटें और धुंए के गुबार से मची अफरातफरी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** अंगूर के गोदाम में टीन शेड पर लगाए जा रहे सोलर पेनल की वेल्डिंग करते समय चिंगारी निकली। जिससे गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की लपटें आसमान छू रहीं थी। तथा धुंए के गुब्बार देख हड़कंप मच गया। आग लगने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस व दमकल टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग लगने से लाखों रूपये का नुकसान बताया जा रहा है।

यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया कस्बे की है। दरअसल अमरोहा-जोया रोड पर स्थित गांव जोई में दिलदार हुसैन के बेटे मोहम्मद अहमद का फलों का गोदाम है। मोहम्मद अहमद फल कारोबारी हैं। रमजान माह के चलते अहमद ने

आग से उठता धुएं का गुबार।

गोदाम में लगी आग की उठती लपटें।

बड़ी तादाद में अंगूर लाकर गोदाम में रखवाया था। शुक्रवार की दोपहर गोदाम की टीनशेड पर सोलर पैनल लगाने का काम चल रहा था। मिस्त्री सोलर पेनल लगाने के लिए टीन शेड के उपर वेल्डिंग का कार्य कर रहे थे। अचानक वेल्डिंग करते समय चिंगारी फलों की क्रेट पर गिर गई। जिसके बाद अखबार व पुआल ने आग पकड़ ली। कुछ देर में पूरे गोदाम में भीषण आग लग गई। आग में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें आसमान छूने लगी। धुएं के गुबार देखकर लोग घरों से बाहर निकल आए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### लाखों के नुकसान का अनुमान

मोहम्मद अहमद ने बताया कि आग लगने से 1500 क्रेट अंगूर की व कई हजार खाली क्रेट जलकर राख हो गईं। उन्होंने बताया कि अभी नुकसान का आंकलन नहीं किया है। हालांकि लाखों रुपये का सामान जलकर रखा हो गया है। अनुमान है कि आग लगने से करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हो गया है। आग लगने से आसपास के इलाके में भी हड़कप मचा रहा।

### दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

आग सीओ सिटी अभिषेक यादव ने ही घटनास्थल का मुआयना किया। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ।सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई और ना ही कोई हुआ है। आग बुझा दी गई थी। अग्निकांड में हुए नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है।

### अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर मनौटा पुल और प्याऊ के बीच एक तेज रफ्तार अज्ञात सिल्वर रंग की कार ने बाइक सवार दंपती को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कोतवाली क्षेत्र के गांव चकौरी निवासी महेश सिंह और उनकी पत्नी नीलम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित महेश सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ 16 फरवरी को तिगरी धाम से गंगा स्नान कर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही कार ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में नीलम के हाथ-पैर और कूल्हे में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि हाथ की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने और इलाज कराने की गुहार लगाई है। जब इस बारे में वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया पीड़ित की तहरीर व कार के नंबरों के आधार पर गुरुवार की रात को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

बुरावली की आयशा मस्जिद में दुआएं मांगते रोजेदार। ● अमृत विचार

### रोजेदारों ने अदा की पहले जुमे की नमाज, देश की तरक्की की दुआ मांगी

संवाददाता बुरावली(अमरोहा)

**अमृत विचार:** बुरावली क्षेत्र की सभी मस्जिदों में रोजदारों ने रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। जिसमें मस्जिदे नमाजियों से खचाखच भरी रही। नमाज पड़ने के बाद देश में अमन व चौन और कौम की तरक्की के लिए दुआए मांगी। इसके बाद तिलावत का सिलसिला शुरू हुआ। बुरावली की आयशा मस्जिद के इमाम हाफिज सारिम अली एवं मोहम्मद रजा ने बताया कि रोजा हर आकिल व बालिग पर फर्ज होते हैं। रोजे रखने की फजीलत यह है कि कोई बंदा एक रोजा छोड़े तो सारी उम्र भी रोजा रखने पर वह फजीलत नहीं पा सकता। इसके अलावा आयशा मस्जिद में दोपहर 1 बजे हाफिज सारिम ने नमाज अदा कराई। बिलाल मस्जिद में 1:15 पर नजरे आलम ने नमाज अदा कराई और जमा मस्जिद में 1:30 बजे हाफिज सुहेल ने नमाज अदा कराई। मदीना मस्जिद में कारी सरफराज ने नमाज अदा कराई, अड्डे वाली बिलाल मस्जिद में कारी फरहान ने नमाज अदा कराई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: इज्जत/इलै./ओ.टी./01/2026 दि. 13.02.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा अनन्त्रित की जाती है:-**क्रम सं.:-01,कार्य का नाम:**-पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के पीलीभीत स्टेशन के "संशोधित मास्टर प्लान के अनुसार नए स्टेशन भवन और प्लेटफार्म के निर्माण" और पीलीभीत स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग से सम्बन्धित सामान्य विद्युतीकरण कार्य।, **विवरण:- अनुमानित लागत रु. में:-** 2,25,54,102.26, **धरोहर राशि रु. में:-**2,62,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:-**शून्य, **निविदा का प्रकार:-** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय:-** 09.03.2026 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:-** 12 माह, • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर ऑन लाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नही किया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/मुजाधि/विद्युत-285** इज्जतनगर

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**


# टीईटी से मुक्त करने की मांग तेज

संवाददाता मंडी धनौर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र धनौरा में आयोजित की गई। जिसमें 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की सरकार से मांग उठाई। बैठक की अध्यक्षता यशपाल सिंह ने की, जबकि संचालन मुकेश चौधरी द्वारा किया गया। बैठक में ब्लॉक कार्य समिति एवं संघर्ष समिति को आगामी आंदोलन की रणनीति के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही 22 फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर चलाए जाने वाले अभियान और 26 फरवरी को जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित विरोध रैली की जानकारी भी साझा की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष योगेश चौधरी ने कहा कि किसी भी आंदोलन में ब्लॉक बढ़-चढ़कर भाग लेगा और जब तक सरकार 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त नहीं करती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। वहीं जितेंद्र कटारिया ने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। डॉ पृथ्वी सिंह ने अपने विचार रखते हुए मौजूद शिक्षकों एवं पदाधिकारियों से संघर्ष को मजबूत करने की बात कही। बैठक में ब्लॉक कोषाध्यक्ष विक्रांत यादव, जिला ऑडिटर हरिओम त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप त्यागी, वीरेंद्र सिंह, अमरपाल सिंह, मनोज शर्मा, विकास उपाध्याय, भंवरजीत सिंह, अनुज कुमार, संदीप कुमार, सुनील सिद्धू, नितिन सिंह, मनजीत सिंह, देशराज सिंह, हरेंद्र सिंह, मुनेंद्र सिंह सिद्धू, युसूफ अली, शाहिद, देवेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद शिक्षक ● अमृत विचार

● **ब्लॉक संसाधन केंद्र धनौरा में शिक्षक संघ की बैठक, आंदोलन की रणनीति तय**

### कॉलेज परिसर में रात के अंधेरे में चली कुल्हाड़ी

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के अंतर्गत न्याय पंचायत उझारी स्थित कौशल्या इंटर कॉलेज के परिसर में लकड़ी माफियाओं ने दुस्साहस का परिचय देते हुए आम के दर्जनों हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी। गुरुवार की देर रात माफियाओं ने अंधेरे का फायदा उठाकर कॉलेज परिसर में खड़े फलदार पेड़ों को काट डाला और रातों-रात लकड़ी को वहां से गायब कर दिया। सुबह जब घटना की जानकारी स्थानीय लोगों और वन विभाग को हुई, तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पकड़ लिया है। वन विभाग की टीम दोनों आरोपियों को न्याय पंचायत सिहाली जागीर स्थित रेंजर कार्यालय ले आई है, जहाँ उनसे पूछताछ हो रही है।

# अमरोहा नगर और डिडौली कोतवाल हटाए गए

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● **एसपी ने छह थाना प्रभारियों के किए तबादला**

**अमृत विचार:** एसपी ने छह थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। इसके साथ ही लंबे समय से कुर्सी पर जमे अमरोहा नगर कोतवाली पंकज तोमर व डिडौली कोतवाल हरीशवर्धन सिंह को थानों से हटा दिया गया। एसपी ने थाना प्रभारी सहित 17 इंस्पेक्टरों का तबादला कर दिया है।

कानून व्यवस्था को और ज्यादा बेहतर बनाने के लिए एसपी ने थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए। गुरूवार की देर रात एसपी ने तबादला एक्सप्रेस चलाई जिसमें नौगावां सादात थाना प्रभारी सुनील कुमार को अमरोहा नगर कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। जबकि अमरोहा नगर कोतवाली प्रभारी पंकज तोमर को एसपी का पीआरओ नियुक्त किया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी जितेंद्र बालियान को डिडौली थाना प्रभारी, क्राइम इंस्पेक्टर गजरौला अमरपाल सिंह को मंडी धनौरा थाना प्रभारी, पीआरओ राजेश तिवारी को हसनपुर थाना प्रभारी और मंडी धनौरा थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार को नौगावां सादात थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है ।इसके अतिरिक्त, रहरा थाना प्रभारी अतवीर सिंह चौहान को एसओजी प्रभारी और एसओजी प्रभारी बज्रेश सिंह को रहरा थाना प्रभारी बनाया गया है। हसनपुर थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह को एसपी का पीआरओ, डिडौली थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह को एएचटी थाना प्रभारी और एएचटी थाना प्रभारी जय कुमार को क्राइम ब्रांच भेजा गया है।


कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
**ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल) सेक्टर 5**
**मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail : emombd@upavp.com**

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित अल्प आय वर्ग भवन संख्या-184 प्रदेशन-पत्र पत्रांक 125/LIG/A-184/सं.प्र./दमदमा कोठी/दिनांक 08.06.1984 द्वारा श्री प्रेम प्रकाश अग्रवाल पुत्र स्व. श्री तन्नू मल अग्रवाल के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 16.05.1985 को इस कार्यालय से किराया-किश्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 14.06.1985 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 26.04.1988 को इस कार्यालय से पट्टा विलेख/विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 11.07.1988 को उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत कराया है। श्री प्रेम प्रकाश अग्रवाल द्वारा अपने जीवनकाल में दी गयी वसीयतनामा के आधार पर श्री प्रेम प्रकाश अग्रवाल की मृत्यु उपरान्त श्रीमती आशा रानी अग्रवाल पत्नी स्व. श्री कुलदीप मोहन अग्रवाल के पक्ष में आदेश सं. 1415 दिनांक 08.06.1992 के द्वारा नामान्तरण किया गया है। आवेदकगण श्री शरद अग्रवाल, श्री अमरदीप अग्रवाल पुत्रगण स्व. श्री कुलदीप मोहन अग्रवाल एवं श्रीमती सारिका अग्रवाल पत्नी श्री विजय गर्ग, पुत्री स्व. श्री कुलदीप मोहन अग्रवाल के द्वारा परिषद की वेबसाइट upavp.in https://janhit.upda.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र संख्या MU2026020512550252 दिनांक 05.02.2026 करते हुए श्रीमती आशा रानी अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 25.02.2021 को होने के उपरान्त वारिसान के आधार पर सम्पत्ति के अभिलेखों में नाम अन्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्पलेक्स (भूतल) सेक्टर-5 मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबन्धक**


### युवक ने फंदे पर झूलकर दी जान

**ढबारसी, अमृत विचार:** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भूवरा में गुरुवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कृष्ण (20) पुत्र ब्रजपाल सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार कृष्ण की शादी दो वर्ष पूर्व जनपद सम्भल के गांव अख्तियारपुर में हुई थी। करीब आठ दिन पहले वह अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल गया था, लेकिन किसी कारणवश पत्नी को विदा नहीं किया गया। गुरुवार को वह ससुराल से वापस घर लौटा । इसके बाद रात में वह अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों को चिंता हुई। दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा, जहां कृष्ण फंदे से लटका मिला।

मृतक कृष्ण।

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 2387 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● **कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चल रही है यूपी बोर्ड की परीक्षा**

**अमृत विचार:** जिले के 68 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा हुई। हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान तो इंटरमीडिएट की अंग्रेजी परीक्षा हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संपन्न करने के लिए सुबह से पुलिस प्रशासन व विभागीय अफसर अलर्ट रहे। सचल दल केदो का दौरा करते नजर आए। हाईस्कूल में 1316 परीक्षार्थी तो इंटरमीडिएट 1071 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिले में 68 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। शुक्रवार को पहली पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान प्रश्न पत्र की परीक्षा अपने निर्धारित समय से प्रारंभ हुई। सुबह 7 बजे के बाद से छात्राएं केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। कॉलेज में प्रवेश से पहले छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। प्रवेश पत्र आदि चेक किए गए। जोनल व सेक्टर में स्टेट परीक्षा केंद्रों का दौरा करते नजर आए। परीक्षा शुरू होते ही सचल दल भी अलर्ट हो गए। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। सुबह से ही पुलिस कुर्मी परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा में मुस्तैद दिखाई दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा शुरू हो गई थी। किसी भी केंद्र से कोई शिकायत नहीं मिली है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि पहली पाली में हाई स्कूल सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई जिसमे कल परीक्षार्थी 26449 पंजीकृत थे। जबकि 25133 परीक्षार्थियों ही उपस्थित रहे। 1316 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें अंग्रेजी की परीक्षा में कुल 23104 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 22033 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 1071 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 68 परीक्षा केंद्रों की निगरानी कंट्रोल रूम से की गई। परीक्षा केंद्रों का सचल दल द्वारा बराबर निरीक्षण किया गया। सेक्टर वह जोनल मजिस्ट्रेट भी परीक्षा केंद्रों का बराबर निरीक्षण करते रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिजनौर,अमृत विचार :** बिजनौर जनपद में शुक्रवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अफजलगढ़ क्षेत्र के रेहड़ इलाके में नबावाद गुरुद्वारे के पास हुआ।

मानियावाला निवासी जाहिर (75) और सत्तार (60) बाइक से भिक्कावाला जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान जाहिर की हालत बिगड़ने पर उन्हें हायर सेंटर ले जाया जा रहा था,लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। बताया जाता है कि तेज गति से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी थी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)**

पत्रांक :-402/न.पा.परि.ह./2025-26 दिनांक 20.02.2026

**ई-टेण्डरिग निविदा सूचना**

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार/फर्मो/ से विकास कार्य हेतु ई-निविदायें दिनांक 24.02.2026 से दिनांक 06.03.2026 समय दोपहर 03.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है जो दिनाक 06.03.2026 को ही अपरान्ह 04.00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओ की उपस्थिति मे https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई-टेण्डरिग से सम्बन्धित नियम व फार्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यून्तम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | E-bid reference no. | 402/ना.पा.परि.ह./2025-26 | | |
| 2. | Reference Release | | 21.02.2026 | |
| 3. | | Tender Download/ Uploaded | 24.02.2026 | प्रात: 10 बजे |
| 4. | Close for Bid | | 06.03.2026 | सायं 03 बजे |
| 5. | Bid Opening | Technical | 06.03.2026 | सायं 04 बजे |
| 6. | Bid Opening Palace | | | नगर पालिका परिषद हसनपुर |

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**न.पा.परि. हसनपुर** **न.पा.परि. हसनपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से टप्पेबाज ने ठगे 20 हजार

**चंदौस, अमृत विचार :** मंडी समिति में फसल बेचने आए किसान के पुत्र को टप्पेमार ने निशाना बनाकर 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित किसान थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र का निवासी है, जो अपने बेटे के साथ उड़द बेचने मंडी आया था। दोनों ने उड़द बेचकर करीब 47,800 रुपये प्राप्त किए थे। बेटे ने कुछ रकम पिता को दे दी और बाकी पैसे अपनी जेब में रख लिए। मंडी से बाहर निकलते समय एक युवक ने स्वयं को परिचित बताकर बेटे से बातचीत शुरू कर दी और उसे बहाने से एक ओर ले गया। इसी दौरान आरोपी ने चालाकी से उसकी जेब से 20 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने मंडी चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। बताया जाता है कि मंडी समिति और बस स्टैंड क्षेत्र में टप्पेमार गिरोह सक्रिय हैं, जिससे किसानों और राहगीरों में भय बना हुआ है।

### पाइपलाइन में लीकेज से राहगीरों को समस्या

**चंदौसी, अमृत विचार :** अमृत योजना के अंतर्गत शहर में बिछाई गई नई पेयजल पाइपलाइन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। शक्तिनगर क्षेत्र में पाइपलाइन से लगातार हो रहे लीकेज के कारण सड़क पर पानी भर गया है, जिससे सड़क की मजबूती प्रभावित हो रही है और भविष्य में धंसने का खतरा बढ़ गया है। हाल ही में इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ी की गई थी और स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन पाइपलाइन की खराब गुणवत्ता ने विकास कार्यों पर पानी फेर दिया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने में मानकों की अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। साथ ही संबंधित विभाग द्वारा बिना सही जांच के कार्य को स्वीकृति देना भी लापरवाही को दर्शाता है। नागरिकों ने लीकेज को तत्काल ठीक कराने और जिम्मेदार संस्था व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



सड़क पर बहता पानी।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' के विरोध में प्रदर्शन

## गुन्नौर कोतवाली के बाहर भाकियू कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, फिल्म रिलीज होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** गुन्नौर क्षेत्र में फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' को लेकर विरोध लगातार जारी है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले यादव समाज के लोगों ने तहसील व कोतवाली पर जोरदार प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने फिल्म के निर्माता संदीप तोमर पर आरोप लगाया कि फिल्म के माध्यम से यादव समाज की छवि को नकारात्मक रूप में पेश करने का प्रयास किया गया है। फिल्म का शीर्षक 'यादव जी की लव स्टोरी' रखना समाज की भावनाओं को आहत करने वाला है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि फिल्म के नाम और कथानक को लेकर यादव समाज में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। किसान नेताओं ने कहा कि यदि रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन उग्र रूप से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अपने हित के लिए किसी दूसरे जाति या समुदाय को नीचा नहीं दिखा सकता है। ज्ञापन सौंपने वालों में नरेंद्र यादव, अनिल यादव प्रधान, उमेश यादव, गुड्डू यादव, दिनेश यादव, जगदीश यादव, वीरेश यादव और रिंकू यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

गुन्नौर कोतवाली के बाहर प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### फिल्म पर रोक लगाने के लिए भाकियू ने दिया ज्ञापन

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर पाबंदी की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने भी फिल्म के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने और निर्माता-निर्देशक समेत कलाकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शुक्रवार को थाना कैलादेवी प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा को ब्लॉक रजपुरा अध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि फिल्म के माध्यम से यादव समाज को निशाना बनाते हुए उसे नीचा दिखाने और बदनाम करने का प्रयास किया गया है। किसान यूनियन ने मांग की कि फिल्म को केंद्रीय बोर्ड से मान्यता न दी जाए और पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि फिल्म रिलीज हुई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में शिशपाल सिंह, केपी राणा (जिलाध्यक्ष), शंकर सहाय यादव, शंकर सिंह यादव, ओमसरन सिंह, जसवीर सिंह यादव, पंकज यादव, भानु सिंह, संतोष कुमार, मनोज कुमार, मोरध्वज और कृपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पुलिस-प्रशासन ने ज्ञापन लेकर जांच व आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कैला देवी पर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# शिया-सुन्नी की सहमति से लगा जामा मस्जिद मे ताला

सुरक्षा के लिहाज से मस्जिद के सामने खड़ी पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता सैदनगली

● विवाद के चलते आपसी सहमति से लिया गया निर्णय

**अमृत विचार:** नगर पंचायत सैद नगली की जामा मस्जिद मे ताला लगा दिया गया है। यह फैसला सुन्नी और शिया विवाद के चलते आपसी सहमति के द्वारा किया गया है। ज्ञात हो जमा मस्जिद में शिया और सुन्नी विवाद काफी लंबे समय से चला आ रहा है इस मामले में एक वाद वक्फ ट्यूबिनल में भी लंबित है। सुन्नी लोगों का कहना है कि हम जमात के साथ मस्जिद में नमाज और तराबी अदा करेंगे। लेकिन शिया पक्ष इसका लगातार विरोध कर रहा है तो दोनों पक्षों के विरोध को देखते हुए आपसी सहमति से जामा मस्जिद में ताला लगा दिया गया है। अब कोई भी पक्ष मस्जिद में नमाज नहीं पढेगा। जब तक की वक्फ ट्यूबिनल का निर्णय किसी के पक्ष में नहीं आ जाता है। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि उच्च अधिकारियों की सहमति से दोनों पक्षों को बुलाकर आपस में बातचीत की और ताला लगाने का निर्णय लिया गया है। अब कोई भी पक्ष जामा मस्जिद में नमाज नहीं पढेगा। जब तक की वक्फ ट्यूबिनल के द्वारा निर्णय न हो जाए। इस वक्त जामा मस्जिद पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

# कड़ी सुरक्षा में अदा हुई रमजान माह के पहले जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** रमजान माह के पहले जुमे की नमाज शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित शाही जामा मस्जिद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई। नमाज के दौरान देश, दुनिया और शहर में अमन-शांति की दुआ मांगी गई। सुरक्षा के मद्देनजर दो थानों की पुलिस, आरआरएफ और पीएसी को तैनात किया गया। सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बनाए गए कंट्रोल रूम से पूरे इलाके की निगरानी की गई।

दोपहर करीब 1:40 बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद पहुंचे और जुमे की नमाज अदा की। मस्जिद की ओर आने वाले तीनों रास्तों पर बैरियर लगाकर पुलिस बल तैनात रहा। नमाजियों के अलावा अन्य किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। सीसीटीवी कैमरों के जरिए जामा मस्जिद क्षेत्र पर नजर रखी गई। नमाज के दौरान मुजम्मिल हयात, याबर फराज, मौसुद्दीन, मोहम्मद फैसल, जियाउल हक, रेहान, बिट्टू वारसी, अजीम, मौ. शाह हुसैन, कमर, कमाल, शमीम, इसरार हुसैन, आदिल, शकील, अकील, नन्हे और गुलाम आजाद सहित बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे। कमेटी सचिव मसूद फारुखी एडवोकेट ने बताया कि रमजान के पहले जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि अधिक संख्या में लोगों ने नमाज अदा कर अमन-शांति और भाईचारे की दुआ की। नमाजी मौहम्मद आरिफ ने भी कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नमाज शांति से अदा की गई और पुलिस प्रशाससन मुस्तैद रहा।

जामा मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

## गणेश कॉलोनी में देवी चौकी के बाद हुआ विशाल भंडारा

**चंदौसी, अमृत विचार :** गणेश कॉलोनी स्थित देवी मंदिर में वार्ष्णेय समाज के परिवार द्वारा भक्तिमय वातावरण में देवी चौकी का आयोजन किया गया। भजन संध्या में कलाकारों ने माता रानी के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिससे श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में डूबे रहे।

मंदिर परिसर जयकारों से गूंजता रहा और बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित भंडारे में कॉलोनीवासियों और नगर के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन को सफल बनाने में सोनू, मिन्टू, पुष्पेन्द्र, सुशीला, प्रतीक, शिखा, शशि व शुभम सहित कई लोगों का सहयोग रहा। सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सौ सीटों पर होगा भीम आर्मी का कब्जा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन ने संभल दौरे के दौरान चुनावी तैयारियों को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि ज़मीनी स्थिति संगठन के पक्ष में बेहद मजबूत है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में 100 से ज्यादा सीट जीतकर पार्टी भाजपा की नींद हराम करेगी।

संभल में भीम आर्मी पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत कुमार के पेट्रोल पंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने आए विनय रतन ने कहा कि तमाम सरकारी दबावों के बावजूद भीम आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी निडर होकर मैदान में काम कर रहे हैं।

उन्होंने संगठन की तैयारियों को मजबूत बताते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इम्तियाज जलील के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कट्टरवाद के हर रूप की आलोचना की। मोहन भागवत के घर वापसी वाले बयान पर उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 25-26 के खिलाफ बताया।

यूजीसी को लेकर उन्होंने कहा कि इसे हर हाल में लागू किया जाना चाहिए। यदि सरकार पीछे हटती है तो भीम आर्मी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को हराने के लिए भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी की भूमिका अहम रहेगी। जरूरत पड़ने पर अकेले चुनाव लड़ने की बात कहते हुए उन्होंने 2027 में 100 से अधिक सीटें पार करने का दावा किया। एस्टीम फाइल्स प्रकरण पर उन्होंने इसे निंदनीय बताते हुए कहा कि इस मामले में भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।

संभल में पार्टी पदाधिकारियों के साथ भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन।

● भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन ने किया दौरा

# रुपजहां ऑनर किलिंग मामले में प्रेमी शिवम की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के मतावली पट्टी गांव में हिंदू समुदाय के युवक से प्यार करने से नाराज युवती की गला दबाकर हत्या करने के मामले में जहां अपना अपराध स्वीकार करने वाला युवती का भाई पुलिस की हिरासत में है। पुलिस परिवार के बाकी लोगों की भूमिका की भी गहराई से जांच कर रही है।

हत्या आरोपी जाने आलम।

मतवाली पट्टी गांव के रहने वाले मुस्लिम समुदाय के नौशे की बेटी रूपजहां की आंखें गांव के ही रहने वाले हिंदू समुदाय के युवक शिवम सैनी से चार हुई तो दोनों ने समाज की परवाह छोड़कर अलग दुनिया बसाने का फैसला कर लिया। शिवम के साथ घर बसाने की जिद पर अड़ी रूप जहां ने घरवालों से साफ कह दिया कि वह शिवम के साथ ही शादी करेगी चाहे कुछ भी हो जाए। शिवम की मां हर प्यारी का कहना है की दोनों के बीच एक साल से चल रहे प्यार के बीच 2 महीने पहले शिवम ने रूपजहां से चुपचाप शादी कर ली थी। इसके बाद से विवाद ज्यादा बढ़ गया था। दो दिन पहले मामला थाने तक पहुंचा था।

● पुलिस पूरे प्रकरण की कर रही गहनता से जांच, परिजनों पर शक

इसके बाद गुरुवार रात रूपजहां की हत्या कर दी गई। रूप जहां के भाई जाने आलम ने गुरुवार रात 9:57 पर डायल 112 को फोन कर कहा कि मैंने अपनी बहन की हत्या कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाने आलम को हिरासत में ले लिया, लेकिन पुलिस अब अपनी जांच को जाने आलम के बयान से आगे बढ़ा रही है। रूपजहां के पिता और उसका दूसरा भाई भी पुलिस की जांच के दायरे में है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने बताया की पुलिस जांच कर रही है।

**प्रेमी की मां ने दर्ज कराई रूपजहां की हत्या की रिपोर्ट :** रूप जहां की हत्या के मामले में असमोली थाना पुलिस ने प्रेमी युवक शिवम सैनी की मां हर प्यारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं प्रेमी शिवम की मां हरप्यारी की तरफ से जो मुकदमा दर्ज कराया गया है उसमें कहा गया है कि मेरा बेटा शिवम 22 साल का है जो गांव के रहने वाले नौशे की 21 साल उम्र की बेटी रूपजहां से पिछले 1 साल से प्यार करता था। दो माह पहले बिना किसी को बताए शादी कर ली थी। अब रूप जहां के बड़े भाई जाने आलम ने रूप जहां की हत्या कर दी है।

रूपजहां के घर के बाहर खड़े लोग। ● अमृत विचार

रुपजहां की हत्या का स्थान दिखाता नौशे।

### बेटी की हत्या पर पिता बोला कोई अफसोस नहीं

रुपजहां के पिता नौशे ने बताया कि बेटी रूपजहां का आचरण ठीक नहीं था। पिछले कई माह से गांव में जग हंसाई हो रही थी। वह दूसरे हिंदू के एक लड़के शिवम सैनी से शादी की बात पर अड़ी थी। शिवम कभी घर के बाहर आ जाता था तो कभी घर में मोबाइल देकर चला जाता था। बेटी सुनने को तैयार नहीं थी। इस हालात में गांव के लोग मज़ाक उड़ाकर तमाम तरह की बातें कह रहे थे। नौशे ने कहा कि मेरे बेटे जाने आलम ने रूपजहां की जान ली है। कहा कि बेटी की हत्या पर न तो उन्हें पछतावा है और न ही उनके बेटे को। बोला ऐसी लड़की को मारना ही सही है जो बेइज्जती करा रही हो।

### थाने में कहा था कि शिवम के साथ रहेगी

बुधवार को जब रूपजहां के परिजनों ने उसे डांटा-फटकारा। इसके बाद रूपजहां ने प्रेमी शिवम सैनी के साथ शादी कर उसके साथ रहने की इच्छा जताते हुए अपनी जान को खतरा बताया और असमोली पुलिस को फोन कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे थाने ले गई, जहां वह शिवम से शादी कराने की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने शिवम और दोनों पक्षों के परिजनों को भी थाने बुलाया। ग्राम प्रधान के कहने पर पुलिस ने रूपजहां को प्रधान और परिजनों के साथ वापस घर भेज दिया। इसके बाद गुरुवार को परिवार ने उसे काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह अपने फैसले पर कायम रही। रूपजहां पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थी। उससे दो बड़े भाई और दो छोटी बहनें हैं। वह इंटर पास थी और गांव के ही एक स्कूल से पढ़ाई की थी। परिवार और समाज के दबाव के बीच अपने फैसले पर अडिग रहने वाली इस युवती की जिंदगी महज कुछ ही पलों में खत्म हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने बताया कि कॉल डिटेल, मोबाइल रिकॉर्ड और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चेयरमैन सुबीना जैदी ने की ईओ हटाने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार:** नौगांवा सादात नगर पंचायत में विवाद नहीं थम रहा। अब पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन और वर्तमान चेयरमैन पति नदीम अब्बास जैदी ने चेयरमैन सुबीना जैदी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से मिलकर ईओ पर गंभीर आरोप लगाए।

नगर पंचायत नौगांवा सादात चेयरमैन सुबीना जैदी और उनके पति नदीम जैदी कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि ईओ सलिल भारद्वाज ने अपने कार्यालय में एक पोस्टर चस्पा करवाया है, जिसमें उनका प्रवेश वर्जित किया गया है। अधिशासी अधिकारी की अहंकारिता का परिणाम बताया है। उन्होंने मांग की है कि भारद्वाज को हटाकर किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति की मांग की है।

# तहसील से कोतवाली तक का डीएम ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने शुक्रवार को तहसील संभल, विकासखंड कार्यालय, नगर पालिका परिषद संभल और कोतवाली संभल का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लंबित वादों के निस्तारण, राजस्व वसूली, जन शिकायतों के समाधान और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले तहसील संभल कार्यालय में रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया गया। नायब तहसीलदार न्यायालय में लंबित वादों की पत्रावलियों की जांच कर एक वर्ष से अधिक पुराने मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने और पांच प्रमुख बकायेदारों के नाम चस्पा करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस कक्ष और मतदाता पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर फार्म-6 की प्रगति जानी गई। तहसील परिसर के बरामदों में जाली लगवाने के निर्देश भी दिए गए। इसके बाद विकासखंड कार्यालय में विभिन्न पंजिकाओं की जांच की गई। ग्राम गजेटियर, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सुगम्य ज्ञान केंद्र को नियमित रूप से संचालित करने, जर्जर वाहनों की नीलामी कराने और टीन शेड पर बंदरों से बचाव के लिए जाली लगाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका परिषद संभल में वार्डवार सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की तैनाती, कचरा उठान और अक्रियाशील वाहनों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली गई। सीसीटीवी कक्ष का निरीक्षण कर निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए।

अंत में सिंचाई विभाग कॉलोनी, कनेटा रोड बहजोई स्थित सूचना विभाग के निर्माणाधीन पुस्तकालय कक्ष का निरीक्षण किया गया। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी संभल रामानुज, क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ,तहसीलदार संभल धीरेंद्र सिंह ,खंड विकास अधिकारी संभल प्रेमपाल सिंह एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल डॉ. मणि भूषण तिवारी आदि मौजूद रहे।

संभल तहसील कार्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लेते जिलाधिकारी ● अमृत विचार

● तहसील, ब्लाक कार्यालय, नगर पालिका परिषद व कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

# केमिकल लदे ट्रक में लगी भीषण आग

कार्यालय संवाददाता,संभल/सिरसी

**अमृत विचार:** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी के पास संभल-मुरादाबाद मार्ग पर शुक्रवार शाम केमिकल से लदे एक ट्रक में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि तीन फायर ब्रिगेड गाड़ियों के पहुंचने के बाद भी देर तक लपटें उठती रहीं। केमिकल में आग की वजह से आसपास इलाके में हड़कंप मचा रहा। मुख्य मार्ग पर एक दिशा का यातायात घंटों तक बंद रहा।

शुक्रवार दोपहर बाद एक ट्रक मुहम्मदपुर मालनी से कूलर वाली घास भरकर संभल-मुरादाबाद रोड पर आया ही था कि उसमें से धुआं उठता दिखाई दिया। बाइक सवारों ने जब ट्रक चालक को इसकी सूचना दी तो उसने तुरंत वाहन रोककर जांच की। चालक ने डाला खोलकर घास नीचे फेंकनी शुरू की, लेकिन इसी दौरान आग भड़क उठी। स्थिति बिगड़ती देख चालक आग से जलते ट्रक को दौड़ाकर कुछ दूरी पर एक होटल के पास ले गया। वहां मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक में रखे केमिकल के कुछ ड्रम जल्दी-जल्दी नीचे उतार लिए। लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई और विकराल रूप धारण कर लिया। बताया जा रहा है कि आग बढ़ने पर चालक ने ट्रक को संभल की ओर ले जाकर फिर मोड़ते हुए मुरादाबाद दिशा में किया और वाहन को सड़क किनारे गहरी खाई में उतार दिया, ताकि केमिकल के ड्रम नीचे गिर जाएं और बड़ा हादसा टल सके। बावजूद इसके आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलते ही हजरतनगर गढ़ी थाना प्रभारी सुधीर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन केमिकल की वजह से आग लगातार धधकती रही। ट्रक चालक कफील और तोसीफ अहमद निवासी ग्राम गुरेर ने बताया कि दो दिन पहले गजरौला से केमिकल भरा गया था। डींगरपुर में वाहन में काम कराने के बाद वह हैदराबाद जा रहे थे। जैसे ही ट्रक संभल-मुरादाबाद मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा, उसमें से धुआं उठता दिखाई देने लगा। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

ट्रक से उठतीं आग की लपटें। ● अमृत विचार

● दो घंटे की मशक्कत के बाद भी नहीं बुझ सकी आग

● खाई में पलटने के बाद भी नहीं थमी लपटें

## न्यूज ब्रीफ

### मोदी यूपी को देंगे सेमीकंडक्टर और रैपिड रेल की रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 और 22 फरवरी को प्रदेश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण और

अत्याधुनिक परिवहन कनेक्टिविटी का तोहफा देंगे। दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति रहेगी। शनिवार को प्रधानमंत्री वर्चुअली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट 'इंडिया चिप' का शिलान्यास करेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-28 में 48 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली यह परियोजना एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का संयुक्त उपक्रम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर मौजूद रहेंगे। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट ओसैट सुविधा होगी, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ के जीडीपी योगदान और करीब 3,000 रोजगार सृजन की संभावना है। रविवार को पीएम मोदी मेरठ में नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक रैपिड रेल के संचालन से दिल्ली-मेरठ का सफर एक घंटे से भी कम समय में पूरा होगा। 180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति और हर 10 मिनट में ट्रेन उपलब्ध होने से यातायात सुगम होगा और प्रदूषण घटेगा। साथ ही, 12 मेट्रो स्टेशनों के साथ 21 किमी की शहरी यात्रा आधे घंटे से कम में संभव होगी।

### आज किसानों को बड़ा तोहफा देंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** शनिवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों और आपदा मित्रों को बड़ी राहत देंगे। पीएम फसल बीमा योजना (खरीफ 2025) के तहत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3,500 परिवारों को 175 करोड़ की सहायता राशि वितरित की जाएगी। आपदा मित्रों को जीवन बीमा लाभ मिलेगा। साथ ही बागपत, शामली, कासगंज, भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, मऊरानीपुर (झांसी) में 50 शैय्या छात्रावास और लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो का शिलान्यास होगा।

### लापता लोगों को न तलाश पाने पर डीजीपी नाराज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 20,350 लोग लापता चल रहे हैं, लेकिन पुलिस का भारी भरकम अमला उन्हें तलाश नहीं कर सका है। उधर डीजीपी राजीव कृष्ण ने लोगों को तलाश नहीं कर पाने पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने एक कार्य योजना तैयार की है। साथ ही सभी पुलिस अफसरों से कहा है कि वह हर माह लापता लोगों और बच्चों को तलाशने के लिए विशेष अभियान चलाएं। प्रदेश में एक जनवरी-2024 से 18 फरवरी-2026 यानी दो साल के भीतर 1,08,372 लोग लापता हो गए। हालांकि पुलिस ने 88,022 लोगों को तलाश भी कर उनके घरों तक पहुंचा दिया। अब 20,350 लोग ऐसे हैं, जो कि अपनों के पास नहीं पहुंच सके हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक लापता व्यक्ति को तलाशना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

# प्रदेश के सरकारी उपक्रमों में हजारों करोड़ की अनियमितताएं

## विधानसभा के पटल पर रखी गई सीएजी रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा, निर्माण निगम से परिवहन व औद्योगिक उपक्रमों तक नियम विरुद्ध भुगतान व ठेके

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा में शुक्रवार को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना द्वारा रखी गई भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की ताजा रिपोर्ट ने प्रदेश के राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों यानी एसपीएसई में व्यापक भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और कमजोर शासन व्यवस्था की परतें उधेड़ दी हैं। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि कई उपक्रमों में बिना अनुमति काम शुरू करना, वास्तविक कार्य के बिना भुगतान, नियमों को ताक पर रखकर ठेके देना और सरकारी धन पर अर्जित ब्याज को जमा न करना जैसी गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं।

- **घाटे में डूबे उपक्रम, कमजोर निगरानी और सरकारी धन के दुरुपयोग पर गंभीर सवाल**

मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए तैयार यह रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिवेदन संख्या-9 राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक यूपी में सीएजी के लेखापरीक्षा दायरे में 113 एसपीएसई थे, जिनमें 72 क्रियाशील और 41 निष्क्रिय (13 परिसमापनाधीन सहित) थे। 68 क्रियाशील उपक्रमों में जहां 39 ने 2,169.50 करोड़ का लाभ कमाया, वहीं 27 उपक्रमों ने 32,393.08 करोड़ का भारी घाटा उठाया। सीएजी का कहना है कि यह घाटा केवल कारोबारी जोखिम नहीं, बल्कि खराब वित्तीय प्रबंधन और नियंत्रण तंत्र की विफलता को भी दर्शाता है।

**निगरानी और गवर्नेंस की नाकामी :** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि अधिकांश एसपीएसई में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं हुई, कई बोर्डों ने अनिवार्य बैठकें तक नहीं कीं और लेखापरीक्षा समिति, नामांकन-पारिश्रमिक समिति जैसी वैधानिक व्यवस्थाएं कागजों तक सीमित रहीं। महिला निदेशकों की नियुक्ति में भी व्यापक लापरवाही पाई गई। सीएजी ने इसे संस्थागत भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला वातावरण बताया है।

विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट रखते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### निर्माण निगम बना भ्रष्टाचार का केंद्र

सीएजी ने प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड की निष्पादन लेखापरीक्षा में सबसे गंभीर अनियमितताएं दर्ज की हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तकनीकी स्वीकृति और पर्यावरणीय अनापत्ति के बिना 2,058 करोड़ से अधिक के कार्य शुरू कर दिए गए। कई मामलों में कार्य के वास्तविक निष्पादन के बिना 31.72 करोड़ का भुगतान कर दिया गया। उप-संविदाकारों को बिना बैंक गारंटी के करोड़ों रुपये के अग्रिम दे दिए गए। सरकारी निधियों पर अर्जित 641.45 करोड़ का ब्याज कोषागार में जमा नहीं कराया गया। ठेकों में खुली निविदा प्रक्रिया के बजाय सीमित कोटेशन से काम देकर पारदर्शिता को नुकसान पहुंचाया गया। सीएजी ने इसे गंभीर वित्तीय कदाचार करार देते हुए कहा है कि इससे न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ, बल्कि जवाबदेही तंत्र भी पूरी तरह विफल रहा।

### भ्रष्टाचार के मुख्य बिंदु

- बिना तकनीकी स्वीकृति 2,058 करोड़ के कार्य शुरू
- बिना वास्तविक काम के 31.72 करोड़ का भुगतान
- उप-संविदाकारों को 20.40 करोड़ के अग्रिम बिना गारंटी
- सरकारी निधियों पर 641.45 करोड़ ब्याज जमा नहीं
- ठेकों में खुली निविदा की अनदेखी, सीमित कोटेशन से काम

### वित्तीय रेड फ्लैग्स

- घाटे में एसपीएसई : 27
- कुल घाटा : 32,393.08 करोड़
- ब्याज वहन में अक्षम उपक्रम : 12
- पूरी तरह नेटवर्थ गंवाने वाले उपक्रम : 16

### गवर्नेंस फेल्योर

- स्वतंत्र निदेशक नहीं : 26 एसपीएसई
- अनिवार्य बोर्ड बैठकें नहीं : 35 एसपीएसई
- लेखापरीक्षा समिति का अभाव/गलत गठन : 21 एसपीएसई

## नियोजन से लेकर आवंटन तक गड़बड़ी की भरमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) ने गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा विकास एवं संपत्तियों के आवंटन को लेकर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही, वित्तीय अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार को उजागर किया है। एनसीआर का हिस्सा होने के बावजूद गाज़ियाबाद महायोजना-2021 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड से अनुमोदन नहीं कराया गया, जो नियोजन कानूनों का सीधा उल्लंघन है। इसके अलावा, एकीकृत महायोजना बनाने के बजाय गाज़ियाबाद और मोदीनगर के लिए अलग-अलग महायोजनाएं तैयार की गईं, जिनके ज़ोनिंग नियमों में भारी विरोधाभास पाए गए। इन योजनाओं के निर्माण में चार से दस वर्षों तक की देरी हुई और आठ में से केवल एक ज़ोन के लिए ही ज़ोनल विकास योजना तैयार की गई।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को सीएजी का निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या-11 (वर्ष 2025), को राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। इसमें वर्ष 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान जीडीए की कार्यशैली का व्यापक मूल्यांकन किया गया। सीएजी ने पाया कि महायोजना-2021 के तहत निर्धारित विकास लक्ष्य अधिकांश क्षेत्रों में पूरे ही नहीं किए गए। खुले स्थान, पार्क और मनोरंजन क्षेत्र में 79 प्रतिशत, व्यावसायिक क्षेत्र में 66 प्रतिशत और सार्वजनिक सुविधाओं में 39 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। दुर्बल आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए वर्ष 2017-22 में न्यूनतम 25,000 आवासीय इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले मात्र 9,960 इकाइयां ही बन सकीं।

सीएजी की रिपोर्ट साफ संकेत देती है कि गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण में अनियमितताएं केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संस्थागत लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार का परिणाम हैं। रिपोर्ट में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय करने, पारदर्शी डाटा प्रणाली विकसित करने और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

- **गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल**
- **ईडब्ल्यूएस आवास, संपत्ति आवंटन और अवैध निर्माण पर कार्रवाई में भारी चूक**

### अनियमितता के प्रमुख बिंदु

- महायोजना-2021 बिना एनसीआर बोर्ड की मंजूरी
- ईडब्ल्यूएस आवास लक्ष्य का केवल 40% ही पूरा
- संपत्ति आवंटन का कोई योजनावार डाटा बैंक नहीं
- हिंडन बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण पर ढीली कार्रवाई
- बिना रिकॉर्ड कारणों के नीलामी/आवंटन से संपत्तियां बाहर

### वित्तीय रेड फ्लैग्स

- राजस्व लक्ष्य में कमी : 40-58%
- व्यय लक्ष्य में कमी : 40-63%
- राज्य सरकार से लंबित वसूली : 347.43 करोड़

### गवर्नेंस और नियंत्रण की विफलता

- ज़ोनल विकास योजनाओं का अभाव
- आंतरिक लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर सुधार नहीं
- तकनीकी संवर्ग में भारी मानवशक्ति की कमी
- बोर्ड बैठकें मानकों के अनुरूप नहीं




### वित्तीय प्रबंधन में भारी चूक, करोड़ों की वसूली लंबित

वित्तीय मोर्चे पर भी जीडीए की स्थिति चिंताजनक रही। वर्ष 2017-18 से 2021-22 के दौरान, 2018-19 को छोड़कर, राजस्व लक्ष्य में 40 से 58 प्रतिशत तक की कमी रही। वहीं, व्यय लक्ष्य भी 40 से 63 प्रतिशत तक कम रहा। सीएजी ने यह भी इंगित किया कि उप-निबंधन कार्यालयों द्वारा अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क वसूली के बावजूद, जीडीए की 347.43 करोड़ की वैधानिक मांग अब तक राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हो सकी, जो कमजोर वित्तीय फॉलो-अप और जवाबदेही को दर्शाता है।

### आवंटन और प्रवर्तन में पारदर्शिता का अभाव

संपत्तियों के आवंटन में पारदर्शिता की भारी कमी सामने आई। जीडीए के पास योजनावार विकसित, बेची गई और शेष संपत्तियों का कोई समेकित डाटा बैंक नहीं था। बोली-सह-नीलामी और पहले आओ-पहले पाओ जैसी प्रक्रियाओं में यह तक स्पष्ट नहीं किया गया कि पूर्व नीलामी में अविकसित/अविक्रीत संपत्तियों को आगे क्यों नहीं लाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 45,000 इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले मात्र 20,173 इकाइयों की योजना बनाई गई और मार्च 2024 तक केवल 5,801 इकाइयां ही निर्माणाधीन पाई गईं। हिंडन नदी के बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण रोकने में भी जीडीए विफल रहा। अनधिकृत निर्माण के चिन्हित मामलों में केवल 19 से 65 प्रतिशत पर ही कार्रवाई की गई। 1,303 स्वीकृत मानचित्रों में से मात्र 125 को ही पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी किया गया, जबकि शेष भवनों की स्थिति का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया।

पेशी पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिलते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व आराधना मिश्रा।

## पूरे देश में राहुल गांधी के खिलाफ कराए जा रहे मुकदमे : प्रमोद तिवारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली से लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतरे तो उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि पूरे देश में राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमे कराए जा रहे हैं।

राहुल गांधी के खिलाफ सुल्तानपुर के एमएलए-एमपी कोर्ट में एक मानहानि का मुकदमा चल रहा है। उसी मामले में शुक्रवार की सुबह राहुल गांधी दिल्ली से एयरपोर्ट पर उतरे। वहां पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद प्रमोद तिवारी, वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह, कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता अराधना मिश्रा, प्रवक्ता अंशु अवस्थी समेत भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से राहुल गांधी कार से सुल्तानपुर गए। वहां से दोपहर में करीब ढाई बजे एयरपोर्ट लौटे और दिल्ली के लिए चले गए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि राहुल गांधी सुल्तानपुर की एक अदालत में चल रहे मामले में आए थे, उनका और कोई कार्यक्रम नहीं था।

- **चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का हुआ स्वागत**

## स्पष्ट नीति व सख्त वित्तीय अनुशासन से बदला यूपी : योगी

### मुख्यमंत्री ने सदन में रखा 'न्यू यूपी' के विकास का ब्लूप्रिंट, कांग्रेस-सपा पर निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान नौ वर्षों की सरकार के कामकाज का विस्तृत लेखा-जोखा पेश करते हुए कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि यूपी आज बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर देश के टॉप-3 राज्यों में शामिल हो चुका है। यह परिवर्तन किसी एक योजना का नहीं, बल्कि स्पष्ट नीति, शुद्ध नीयत और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने डाटा, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और रोजगार की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि इनके सहारे यूपी ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की धुरी बनेगा।

मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को अपने लंबे भाषण में बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को दसवां बजट प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बजट केवल खर्च का दस्तावेज नहीं, बल्कि भविष्य के उत्तर प्रदेश का रोडमैप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लीकेज रोके, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। इसी का नतीजा है कि आज बैंक, निवेशक और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं उत्तर प्रदेश पर भरोसा कर रही हैं। नीति आयोग की फिस्कल हेल्थ इंडेक्स और कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूपी को अब फ्रंट रनर स्टेट माना जा रहा है। योगी ने बताया कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश का पूंजीगत व्यय करीब 71 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर में लगाया गया एक रुपये का निवेश पांच से छह गुना प्रतिफल देता है। उन्होंने डाटा को नई अर्थव्यवस्था की आधारशिला बताते हुए कहा कि एआई 'न्यू ऑयल' बनने जा रहा है। बजट 2026-27 में डाटा सेंटर क्लस्टर, स्टेट डाटा सेंटर अथॉरिटी और डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने के प्रावधान किए गए हैं। यूपी अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव गवर्नेंस मॉडल की ओर बढ़ रहा है।

- **डाटा, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और रोजगार के सहारे यूपी बनेगा ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की धुरी**

### घालमेल की राजनीति अब नहीं चलेगी नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

वित्तीय प्रबंधन पर विपक्ष के सवालों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उम्र और अनुभव के साथ आंकड़ों में ईमानदारी आएगी, लेकिन चच्चू का प्रभाव अब भी हावी दिखा। योगी ने तथ्यों के साथ जवाब देते हुए कहा कि 2016-17 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.39 प्रतिशत था, जो अब 2025-26 में घटकर 2.97 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने बताया कि ऋणग्रस्तता लगभग 30 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत आ गई है और 2026-27 तक इसे 23 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है। प्रति व्यक्ति आय पर विपक्ष को घेरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016-17 में यह करीब 43 हजार रुपये थी, जबकि आज 1.20 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या 43 हजार और 1.20 लाख में कोई फर्क नहीं दिखता।

### आठ हजार न्याय पंचायतों में चुने जाएंगे डिजिटल इंटरप्रेन्योर

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आठ हजार न्याय पंचायतों में डिजिटल इंटरप्रेन्योर चुने जाएंगे। हर जिले में 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' विकसित होंगे। अगले पांच वर्षों में 100 नई टाउनशिप, 27 एक्सप्रेसवे क्लस्टर और 75 हजार एकड़ का लैंड बैंक तैयार किया जाएगा। महिलाओं के लिए 100 करोड़ रुपये से महिला उद्यमी उत्पाद विपणन केंद्र, 60 लाख सुरक्षित प्रसव के लिए 1000 करोड़ और बालिकाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार में प्राइमरी स्कूलों का ड्रॉपआउट रेट शून्य हुआ है और शिक्षकों व कार्मिकों के आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। पर्यटन, स्टार्टअप, एमएसएमई, पशुधन, मत्स्य और पर्यावरण संरक्षण पर बजट फोकस का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे तरक्की और रोजगार बढ़ा है।

### कांग्रेस पर देश की छवि बिगाड़ने का आरोप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारत मंडपम में अराजकता फैलाकर कांग्रेस ने देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जब 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और 20 राष्ट्राध्यक्ष एआई समिट के लिए भारत आए थे, तब कांग्रेस के युवा संगठन ने शर्मनाक कृत्य कर दुनिया के सामने भारत को बदनाम करने की कोशिश की। सीएम योगी ने दो टूक कहा कि देश की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।

## विशेषाधिकार हनन और शिक्षामित्रों के मुद्दे पर तीखी बहस

### विधान परिषद : अधिकारियों के फोन न उठाने समेत कई मामलों पर सत्ता पक्ष व विपक्षी सदस्य एकमत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बजट सत्र में विधानसभा के बाद विधान परिषद में भी अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने का मुद्दा उठा है। विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष सदस्यों ने भी सुर में सुर मिलाए। दोनों पक्षों ने शिकायत की कि जिलों में जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी फोन नहीं उठाते, जिससे जनसमस्याओं के समाधान में बाधा आ रही है।

बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को शून्य प्रहर में शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जिलों के जिलाधिकारी सीयूजी नंबर खुद नहीं उठाने की सूचना दी। कहा कि उनके अर्दली फोन उठाते हैं, बात नहीं कराते हैं, जिससे समस्याओं के समाधान में दिक्कत आती है। भाजपा के उमेश द्विवेदी ने भी विधायक त्रिपाठी की सूचना का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जिले की डीएम को पांच महीनों में कई बार फोन किया, लेकिन हर बार मैडम व्यस्त थीं। भाजपा के ही सुरेंद्र चौधरी ने बिजली विभाग के एमडी के पीआरओ द्वारा एमडी बनकर बात करने का गंभीर आरोप लगाया। सपा सदस्य जासमीर अंसारी ने कहा कि अधिकारी जब सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों की नहीं सुन रहे और उन्हें धरने पर बैठना पड़ रहा है तो विपक्ष की कौन सुनेगा।

जवाब में नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन दिया कि वह संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों से सीधे बातचीत करेंगे और समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

मगर, सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह स्थिति केवल कुछ जिलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश के अधिकांश जिलों में यही हाल है। नेता सदन को निर्देश दिए कि सभी जिलों के जिलाधिकारियों से इस विषय में बात कर स्थिति में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रोटोकाल में किसी प्रकार की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। इसी क्रम में नियम 223 अंतर्गत निर्दलीय डॉ. आकाश अग्रवाल ने 18 फरवरी 2026 को ताज महोत्सव के आयोजन में अपना नाम शामिल न किए जाने को विशेषाधिकार हनन बताया। सभापति ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। शाम 6 बजे सभापति द्वारा सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी है।



### शिक्षकों के मुद्दे पर गरमाया सदन

शून्य काल में नियम-105 अंतर्गत सपा सदस्यों ने शिक्षा मित्रों की समस्याओं का मुद्दा उठाया, कहा कि कम मानदेय में कई कार्य कराना नियति बन चुकी है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने जवाब दिया। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने नियम-105 अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में स्ववित्तपोषित शिक्षकों के वेतन भुगतान व विनियमितीकरण की सरकार से मांग उठाई। सभापति ने मामले को प्रभावी कार्रवाई के लिए सरकार को भेजा।

### शहीद के सम्मान में कोताही नहीं : केशव मौर्य

महराजगंज के शहीद पंकज त्रिपाठी को उनके शहादत दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मान न दिए जाने का मामला विधान परिषद में भाजपा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने उठाया। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करना प्रशासन की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। सभापति ने भी चिंता जताई और कार्रवाई के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### उप मुख्यमंत्री के तंज पर भड़के सपा सदस्य

सदन की कार्यवाही के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। केशव मौर्य ने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री थे और पूर्व ही रहेंगे। इस पर सपा एमएलसी भड़क गए और पलटवार करते हुए कहा कि 15 मार्च 2027 को अखिलेश यादव बतौर मुख्यमंत्री सदन में मौजूद होंगे। इसके अलावा, सदन में मंत्रियों की अनुपस्थिति को लेकर भी सभापति ने नाराजगी जताई। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के देरी से पहुंचने पर सभापति ने उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

### जिला विद्यालय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार की जांच के निर्देश

भाजपा सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने मिर्जापुर के जिला विद्यालय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को लेकर प्रश्न उठाया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के जवाब से सदस्य के असंतुष्ट होने पर कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने उच्च अधिकारियों से जांच कराकर पुराने अधिकारियों एवं संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

## वंदेभारत पर पथराव करने में दो किशोर पकड़े गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक मोहन भागवत के पास वाले कोच में पथराव करने के आरोप में हरदोई आरपीएफ ने दो किशोरों को अभिरक्षा में ले लिया। दोनों किशोर आपस में मौसेरे भाई हैं। अभी तक की जांच में खुलासा हुआ है कि बच्चे वंदे भारत ट्रेन को देखने के लिए आए थे, तभी खेल-खेल में कोच पर पथराव कर दिया।

संघ प्रमुख गुरुवार को दोपहर 2 बजे के करीब वंदे भारत ट्रेन से लखनऊ से मेरठ के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही ट्रेन अपरान्ह 3.20 बजे के करीब हरदोई जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के बलोखर फाटक के पास पहंची, तभी एक पत्थर ट्रेन के कोच की खिड़की पर पत्थर जोर से लगा। जिस कोच की खिड़की पर पत्थर लगा उसके बराबर वाले कोच में संघ प्रमुख बैठे थे। पुलिस ने तुरंत उनका कोच बदल दिया गया। उधर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कर जीआरपी और आरपीएफ ने सीसी कैमरे तलाश कर दो किशोरों को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, एक बच्चे की उम्र 12 साल है, जो कि शाहजहांपुर जिले का रहने वाला है। दूसरे की उम्र 14 साल है। दोनों रिश्ते में भाई लगते हैं। दोनों को जुवेलाइन कोर्ट में पेश किया गया।

एडीजी जीआरपी प्रकाश डी. ने बताया कि सीसी कैमरों की सहायता से शुक्रवार को दो किशोर को अभिरक्षा में ले लिया गया। दोनों को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया।

- **ट्रेन में सफर कर रहे थे संघ प्रमुख मोहन भागवत**

# अमृत विचार

शनिवार, 21 फरवरी 2026

नरक क्या है? मेरा मानना है कि यह प्रेम करने में असमर्थ होने का दुख है।
–**फ्योदोर दोस्तोवस्की**, रूसी साहित्यकार



## पारदर्शी जांच की उम्मीद

महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु ने राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी गहरी संवेदना और सवालों का वातावरण निर्मित किया। किसी भी हाई-प्रोफाइल दुर्घटना के बाद स्वाभाविक रूप से संशय और आशंकाएं जन्म लेती हैं। ऐसे में यक्ष प्रश्न यही है कि क्या दुर्घटना के वास्तविक कारण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सामने आ पाएंगे। इस संदर्भ में केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय का रुख भरोसा जगाने वाला है।

दुर्घटना की जांच का दायित्व 'एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो' यानी एएआईबी को सौंपा गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन आईसीएओ के मानकों के अनुरूप कार्य करता है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी तरह तकनीकी, साक्ष्य-आधारित और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होगी। यह घोषणा स्वयं इस बात का संकेत है कि सरकार इस मामले को औपचारिक प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि संस्थागत विश्वसनीयता की कसौटी के रूप में देख रही है। तकनीकी स्तर पर हुई प्रगति इस प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पुष्टि की है कि डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर या डीएफडीआर से डेटा सफलतापूर्वक डाउनलोड कर लिया गया है। यह डेटा विमान की गति, ऊंचाई, इंजन की स्थिति और पायलट के तकनीकी इनपुट्स का विस्तृत रिकॉर्ड प्रस्तुत करता है। इस आधार पर एएआईबी ने 30 दिनों के भीतर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की है। समयबद्ध रिपोर्टिंग की यह सार्वजनिक प्रतिबद्धता पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा सकती है, हालांकि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर यानी सीवीआर से डेटा निकालने में तकनीकी चुनौतियां सामने आई हैं, विशेषकर दुर्घटना के बाद लगी आग के कारण। इसके बावजूद सरकार ने स्पष्ट किया है कि विशेषज्ञों और निर्माता कंपनी की सहायता ली जा रही है, ताकि उपलब्ध प्रत्येक तकनीकी स्रोत का उपयोग किया जा सके। यह दृष्टिकोण इस बात को रेखांकित करता है कि जांच एजेंसियां किसी भी तथ्य को अधूरा छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं। इस बीच विपक्ष की ओर से, विशेषकर एनसीपी (एसपी) की नेता सुप्रिया सुले द्वारा पारदर्शी और औपचारिक जांच की मांग की गई है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी मांगें स्वाभाविक हैं। उल्लेखनीय यह है कि सरकार ने इन आवाज़ों को प्रतिरोध के रूप में नहीं देखा, बल्कि जांच की निष्पक्षता और विधिक प्रक्रिया को दोहराते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। इससे यह संकेत मिलता है कि इस मामले को राजनीतिक विवाद के बजाय सार्वजनिक विश्वास के प्रश्न के रूप में लिया जा रहा है। सरकार द्वारा संबंधित विमानन संचालन और रख-रखाव प्रक्रियाओं की समीक्षा तथा आवश्यक ऑडिट की पहल भी की गई है।

कुल मिलाकर अजित पवार विमान दुर्घटना की जांच तकनीकी संस्थाओं की क्षमता और सरकार की नीयत दोनों की परीक्षा है। अब तक के संकेत, डेटा रिकवरी, समयबद्ध रिपोर्ट की घोषणा और विशेषज्ञ सहयोग, यह दर्शाते हैं कि प्रक्रिया को गंभीरता और विधिक अनुशासन के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। यह जांच न केवल सत्य को सामने लाएगी, बल्कि सार्वजनिक विश्वास को भी सुदृढ़ करेगी।

### प्रसंगवश

## इतिहास के गर्त में समाती मातृभाषाएं

दुनिया भर में अंग्रेजी भाषा के पसरते पांव और मिल रहे संरक्षण ने विश्व में बोली जाने वाली उन सैकड़ों लोक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है, जो सदियों से बोली जाती रही हैं। इस परिप्रेक्ष्य में चौकानें वाला तथ्य यह है कि विलुप्त हो रही भाषाओं में भारत के तकरीबन 196 भाषाओं का अस्तित्व भी खतरे में है। गत वर्ष पहले 'भाषा रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए गए 'भारतीय भाषाओं के लोक संरक्षण' की रिपोर्ट से उजागर हुआ था कि विगत 50 वर्षों में भारत में बोली जाने वाली 850 भाषाओं में तकरीबन 250 भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं। इनमें भी 130 से अधिक भाषाओं का अस्तित्व तो पूरी तरह खतरे में है। इस शोध के मुताबिक असम की 55, ओडिसा की 47, त्रिपुरा की 10, महाराष्ट्र एवं गुजरात की 50, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17 और त्रिपुरा की 10 भाषाएं मरने यानी खत्म होने के कगार पर हैं। इन्हें बोलने वालों की संख्या लगातार घट रही है। उदाहरण के तौर पर सिक्किम में माझी बोलने वालों की संख्या सिर्फ चार रह गई है। इसी तरह कई अन्य लोक भाषाओं के बोलने वालों की तादाद ऊंगली पर है।

अरविंद जयतिलक
लेखक

गौर करें तो यह लोक भाषाओं के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती है। चूंकि भारत भाषायी विविधता से समृद्ध देश है और लोक भाषाएं लोक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती हैं, ऐसे में उनका संरक्षण और भी अधिक जरूरी हो जाता है, लेकिन विडंबना है कि भाषाओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ने के बजाए उदासीनता ज्यादा है। गौर करें तो भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी लोक भाषाएं तेजी से विलुप्त हो रही हैं। गत वर्ष पहले मैक्सिको की पुरानतम भाषाओं में से एक अयापनेको के विलुप्त होने की खबर अच्छी खासी चर्चा में रही, इसलिए कि अयापनेको भाषा को जानने और बोलने वाले लोगों की संख्या विश्व में महज दो रह गई है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन शेष दो लोगों ने भी ठान लिया है कि वह आपस में इस भाषा के जरिए वार्तालाप नहीं करेंगे। मतलब साफ है कि अयापनेको भाषा का अस्तित्व मिटने जा रहा है।

विश्व की हर भाषा की अपनी ऐतिहासिकता और गरिमा होती है। प्रत्येक समाज अपनी भाषा पर गर्व करता है। अयापनेको भाषा की भी अपना एक विलक्षण इतिहास रहा है। इस भाषा को मैक्सिको पर स्पेनिश विजय का गवाह माना जाता है, लेकिन विडंबना है कि जिस अयापनेको भाषा को युद्ध, क्रांतियां, सूखा और बाढ़ लील नहीं पाया वह आज अपने ही लोगों की संवेदनहीनता के कारण अस्तित्व के दौर से गुजरने को मजबूर है। इन सबके बीच सुखद बात यह है कि इंडियाना विश्वविद्यालय के भाषायी नृविज्ञानी अयापनेको भाषा का शब्दकोष बनाकर उसे विलुप्त होने से बचाने की जुगत कर रहे हैं। पर देखा जाए तो भाषाओं के विलुप्त होने की समस्या सिर्फ अयापनेको तक ही सीमित नहीं है। विश्व के तमाम देशों में बोली जाने वाली अन्य स्थानीय भाषाएं भी दम तोड़ रही हैं।

दुनियाभर में तकरीबन 6900 भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 2500 से अधिक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। नतीजा इन्हें 'भाषाओं की चिंताजनक स्थिति वाली भाषाओं की सूची' में रखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। गत वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कराए गए एक तुलनात्मक अध्ययन से खुलासा हुआ कि 2001 में विलुप्तप्रायः भाषाओं की संख्या जो 900 के आसपास थी, वह आज बढ़कर तीन गुना के पार पहुंच चुकी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# प्रमाणन की होड़ में दम तोड़ती अकादमिक गुणवत्ता

डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

गलगोटिया यूनिवर्सिटी में रोबोडॉग के प्रदर्शन से जुड़ा हालिया विवाद सोशल और मुख्यधारा मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। सतह पर यह मामला उपयुक्तता, प्राथमिकताओं या कैंपस संस्कृति से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविकता में यह भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से पनप रहे एक गहरे और संरचनात्मक संकट का केवल एक लक्षण है। समस्या रोबोडॉग नहीं है। समस्या यह है कि हमारे विश्वविद्यालय धीरे-धीरे क्या बनते चले गए हैं।

पिछले दो दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। निजी विश्वविद्यालयों, स्ववित्तपोषित कॉलेजों और डिग्री संस्थानों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इस विस्तार को अक्सर 'शिक्षा तक पहुंच बढ़ने' और 'जनसांख्यिकीय लाभ' के रूप में प्रस्तुत किया गया, लेकिन जब यह विस्तार समानांतर नियमन, अकादमिक कठोरता और जवाबदेही के बिना हुआ, तो इसकी क़ीमत गुणवत्ता को चुकानी पड़ी। परिणाम यह हुआ कि मात्रा बढ़ी, पर गुणवत्ता गिरती चली गई।

आज देश के अधिकांश (हालांकि सभी नही) निजी विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज शिक्षा के केंद्र कम और डिग्री वितरण केंद्र अधिक बन गए हैं। शिक्षा एक बौद्धिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लेन-देन बनती जा रही है। पैसे के बदले डिग्री। उपस्थिति, अकादमिक भागीदारी, प्रयोगशाला कार्य और बौद्धिक अनुशासन जैसी बातें अब अनिवार्य नहीं रहीं, बल्कि समझौते के दायरे में आ गई हैं। जो कभी उच्च शिक्षा में गैर-समझौतावादी हुआ करता था, वह अब लचीला, कमजोर और विकृत हो चुका है।

यह गिरावट विशेष रूप से उन विषयों में चिंताजनक है, जहां कठोरता अनिवार्य है। सैद्धांतिक पढ़ाई का कमजोर होना एक बात है, लेकिन विज्ञान शिक्षा का खोखला हो जाना कहीं अधिक गंभीर है। आज स्थिति यह है कि छात्र बिना नियमित कक्षाओं में गए और बिना प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण लिए विज्ञान जैसे विषयों में स्नातक और परास्नातक डिग्रियां प्राप्त कर रहे हैं। प्रयोगात्मक कार्य, जो कभी वैज्ञानिक प्रशिक्षण की रीढ़ हुआ करता था, अब औपचारिकता बनकर रह गया है। डिग्रियां तो दी जा रही हैं, लेकिन दक्षता सुनिश्चित नहीं की जा रही।

इस खोखलेपन के परिणाम तब स्पष्ट होते हैं, जब छात्र नौकरी के लिए सामने आते हैं। रसायन विज्ञान में परास्नातक छात्र बुनियादी वैज्ञानिक अवधारणाएं नहीं समझा पाता। कॉमर्स स्नातक डेबिट और क्रेडिट की मूल अवधारणा स्पष्ट नहीं कर पाता। प्रबंधन की डिग्री रखने वाला छात्र समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच में कमजोर दिखाई देता है। ये कोई इक्का-दुक्का उदाहरण नहीं, बल्कि उद्योग जगत द्वारा बार-बार देखी जा रही सामान्य प्रवृत्तियां हैं। स्वाभाविक रूप से इससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा पैदा होती है। वर्षों की पढ़ाई और भारी आर्थिक निवेश के बावजूद जब रोजगार नहीं मिलता, तो सवाल उठते हैं। माता-पिता यह पूछने में बिल्कुल सही होते हैं कि पढ़ाई के बाद भी बच्चा बेरोज़गार क्यों है? रोजगार सृजन एक नीतिगत चुनौती है, लेकिन यह विमर्श एक असहज सच्चाई को नज़रअंदाज़ कर देता है कि बड़ी संख्या में स्नातक वास्तव में रोजगार-योग्य ही नहीं हैं।

यहीं से मूल प्रश्न जन्म लेता है। यदि छात्रों में आवश्यक ज्ञान और कौशल नहीं है, तो उन्हें योग्य घोषित करने वाली डिग्रियां उन्हें कैसे मिल गईं? ऐसी संस्थाओं को बिना अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित किए प्रमाणपत्र बांटने की अनुमति किसने दी? इसका उत्तर हमें उच्च शिक्षा के नियामक ढांचे में मिलता है। भारत में उच्च शिक्षा की देखरेख कई मंत्रालयों, विभागों और नियामक संस्थाओं द्वारा की जाती है, जिनका घोषित उद्देश्य मानकों की रक्षा, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और अकादमिक ईमानदारी बनाए रखना है।

मान्यता प्रणालियां, निरीक्षण, मूल्यांकन और अकादमिक ऑडिट इसी उद्देश्य से बनाए गए थे, लेकिन व्यवहार में ये प्रक्रियाएं अक्सर वास्तविक मूल्यांकन के बजाय औपचारिक अनुष्ठान बनकर रह गई हैं। निरीक्षण प्रायः पूर्व-निर्धारित होते हैं। दस्तावेज़ औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए सजाए जाते हैं। इमारतों और बुनियादी ढांचे को शिक्षण गुणवत्ता पर प्राथमिकता दी जाती है। अनुपालन को सीखने के परिणामों से ऊपर रखा जाता है। छात्रों का वास्तविक अकादमिक अनुभव, शिक्षण की गुणवत्ता, परीक्षा की कठोरता और जिज्ञासा की संस्कृति, इन पर गंभीर और निरंतर निगरानी शायद ही होती है। नतीजतन, संस्थान शिक्षा सुधारने के बजाय नियामकों को 'मैनेज' करना सीख लेते हैं।

इस नियामक शिथिलता ने एक दुष्चक्र को जन्म दिया है। संस्थान न्यूनतम अकादमिक जवाबदेही के साथ चलते रहते हैं, नियामक निगरानी का आभास बनाए रखते हैं और डिग्रियां लगातार जारी होती रहती हैं। इस व्यवस्था की क़ीमत न तो संस्थान चुकाते हैं, न ही नियामक बल्कि छात्र, नियोक्ता और समाज चुकाता है। विडंबना यह है कि एक ओर उद्योग जगत योग्य मानव संसाधन की कमी की शिकायत करता है, वहीं दूसरी ओर देश शिक्षित बेरोज़गारी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। यह कोई विरोधाभास नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम है, जहां प्रमाणपत्र को क्षमता से ऊपर रखा गया है। कंपनियां नए कर्मचारियों को फिर से प्रशिक्षित करने पर भारी ख़र्च करने को मजबूर हैं, जबकि युवा पेशेवर आत्मविश्वास की कमी और करियर ठहराव से जूझते हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा शिकार वे ईमानदार और प्रतिभाशाली छात्र हैं, जो अक्सर विकल्पों की कमी या भ्रामक ब्रांडिंग के कारण औसत संस्थानों में दाख़िला ले लेते हैं। वे मेहनत करते हैं, सीखना चाहते हैं, लेकिन अंततः उन्हें अपनी काबिलियत से ज़्यादा अपनी मार्कशीट पर दर्ज संस्थान के नाम का बोझ उठाना पड़ता है। उनकी व्यक्तिगत योग्यता संस्थागत विश्वसनीयता की कमी में दब जाती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

गलगोटिया यूनिवर्सिटी में रोबोडॉग के प्रदर्शन से जुड़ा विवाद की उच्च शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से पनप रहे एक गहरे और संरचनात्मक संकट का केवल एक लक्षण है।

### आमने

रमजान के नाम पर बेवजह लाउडस्पीकर बजाकर बच्चों की पढ़ाई और बीमार लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और सरकारों की ओर से बनाए गए कानून का पालन करना चाहिए। मुझे अजान से दिक्कत नहीं है।

–**बालमुकुंद आचार्य**
बीजेपी विधायक, राजस्थान

### सामने



बीजेपी विधायक खुद ही एक लाउडस्पीकर हैं, जो हमेशा नफरती बोल बोलते रहते हैं। इन्हें दूसरों से क्या परेशानी होगी, ये तो खुद सड़क से लेकर विधानसभा सदन तक लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आचार्य बीजेपी की ही भाषा बोल रहे हैं।

–**घनश्याम महर**
कांग्रेस विधायक
राजस्थान

# राज्यों के चुनाव और भाजपा की स्थिति

डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

इस साल केरल, असम, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भाजपा की सरकार है तो पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए सत्ता में है। भाजपा इन राज्यों की सत्ता में पुनः वापसी करने की भरपूर कोशिश कर रही है, तो पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के हाथों से सत्ता छीन कर वहां पहली बार सरकार बनाने का सपना संजोए हुए है। पार्टी को उम्मीद है कि वह केरल और तमिलनाडु में मजबूत स्थिति में उभरेगी। इन राज्यों के चुनाव भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लिए भी चुनौती हैं, क्योंकि उनकी ताजपोशी के बाद पहला चुनाव होने जा रहा है। इन चुनावों में उनके रणनीतिक कौशल का भी प्रदर्शन होगा।

बिहार में मिली अभूतपूर्व सफलता से भाजपा उत्साहित है। पार्टी के रणनीतिकारों को लगता है कि इस बार वे पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हो जाएंगे। माना जा रहा है कि बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं। पार्टी वहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप भी लगाती रही है। इसी को मुद्दा बनाकर भाजपा ने वहां मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने के प्रयास शुरू किए हैं।

तृणमूल कांग्रेस को लगता है कि वह जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर पुनः सत्ता पा लेगी, हालांकि वहां भाजपा की निगाहें अभी कांग्रेस और वामपंथी दलों के कदम पर टिकी हुई हैं। कांग्रेस अभी ममता बनर्जी के साथ भी गठजोड़ करने को आतुर दिख रही है, लेकिन अभी उसे कोई भाव नहीं मिला है। कांग्रेस चाहेगी कि इस चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराए, पर यह तभी संभव है, जब उसका वामपंथी दलों या ममता की पार्टी के साथ गठजोड़ हो।

भाजपा को भी पार्टी के आतंरिक कलह को खत्म करना होगा। ऐसे कई वरिष्ठ नेता हैं, जो नाराज हैं। उन्हें लगता है कि दूसरे दलों से आए नेताओं को भाव ज्यादा मिल रहा है और उन्हें किनारे किया जा रहा है। इसका लाभ ममता बनर्जी को पिछले चुनाव में मिला था। आतंरिक कलह खत्म हो, इसके लिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रणनीतिकार पूरी शिद्दत से काम कर रहे हैं। यह आंतरिक कलह ही बड़ी चुनौती है। 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 213 सीटें जीतीं थीं, जबकि भाजपा को 77 सीटों से संतोष करना पड़ा था। भाजपा यहां कांग्रेस के मतदाताओं पर भी निगाह लगाए हुए है।

बात अगर असम की करें, तो यहां की सत्ता में भाजपा की तीसरी बार वापसी हो सकती है। मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सर्मा के आक्रामक हिंदुत्व वाले दांव से विरोधी परेशान हैं। 2021 में 75 सीटें जीतने वाले बीजेपी गठबंधन को इस बार और अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है। यहां पार्टी एकजुट नजर आती है, लेकिन कांग्रेस को लगता है कि वह सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठा सकती है, इसीलिए वहां प्रियंका गांधी और राहुल गांधी अभी से सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस यहां गौरव गोगोई के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को तैयार है, तो हिमंता लगातार गौरव गोगोई को भारत विरोधी सिद्ध करने में लगे हुए हैं।

मुस्लिम वोटों के दम पर वहां मजबूती से डटी एआईयूडीएफ अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाकर भाजपा को घेर रही है। भाजपा को लगता है कि यह मुद्दा जितना दमदारी से उठेगा, उसे सत्ता वापसी करने में उतनी ही आसानी होगी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन जल्द ही इस राज्य का दौरा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के कई दौरे यहां हो चुके हैं।

तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके की सरकार है। भाजपा यहां अन्नाद्रमुक के साथ उन्हें सत्ता से हटाने के लिए लड़ रही है। डीएमके का कांग्रेस से गठजोड़ है। उम्मीद लगाई जा रही है कि यह गठबंधन टूट जाएगा। यदि ऐसा होता है, तो भाजपा और अन्नाद्रमुक के लिए बड़ा फायदा होगा। यहां बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। इस मुद्दे को भाजपा और उसके सहयोगी दल उभार रहे हैं, तो सबसे बड़ी चुनौती अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके भी पेश कर रही है। कांग्रेस इस चुनाव में अभिनेता विजय के साथ मैदान में उतरना चाहती है। यहां भाजपा हिंदुत्व के मुद्दे को उभार रही है।

केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सत्ता में है। इस फ्रंट ने 2021 में 99 सीटें जीतीं थीं। यहां मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन बड़ी चुनौती है, लेकिन भाजपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी है। यहां भी भाजपा हिंदुत्व के सहारे है, तो पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के मुखिया एन. रंगासामी मुख्यमंत्री हैं। भाजपा को यहां यकीन है कि वह पुनः सत्ता में वापसी करेगी, हालांकि इस राज्य में मुद्दा हिंदुत्व नहीं, बल्कि विकास का है और इसी मुद्दे पर भाजपा और उसके सहयोगी दल मैदान में हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

इस साल होने वाले पश्चिम बंगाल के चुनाव में बीजेपी जीत का परचम लहराना चाहती है, लेकिन यहां पार्टी का अंतर्कलह उसके लिए सर दर्द है।

### सोशल फोरम

## फागुन पूर्णिमा का बसंतोत्सव

फागुन का महीना हिंदी भाषी प्रदेशों में होली की मस्ती लेकर आता है। ठंड की विदाई की घोषणा होली के दिन के साथ ही मानी जाती है। रंगों और फूलों के इस मौसम से भला गुरुदेव रवींद्रनाथ का स्वप्न-संसार शांति निकेतन कैसे अछूता रहता। स्वयं गुरुदेव ने बसंत का स्वागत करने के लिए आश्रम के निवासियों के लिए बसंतोत्सव का आरंभ किया। हर साल यह फाल्गुन पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

सुधा सिंह
शिक्षाविद्

गुरुदेव ने अपने संस्मरण में लिखा है, 'शांति निकेतन आकर ही मैं अपने जीवन में पहले पहल विश्व-प्रकृति के बीच उन्मुक्त हो सका था।' शांति निकेतन में प्रकृति अपने स्वच्छंद रूप में दिखती है, लेकिन यह उन्मुक्तता यहां अपने संपूर्ण रूप में बसंतोत्सव के दिन मुखरित दिखाई देती है।

बसंतोत्सव की प्रतीक्षा अन्य सभी आश्रमवासियों की तरह मुझे भी होती थी। इस समय सारा वातावरण ही तरह-तरह के फूलों और पत्तों से मह-मह करता है। मेरे अत्यंत पुराने और उसी अनुपात जर्जर दो तल्ले के घर, जिसका नाम 'प्राक्तनी' था, के सामने एक बहुत बड़ा बागान था। इसमें कई तरह के पेड़-पौधे लगे हुए थे- आम, शरीफा, बेर, अमरूद, जामुन आदि के पेड़ तथा रातरानी, छातिम, कचनार, रक्तजवा आदि फूलों के पौधे थे।

प्रवेशद्वार पर लोहे के फाटक के ठीक दोनों तरफ दो पलाश के बड़े-बड़े पेड़ थे, जो फागुन के महीने में लाल-लाल दहक कर पूरे परिवेश पर अपना वर्चस्व क़ायम कर लेते थे। सड़क के उस पार ठीक सामने उतने ही बड़े बागान के बीच बना छोटा-सा सादा और सुंदर अमृता सेन (अमर्त्य सेन की मां) का घर 'प्रतीची' है।

बसंतोत्सव की उद्घोषणा के पंद्रह-बीस रोज पहले से मेरे घर के लोहे के फाटक के दोनों ओर लगे इस पेड़ की पहरेदारी जैसी करनी पड़ती थी। सारे प्रयत्नों के बाद भी दोल या बसंतोत्सव के दिन सुबह-सुबह उठने पर एक ही नजारा हुआ करता था, बेचारे पलाश वृंतच्युत हो चुके होते थे। नंगी डालियां और जमीन पर नुचे-गिरे कुछ पलाश के फूल अमूमन यही दृश्य होता था। ऐसा इसलिए होता था कि कालिदास की शकुंतला की तरह या पुरा-मिथकों की अप्सराओं-किन्नरियों की तरह रूपसी शांति निकेतनी बालाओं का साज-सिंगार बसंतोत्सव के दिन लाल पलाश के फूल ही होते थे। उनकी बासंती रंग की साड़ी और शांति निकेतनी उत्तरीय के साथ हाथ, गले, कान और केश-सभी में गहनों का स्थानापन्न पलाश के फूल बनते थे। इस कारण बाजार में इनकी मांग बढ़ जाती थी। **–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## कदम-कदम पर पहचान के लिए लड़ती स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है। किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान से जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र, इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार शहरो में अविवाहित महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त ी हो सकी है। स्वतंत्र और आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है और स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

कृति जैन
लेखिका

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। यह मानसिकता वास्तव में पितृसत्ता की असुरक्षा को उजागर करती है। पुरुष-प्रधान व्यवस्था को भय है कि यदि महिलाएं बिना किसी सहारे के सफल हो गईं, तो नियंत्रण और प्रभुत्व की दीवारें स्वतः ढह जाएंगी। इसी कारण अविवाहित रहना आज केवल निजी पसंद नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक विद्रोह बन चुका है। जब कोई महिला स्पष्ट कहती है कि उसे अभी या कभी विवाह नहीं करना, तो वह परंपराओं को सीधी चुनौती देती है। वह यह सिद्ध करती है कि पहचान केवल पत्नी या मां बनकर ही नहीं बनती। यह विद्रोह दहेज, घरेलू हिंसा और भावनात्मक शोषण जैसी कुरीतियों के विरुद्ध भी आवाज़ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# समुद्र का सौंदर्यपूर्ण संगम मुरुदेश्वर

मुरुदेश्वर कर्नाटक राज्य में अरब सागर के किनारे स्थित भटकल नगर से 13 किमी दूर स्थित उत्तर कन्नड़ जिले का एक धार्मिक और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध नगर है। यहां विश्व की दूसरी सबसे बड़ी 123 फिट ऊंची भगवान शिव की मूर्ति स्थापित है। इसे अरब सागर में बहुत दूर से देखा जा सकता है। इस मूर्ति को इस तरह बनाया गया है कि सूरज की किरणें पड़ने से यह चमकती रहे। इसे बनाने में दो साल लगे थे और शिवमोग्गा के काशीनाथ और अन्य मूर्तिकारों ने बनाया था।



आचार्य अमरेश मिश्र
पीठाधीश्वर शकुंतला शक्ति पीठ विकास नगर, कानपुर

बेंगलुरु से मुरुदेश्वर पहुंचने के लिए हमने ट्रेन का चुनाव किया। रोज शाम 6.50 बजे बेंगलुरु से चलने वाली पंचगंगा एक्सप्रेस दूसरे दिन सुबह छह बजे मुरुदेश्वर पहुंचा देती है। मंदिर स्टेशन के पास ही स्थित है, लेकिन हमने पहले होटल पहुंचने का निश्चय किया। मुरुदेश्वर का सागरतट काफी खूबसूरत माना जाता है। पर्यटकों को यहां धार्मिक स्थल के साथ प्राकृतिक सुंदरता का आनंद भी मिलता है। कंदुका पहाड़ी पर, तीन ओर से पानी से घिरा मुरुदेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यहां भगवान शिव का आत्मलिंग स्थापित है। यहां का राजा गोपुरा या राज गोपुरम विश्व में सब से ऊंचा गोपुरा माना जाता है। यह 20 मंजिल के बराबर करीब 249 फीट ऊंचा है। इस विशाल मीनार जैसे गोपुरम में लिफ्ट लगी है, जिसके ऊपर से अरब सागर और भगवान शिव की प्रतिमा का अद्भुत नजारा नजर आता है। इस गोपुरम को एक स्थानीय व्यवसायी ने बनवाया था। द्वार पर दोनों तरफ सजीव हाथी के बराबर ऊंची हाथी की मूर्तियां बनी हैं। मंदिर में दर्शन के लिए जींस-टीशर्ट की मनाही है। मुरुदेश्वर मंदिर हिंदू स्थापत्य शैली (द्रविड़ शैली) में बना है, जिसमें चालुक्य और काम्बा राजवंश की मूर्तिकला-शैली और ग्रेनाइट निर्माण देखने योग्य है। यहां अब पर्यटकों की बढ़ती संख्या देखते हुए स्कूबा डाइवंग और वॉटर स्पोर्टस के भी इंतजाम किए गए हैं।

## पौराणिक कथा

मुरुदेश्वर मंदिर में भगवान शिव का आत्मलिंग स्थापित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, रावण ने अमरता का वरदान पाने के लिए भगवान शिव की कठिन तपस्या की। इससे प्रसन्न भगवान शिव ने उसे एक शिवलिंग दिया, जिसे 'आत्मलिंग' कहा जाता है। शिव ने कहा कि अगर तुम अमर होना चाहते हो, तो इसे लंका ले जाकर स्थापित कर देना, लेकिन एक बात ध्यान रखना कि इसे जिस स्थान पर रख दोगे, ये वहीं स्थापित हो जाएगा। रावण के अजेय होकर पृथ्वी को नष्ट करने की आशंका से भयभीत होकर नारद तुरंत गणेश जी के पास पहुंचे और एक योजना बनी। रावण संध्याकाल में विशेष उपासना करता था। जब वह गोकर्ण के पास था, तब भगवान विष्णु ने अपनी शक्ति से संध्याकाल का भ्रम उत्पन्न किया। गणेश जी ब्राह्मण बालक के रूप में रावण के सामने पहुंचे। रावण ने उनसे प्रार्थना समाप्त होने तक आत्मलिंग को थामे रखने का अनुरोध किया, लेकिन गणेश जी ने आत्मलिंग को धरती पर रख दिया। इसी बीच विष्णु ने अपना सुदर्शन चक्र हटा लिया, जिससे रावण ने सूर्य का प्रकाश देखा और खुद को ठगा हुआ महसूस किया। उसने आत्मलिंग को हटाने का बहुत प्रयास किया पर वह स्थापित हो चुका था।

## पास ही में घूम सकते हैं फोर्ट

मुरुदेश्वर मंदिर के बाद मुरुदेश्वर फोर्ट घूमने जा सकते हैं। मंदिर के पास होने के कारण बड़ी संख्या में सैलानी यहां जाते हैं। इस फोर्ट के ऊपर से सामने सिर्फ नीले रंग का पानी ही पानी दिखाई देता है। इस फोर्ट का इतिहास विजयनगर साम्राज्य के राजाओं से जोड़ा जाता है। कहा जाता है कि टीपू सुल्तान के बाद किसी ने भी मुरुदेश्वर फोर्ट का जीर्णोद्धार नहीं कराया। फोर्ट का कुछ हिस्सा अब खंडहर में तब्दील हो चुका है।

## कैसे पहुंचें

मुरुदेश्वर से मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 165 किलोमीटर दूर स्थित है। हवाई अड्डे से टैक्सी या बस से मुरुदेश्वर जा सकते हैं। रास्ते में हरे-भरे वातावरण और तटीय परिदृश्यों के मनोरम दृश्य देखने को मिलते हैं। मुरुदेश्वर में रेलवे स्टेशन भी है, जो मंगलुरु, बेंगलुरु और मुंबई से जुड़ा है। रेलवे स्टेशन से ऑटो-रिक्शा से मंदिर पहुंच सकते हैं। मुरुदेश्वर के लिए मंगलुरु, उडुपी और बेंगलुरु जैसे शहरों से नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हैं। कार से यात्रा करने पर एनएच-66 से सफर करते हुए अरब सागर के किनारे मनोरम दृश्यों का आनंद उठा सकते हैं।

जॉब का पहला दिन

# जब सपना बना सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प

मेरा बचपन से ही शिक्षक बनने का सपना था। विद्यालय के दिनों में जब मैं अपने गुरुओं को श्रद्धा और सम्मान के साथ देखता, तो मन में यही आकांक्षा जन्म लेती कि एक दिन मैं भी ज्ञान का दीप प्रज्वलित करूंगा। वह स्वप्न 4 जुलाई 1994 को साकार हुआ, जब मैंने अपने शिक्षकीय जीवन की पहली पारी शुरू की। वह दिन आज भी स्मृतियों में उसी ताजगी के साथ अंकित है।

कृष्ण कुमार मिश्र
प्रधानाचार्य, अयोध्या

पहले दिन मैं ऊर्जा, उत्साह और हल्की-सी घबराहट के मिश्रित भावों से भरा विद्यालय पहुंचा। परिसर में प्रवेश करते ही बच्चों की चहचहाहट और प्रार्थना की धुन ने मन को अद्भुत सुकून दिया। प्रार्थना सभा में जब मेरा परिचय समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों से कराया गया, तो हृदय गर्व से भर उठा। उसी क्षण मुझे कक्षा अध्यापक का दायित्व भी सौंपा गया। यह विश्वास मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ उत्तरदायित्व का संकेत था।

सभा के उपरांत शिक्षा अधिकारी श्री जीपी वंतू ने मुझे अपने कक्ष में बुलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए मेरी शक्तियों और कमजोरियों के बारे में पूछा। मैंने निस्संकोच कहा कि अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति मेरी दृढ़ आस्था मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। साथ ही स्वीकार किया कि कभी-कभी शीघ्र क्रोध आ जाना मेरी कमजोरी रही है, पर मैं स्वयं को निरंतर सुधारने का प्रयास करता रहूंगा। मेरी स्पष्टवादिता से वे संतुष्ट दिखे और मुझे शुभकामनाएं दीं। पहली बार जब मैं अपनी कक्षा में पहुंचा, तो उत्सुक निगाहें मुझे देख रही थीं। मैंने औपचारिकता छोड़कर संवाद का रास्ता चुना। बच्चों से उनके सपनों, रुचियों और खेलकूद के बारे में बात की। खेल मेरा प्रिय क्षेत्र रहा है और इसी माध्यम से विद्यार्थियों से आत्मीय संबंध स्थापित करने की शुरुआत हुई। मुझे लगा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों के संवर्धन से भी गहराई से जुड़ा है। उस दिन घर लौटते समय मन में संतोष और संकल्प दोनों थे।

संतोष इस बात का कि मेरा स्वप्न साकार हुआ और संकल्प इस बात का कि मैं अपने विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का कारण बनूंगा। रात को देर तक मैं उसी दिन की घटनाओं को याद करता रहा और भविष्य की योजनाएं बनाता रहा। सचमुच, वह पहला दिन मेरे जीवन की दिशा तय करने वाला अविस्मरणीय अध्याय बन गया।

# बैगपाइप: पहाड़ों की सांसों में बसा सुर

आप पहाड़ की शांत सुरम्य वादियों में हों और दूर कहीं कोई छोटा सा गांव बसा हो। अचानक वहां से सुरीली सी स्वर लहरियां आकर हवा में बिखरने लगें, तो सोचिए कितना सुंदर अनुभव होगा। ऐसा ही अनुभव होता है बैगपाइप को सुनकर यानी हमारी भाषा में मशक बीन या जिसे बीन बाजा भी कहते हैं। मशक बीन जैसे ही अपने स्वर बिखेरती है, तो पहाड़ जीवंत होने लगते हैं, पत्ता-पत्ता मुस्कराने लगता है और फूलों में निखार आ जाता है। अंग्रेज भारत आए और अपने साथ ग्रेट ब्रिटेन के उत्तरी भाग में स्थित स्कॉटलैंड का वाद्य यंत्र बैगपाइप भी साथ लाए। फिर ब्रिटिश आर्मी के बैंड में इसे इस्तेमाल किया गया। आर्मी में शामिल भारतीय सैनिकों को भी इसे सीखने का अवसर मिला।

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भी भारतीय सैनिकों ने इसका खूब अभ्यास किया। यह बैगपाइप भारत का खासकर कुमाऊं और गढ़वाल का होकर रह गया, शायद इसलिए कि स्कॉटलैंड की आबोहवा और प्रकृति उत्तराखंड के सुरम्य वातावरण से काफी हद तक मेल खाती है। संगीत यूं भी भौगोलिक सीमाओं और सात समंदर की दूरियों को नहीं जानता। हमारे लोक संगीत के साथ इसका अटूट नाता बन गया। मशक बीन का साथ मिला, तो लोकगीतों की ध्वनि मशक बीन के माध्यम से निकालने लगी। यह इतना लोकप्रिय हुआ कि इसने यहां के कई परंपरागत वाद्य यंत्रों को पीछे छोड़ दिया। इसे मशक बीन का नाम दिया गया।

मशक यानी पानी की थैली। बचपन में मैदानी क्षेत्रों में भिश्ती को मशक लेकर नालियों को साफ करते देखा था। इस यंत्र की थैली भी बिल्कुल वैसी ही होती हैं। भिश्ती शब्द फारसी शब्द से लिया गया है। पुराने समय में मशक में पानी लेकर युद्ध क्षेत्र में सैनिकों को पानी पिलाकर सेवा करना भिश्ती का ही काम होता था। पांच पाइपों वाला यह एक वायु वाद्य है, जिसे बांसुरी या शहनाई जैसे अन्य वाद्य यंत्रों की तरह ही फूंक मारकर बजाया जाता है। इटली, फ्रांस, इंग्लैंड से होता हुआ यह एशिया की सैर करने आ पहुंचा।

कई पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नेपाल में भी लोकप्रिय हो गया और पाकिस्तान के सियालकोट और भारत के जालंधर शहर में बनाया जाने लगा। बैगपाइप यानी मशक बीन में चमड़े की थैली में चार छेद होते हैं, जिनमें से एक पाइप नीचे की तरफ और तीन ऊपर की तरफ लगे होते हैं। एक पाइप बैग से जुड़ा रहता है, जिसमें वादक फूंक मारता है और दूसरे पाइप को अपनी उंगलियों से नियंत्रित करता है और ऊपर की तरफ निकलने वाले तीन पाइप जो कंधे पर टिकाए गए होते हैं, उनके माध्यम से सुरीले स्वर निकलते हैं।

बैगपाइप का जिक्र आने पर सबसे पहले स्कॉटलैंड का ग्रेट हाइलैंड बैगपाइप का ही ध्यान आता है, क्योंकि 15 वीं शताब्दी से ही यह वहां के कबीले की संस्कृति में शामिल था। इसकी शुरुआत अक्सर ग्रामीण जीवन के साथ जोड़कर देखी जाती है। ऊब और थकान से बचने के लिए चरवाहे जानवर चराते समय इसे बजाकर मनोरंजन किया करते थे। इसे बनाने के लिए मरे हुए जानवरों का चमड़ा और बांस भी उन्हें जंगल और चारागाह में आसानी से उपलब्ध हो जाता होगा। समय के साथ-साथ इसे मशाल इंस्ट्रूमेंट के तौर पर विकसित किया गया।

आज के समय में दुनियाभर में लकड़ी और ब्रास से बनाए गए सौ से ज्यादा तरह के बैगपाइप प्रचलन में हैं। पारंपरिक रूप में यह बकरी या भेड़ की खाल को सुखाकर बनाया जाता है और इसमें इस्तेमाल किए जाने वाले पाइप, जिन्हें चेंटर भी कहते हैं, बांसुरी की ही तरह बांस के होते हैं। 1947 में अंग्रेज चले गए पर मशक बीन भारतीय सैनिकों के दिलों दिमाग में रच बस गया।

धीरे-धीरे न जाने कैसे यह हमारे संस्कृतिक समारोहों और वैवाहिक उत्सवों में शरीक हो गया। यह भारतीय सेना का भी अनिवार्य हिस्सा बन गया।

कुमाऊं रेजीमेंट के अभ्यास और कार्यक्रम के दौरान मशक बीन के सुरीले स्वर वातावरण में मिठास खोल देते हैं। चाहे रानीखेत का सोमनाथ ग्राउंड हो या अल्मोड़ा का कैंट एरिया। पूर्व सैनिक तो इस पर स्कॉटिश धुन बजाने में भी माहिर हैं। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राजपथ में होने वाले आयोजन में, जिसमें देसी-विदेशी मेहमानों की उपस्थिति में विशेष परिधान में सजी-धजी सेना की टुकड़ियां इस वाद्य यंत्र के साथ धुन निकालते हुए कदमताल करती हैं। यह धुन इतनी असरकारी है कि पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज जाता है। इसी तरह सार्वजनिक उत्सवों में अगर ढोल-दमाऊ के साथ मशक बीन की संगत न हो, तो रंगत फीकी सी लगती है। बेडू पाको बारो मासा और कैलै बाजे मुरूली जैसे गीत और मशक बीन एक दूसरे के पर्याय हैं। इन गीतों की धुन मशक बीन पर सुनते ही पैर खुद-ब-खुद थिरकने लगते हैं।

कुमाऊं के छोलिया नृत्य और गढ़वाल के पौणा नृत्य के दौरान मशक बीन की उपस्थिति पैरों की थिरकन और हृदय की धड़कन दोनों को बढ़ा देती है। लोक गीतों के अलावा देश भक्ति गीत, मार्शल म्यूजिक, पश्चिमी धुन, जैज, रॉक, क्लासिकल, फिल्मी गीत सभी बैगपाइप के मदद से बड़ी शान से बजाते हैं। कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में भी इसका जलवा है। इसे बजाना बहुत मेहनत और लगन का काम है। चूंकि यह पाइप में मुंह से हवा भर के बजाया जाता है, तो फेफड़ों की बढ़िया एक्सरसाइज हो जाती है। इसमें धुन तभी निकलती है, जब बैग में हवा भरी हो।

अनुभूति

# जन्मदिन: जीवन के सफर का उत्सव

प्रिंस श्रेयश
शिक्षक

बचपन में जन्मदिन किसी त्योहार से कम नहीं होता था। सुबह से ही घर में हलचल शुरू हो जाती थी। मां रसोई में कुछ खास बनाती थीं, पिताजी मुस्कुराते हुए आशीर्वाद देते थे, रिश्तेदार फोन करते थे या घर आकर गले लगाते थे। एक छोटा-सा केक, कुछ मोमबत्तियां और ढेर सारा स्नेह, बस इतना ही तो चाहिए था खुश होने के लिए। उस समय जन्मदिन केवल तारीख नहीं, बल्कि अपने होने का उत्सव था। फिर समय बदला। बड़े हुए तो जन्मदिन का अर्थ बदल गया। दोस्तों के साथ पार्टी, हंसी-मजाक, देर रात तक जश्न यह सब जन्मदिन की पहचान बन गया। परिवार की जगह दोस्तों का दायरा बढ़ गया। खुशी वही थी, पर रूप अलग था। उस उम्र में लगता था कि यही असली जीवन है।

फिर विवाह हुआ। अब लोग सालगिरह याद रखने लगे और जन्मदिन धीरे-धीरे परिवार तक सीमित हो गया। जिम्मेदारियां बढ़ीं, प्राथमिकताएं बदलीं। जीवन की दौड़ में तारीखें कैलेंडर के पन्नों में सिमटने लगीं। जन्मदिन अब उतना शोर-शराबे वाला नहीं रहा, बल्कि एक शांत-सा दिन बन गया, जिसमें कुछ संदेश, कुछ औपचारिक शुभकामनाएं और सामान्य दिनचर्या शामिल हो गई। धीरे-धीरे अपने बच्चे हुए। अब घर में फिर से जन्मदिन मनाया जाने लगा, पर इस बार अपने बच्चों का। उनके लिए केक, सजावट, उपहार और उत्साह। उनकी आंखों की चमक में हम अपना बचपन तलाशने लगे, लेकिन इसी बीच कहीं हमारा अपना जन्मदिन पीछे छूट गया। कभी-कभी तो चुपचाप गुजर भी जाता है। तब मन में एक विचार उठता है, जब हमारे माता-पिता हमारा जन्मदिन इतने प्रेम से मनाते थे, क्या उस समय उनका अपना जन्मदिन भुला दिया गया था?

शायद यही दुनिया की रीति है। समय के साथ केंद्र बदलता रहता है। बचपन में हम केंद्र में होते हैं, युवावस्था में मित्र, फिर परिवार और अंत में बच्चे। जीवन का चक्र ऐसे ही चलता है। एक पीढ़ी उत्सव मनाती है, दूसरी पीढ़ी उत्सव का कारण बनती है, लेकिन क्या इसका अर्थ यह है कि जन्मदिन की कोई कीमत नहीं रही? नहीं। जन्मदिन केवल केक या पार्टी का नाम नहीं है। यह उस जीवन का उत्सव है, जो हम जी रहे हैं, उन संघर्षों का सम्मान है, जिन्हें हमने पार किया है और उन सपनों का स्मरण है, जो अब भी हमारे भीतर जीवित हैं। आज के बदलते समाज में एक अच्छी बात भी दिखती है कि कई बच्चे अपने माता-पिता का जन्मदिन मनाने लगे हैं। वे उन्हें दो पल की खुशी देते हैं, उनके बचपन और युवावस्था को याद करने का अवसर देते हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,814.71 | 25,571.25 |
| बढ़त | 316.57 | 116.90 |
| प्रतिशत में | 0.38 | 0.46 |

सोना 1,58,650 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,64,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 21 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### ओडिशा सरकार ने पेश किया 3.1 लाख करोड़ रुपये का बजट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 3.10 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में कृषि, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। कुल बजट का लगभग 58 प्रतिशत (1,80,000 करोड़ रुपये) कार्यक्रम व्यय के लिए आरक्षित किया गया है। माझी ने राज्य विधानसभा में तीसरा बजट पेश करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यय 1,14,000 करोड़ रुपये प्रस्तावित है, आपदा जोखिम प्रबंधन कोष के लिए 5,375 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### हथकरघा प्रदर्शनी में 21 राज्यों के बुनकर व कारीगर होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 21 फरवरी से दो मार्च तक आयोजित होने वाली विशेष हथकरघा प्रदर्शनी में 21 राज्यों के बुनकर और कारीगर समूह हिस्सा लेंगे। इस प्रदर्शनी का मकसद स्वदेशी हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देना, बुनकरों और ग्राहकों के बीच सीधे बाजार संपर्क बनाना और देशभर के कारीगरों के लिए रोजी-रोटी के मौके मजबूत करना है। जनपथ के हथकरघा हाट में होने वाली प्रदर्शनी में आगंतुक सीधे बुनकरों से उत्पादों खरीद सकेंगे, जिसमें हथकरघा साड़ियां, ड्रेस सामग्री, घरेलू साज-सज्जा की वस्तुयें, शॉल और हथकरघा कपड़े शामिल हैं।

### टेक्समैको रेल और आरवीएनएल ने बनाया संयुक्त उद्यम

**नई दिल्ली।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड और रेल विकास निगम लिमिटेड ने देश की रेल विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने कहा कि यह संयुक्त उद्यम भारत और अन्य देशों में उन्नत रेल वाहन, उनके रखरखाव और संपत्ति प्रबंधन के साथ बड़े पैमाने पर विनिर्माण और पूरी तरह तैयार परियोजनाओं पर काम करेगा। यह साझेदारी दोनों कंपनियों की ताकत को मिलाकर ऐसे रेल समाधान देगी, जो उन्नत इंजीनियरिंग, कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले होंगे।

# एआई से 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी वैश्विक वृद्धि मगर नौकरियों के लिए भारी जोखिम भी

## आईएमएफ प्रमुख ने कहा- एआई को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहे दुनिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 0.8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है विकसित भारत बनने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती है। जार्जीवा ने इसके साथ यह चेतावनी भी दी कि एआई से नौकरियां कम होने और वित्तीय स्थिरता पर भारी जोखिम भी पैदा हो सकते हैं।

जॉर्जीवा ने यहां आयोजित ''एआई इम्पैक्ट समिट 2026'' में कहा कि वह एआई को लेकर आशावादी हैं, लेकिन इसके प्रभाव को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई को अच्छाई की ताकत या बुराई की ताकत के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। जॉर्जीवा ने कहा, एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है। हमारा अनुमान 0.8 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी से पहले की तुलना में तेजी से बढ़ेगी। यह नए अवसर और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए शानदार है।

उन्होंने कहा कि एआई उन देशों के लिए अधिक अवसर पैदा करता है जो डिजिटल बुनियादी ढांचा, कौशल विकास और एआई को तेजी से अपनाने में आगे हैं। उन्होंने कहा कि देशों को जोखिमों के प्रति सचेत रहते हुए अवसरों को अपनाना चाहिए। कहा, मैं एआई को लेकर बहुत आशावादी हूं। हालांकि मैं बहुत भोली भी नहीं हूं, इससे काफी जोखिम भी जुड़े हैं।

### अमेरिका के बाजार में पड़ने लगा असर

आईएमएफ के एक अध्ययन के मुताबिक एआई के कारण अमेरिकी श्रम बाजार पर असर पड़ रहा है। अमेरिका में हर दस में से एक नौकरी के लिए अब अतिरिक्त कौशल की जरूरत है और इस कौशल से लैस लोगों को बेहतर वेतन मिलता है। जॉर्जीवा ने कहा, जब लोगों के पास ज्यादा पैसे होंगे, तो वे रेस्तरां, मनोरंजन आदि में जाएंगे, जिससे कम कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी। एआई से एक नई नौकरी बनने पर कुल रोजगार में 1.3 नौकरियां बनती हैं। इसका मतलब है कि कुछ लोगों को ज्यादा अवसर मिलते हैं।

आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टलिना जॉर्जिवा और अन्य वैश्विक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### एआई से जुड़े तीन बड़े जोखिम गिनाए

- जॉर्जीवा ने कहा कि सबसे पहले एआई से कुछ देशों के पास प्रौद्योगिकी होने और कुछ देशों के पास न होने के कारण वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा है।
- यह पूरी दुनिया में वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि एआई अनियंत्रित होने पर वित्तीय बाजारों में संकट पैदा कर सकता है।
- एआई आने से नौकरियों के जाने का भी खतरा है, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लोग नई एआई अर्थव्यवस्था में अपनी जगह किस तरह बना सकेंगे।

> आईएमएफ देशों के साथ मिलकर यह समझने का काम जारी रखेगा कि एआई में क्या बदलाव हो रहे हैं और भविष्य की नीतियों के लिए इसे कैसे आकार दिया जा सकता है। हमें एआई को देखने और समझने में लचीला रुख अपनाना होगा। - **क्रिस्टलिना जॉर्जीवा**

### जल्द ही श्रम बाजार में आने वाली है सुनामी

जॉर्जीवा ने कहा, हमने इस जोखिम को बहुत ऊपर आंका है। हम वास्तव में श्रम बाजार पर एआई के प्रभाव को एक 'सुनामी' की तरह देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई से प्रभावित होंगी, कुछ में सुधार होगा और कुछ खत्म हो जाएंगी। उभरते बाजारों में 40 प्रतिशत प्रभावित होंगे जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में यह आंकड़ा 60 प्रतिशत तक है। और यह बदलाव अपेक्षाकृत कम समय में ही होने जा रहा है।

# बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स में 316 अंक का उछाल, निफ्टी भी 25,550 के पार

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 209.2 अंक उछलकर 25,663.55 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। भूराजनीतिक चिंताओं के बीच निवेशकों द्वारा शेयर की अंधाधुंध बिकवाली से बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 1,236.11 अंक और एनएसई निफ्टी 365 अंक टूट गया था।

### आठ बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर चार प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर जनवरी में घटकर चार प्रतिशत रह गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह साफ किया। इन बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर एक साल पहले जनवरी, 2025 में 5.1 प्रतिशत थी जबकि दिसंबर, 2025 में यह 4.7 प्रतिशत रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2026 में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जनवरी अवधि में इन आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 2.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि 2024-25 की समान अवधि में वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही थी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डॉलर के रिकॉर्ड पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक इससे पहले छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले का सर्वोच्च स्तर जनवरी में 723.774 अरब डॉलर का रहा था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 573.60 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार मूल्य 4.99 अरब डॉलर बढ़कर 128.46 अरब डॉलर हो गया।

- **समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर की हुई वृद्धि**

# एल्यूमीनियम के लिए ब्राजील की कंपनी का हिंडाल्को से करार

**नई दिल्ली।** ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एम्ब्रेयर ने खनन क्षेत्र की भारतीय कंपनी हिंडाल्को के साथ भारत में साझा व्यावसायिक अवसरों की तलाश के लिए शुक्रवार को एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

एम्ब्रेयर ने बताया कि इस संयुक्त पहल का उद्देश्य विमानन में इस्तेमाल होने वाले विशेष एल्यूमीनियम से बने कच्चे माल के निर्माण में संभावनाओं की पहचान करना है। कंपनी ने महिंद्रा और अडानी समूहों के साथ भारत में विमान निर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए समझौते किए हैं। एम्ब्रेयर में वैश्विक खरीद के कार्यकारी उपाध्यक्ष रॉबर्ट चेव्स ने कहा, यह पहल स्थानीय साझेदारों की पहचान करने पर हमारे फोकस को और मजबूत करती है।

# अति उत्साही न बनें, विश्वसनीय होने पर ही एआई का इस्तेमाल करें संस्थान

### सांख्यिकी मंत्रालय ने दी सलाह

**नई दिल्ली।** संस्थानों को एआई आधारित समाधानों के इस्तेमाल को लेकर तब तक अत्यधिक उत्साह नहीं दिखाना चाहिए, जब तक उनका पूर्ण परीक्षण न हो और वे विश्वसनीय न हों। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 'डेटा इन्फॉर्मेटिक्स एंड इनोवेशन' प्रभाग के उपमहानिदेशक रोहित भारद्वाज ने समिट में 'एआई-समक्ष डेटा : नवाचार के लिए साझा अवसंरचना' विषयक सत्र में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों को आंकड़ों को मशीन-रीडेबल बनाना चाहिए। कॉन्टेक्स्ट फाइल और सिमैंटिक्स होनी चाहिए और मेटाडेटा होना चाहिए। कॉन्टेक्स्ट फाइल में किसी जानकारी को समझने के लिए आवश्यक विवरण होता है। सिमैंटिक्स शब्दों या डेटा के वास्तविक अर्थ और संदर्भ को समझने की प्रक्रिया है। मेटाडेटा डेटा के बारे में दी गई अतिरिक्त जानकारी, जैसे उसकी तारीख, स्रोत या संरचना को कहते हैं।

# भारत का जोर सभी को किफायती कंप्यूटिंग क्षमता उपलब्ध कराने पर

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी सचिव सुमित गर्ग ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक ऐसे मॉडल पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जहां सरकार, परोपकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि किफायती 'कंप्यूटिंग' क्षमताएं सभी के लिए सुलभ हों।

गर्ग ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' में एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हमारा ध्यान कंप्यूटिंग क्षमता तक पहुंच को सीमित करने पर नहीं, बल्कि बुद्धिमानी से प्राथमिकता तय करने पर है। उन्होंने कहा कि इसमें परोपकारी संगठनों की अहम भूमिका होगी, क्योंकि उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एआई का लाभ सभी तक पहुंचे। इस उद्देश्य के साथ सरकार, परोपकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र सहयोग कर सकते हैं ताकि सभी को किफायती कंप्यूटिंग क्षमताएं मिल सकें। हम इसी तरह के मॉडल पर विचार कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय

# अमेरिका से व्यापार समझौते के खिलाफ युवा कांग्रेस का एआई समिट में प्रदर्शन

## शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की नारेबाजी, पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई इम्पैक्ट समिट के आयोजन स्थल पर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए, जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा ने इसके बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मुख्य विपक्षी दल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल की है।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हॉल नंबर-5 के अंदर मार्च करते हुए पहुंचे। इनमें कुछ सफेद टीशर्ट पहने हुए थे और कुछ ने ये टीशर्ट हाथों में ले रखी थी। इन पर प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरें छपी थीं तथा उन पर इंडिया यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और पीएम इज कम्प्रोमाइज्ड यानी प्रधानमंत्री झुक गए जैसे नारे लिखे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने टीशर्ट भी उतार दीं। उनके विरोध प्रदर्शन के कारण वहां अफरातफरी मच गई। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद कुछ प्रतिभागियों और कुछ प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई।

पुलिस के मुताबिक जिन लोगों को हिरासत में लिया गया, उनमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि भी शामिल हैं। मौके पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने कहा कि इस घटना के बाद हॉल के अंदर सुरक्षा और कड़ी की जाएगी। यह विरोध प्रदर्शन कुछ ही मिनटों तक चला, जिसके बाद समूह को हॉल से बाहर निकाल दिया गया।

इस अप्रत्याशित घटना ने अतिथियों और आगंतुकों को हैरान कर दिया, क्योंकि 'एआई इम्पैक्ट समिट' के मद्देनजर यह व्यापार समझौता विरोधी प्रदर्शन अप्रत्याशित था।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम में प्रदर्शन करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता।

### समिट नहीं, किसान विरोधी व्यापार समझौते के खिलाफ

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने एक बयान में कहा, युवा कांग्रेस के साथियों ने स्पष्ट कर दिया कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। पीएम इज कंप्रोमाइज्ड यानी प्रधानमंत्री झुक गए सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि करोड़ों बेरोजगार युवाओं का आक्रोश है। अमेरिका के साथ यह व्यापार समझौता हमारे किसानों और जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है, जिससे सिर्फ अमेरिका को फायदा होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध हमारा अधिकार है और हम युवाओं की आवाज बुलंद करते रहेंगे। चिब ने कहा, हम एआई इम्पैक्ट समिट के खिलाफ नहीं हैं। हम भारत के हितों के साथ हो रहे समझौते के खिलाफ हैं, इसलिए हमने ये प्रदर्शन किया है।

### भाजपा ने कहा- प्रदर्शन विश्व में भारत की छवि खराब करने का प्रयास

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जब भी भारत वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है, कांग्रेस राष्ट्रहित के साथ खड़े होने के बजाय राजनीतिक लाभ लेने को प्राथमिकता देती दिखाई देती है। दलगत राजनीति को देश की प्रतिष्ठा और सम्मान से ऊपर रखना अत्यंत दुखद है। राजनाथ ने कहा कि भारत की जनता भली-भांति समझती है कि कौन भारत को सशक्त और समर्थ बनाने में जुटा है और कौन बार-बार भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास करता है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि यह घटना कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के कहने पर अंजाम दी गई है। उन्होंने कहा, यह साजिश राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में राहुल गांधी के निवास स्थान पर रची गई थी। यह प्रयोग है, संयोग नहीं।

# बाबर के नाम पर धर्मस्थल का नामकरण रोकने की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मुगल शासक बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण या नामकरण पर रोक लगाने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने इसे वापस ले लिया।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर द्वारा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की घोषणा का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता देश में आक्रांताओं के नाम पर मस्जिदों के निर्माण के खिलाफ है। हुमायूं कबीर ने इस तथ्य के बावजूद मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा की थी कि बाबर एक आक्रमणकारी था। कबीर के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। पीठ ने याचिका खारिज करने की घोषणा की तो वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। याचिका में केंद्र, राज्यों और अन्य सरकारों को याचिकाकर्ता के मामले पर विचार करने और समूचे भारत में बाबर या बाबरी मस्जिद या उनसे मिलते-जुलते नामों पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण, नामकरण पर रोक लगाने या प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। यह निर्देश देने की भी मांग की गई कि वे बाबर या भारत पर आक्रमण करने वाले किसी भी व्यक्ति के नाम पर धार्मिक संरचना के निर्माण पर प्रतिबंध के लिए उचित दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार करें।

- **निलंबित टीएमसी विधायक मुर्शिदाबाद में बनवा रहे हैं बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति**

### प्रमाणन रद्द करने संबंधी याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया 'द केरल स्टोरी 2' के निर्माता और सीबीएफसी को नोटिस

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने कन्नूर के एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड' के निर्माताओं, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में अदालत से फिल्म के प्रमाणन को रद्द करने और इसके शीर्षक पर पुनर्विचार सहित संशोधनों का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

- **दूसरे राज्यों की घटनाओं पर फिल्म बनाकर भ्रम फैलाने का आरोप**

कन्नूर के कन्नवम निवासी श्रीदेव नंबूदरी ने याचिका में सूचना प्रसारण मंत्रालय, सीबीएफसी और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह को प्रतिवादी बनाया है। न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस की अध्यक्षता वाली पीठ ने अगली सुनवाई 24 फरवरी को तय की। याचिका में कहा गया है कि सीबीएफसी ने सिनेमाटोग्राफ अधिनियम, 1952 के तहत वैधानिक जनादेश का उचित अनुपालन किए बिना फिल्म को प्रमाण पत्र प्रदान किया है। याचिका के अनुसार, फिल्म के टीजर और ट्रेलर में कई राज्यों की महिलाओं से जुड़ी कहानियों को दर्शाया गया है लेकिन सामग्री को 'द केरल स्टोरी' के रूप में ब्रांड किया गया है, साथ ही आतंकवाद, जबरन धर्मांतरण और जनसांख्यिकीय षड्यंत्र की घटनाओं को विशेष रूप से केरल राज्य से जोड़ा गया है।

### पहलवान सुशील की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने पुलिस से पूछा रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनकर की हत्या के मामले में ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। न्यायमूर्ति अनूप जे भंभानी ने मृतक के परिजनों को भी नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

- **मृतक सागर धनकर के परिजनों को भी नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

अदालत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में हाईकोर्ट से सुशील कुमार को दी गई जमानत रद्द कर दी थी। न्यायाधीश ने टिप्पणी की, मुझे लगता है कि आप कुछ ज्यादा ही उम्मीद कर रहे हैं। जब सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है तो आप मुझसे क्या उम्मीद करते हैं। अभियुक्त के वकील ने कहा कि जमानत याचिका पर विचार किया जाना चाहिए क्योंकि सभी सार्वजनिक गवाहों से पूछताछ हो चुकी है। दिल्ली पुलिस और मृतक के परिजनों के वकीलों ने कहा कि सभी सार्वजनिक गवाहों से पूछताछ अभी बाकी है। कोर्ट ने कहा, अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट/विस्तृत जवाब दाखिल किया जाए।

### भारत-अमेरिका समझौते के खिलाफ किसान सम्मेलन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को फैसला किया कि अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के खिलाफ वह अलग-अलग राज्यों में किसान सम्मेलन करेगी, जिनमें किसानों को बताया जाएगा कि इस समझौते का उनकी आजीविका पर नकारात्मक असर पड़ने वाला है। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें यह फैसला किया गया। इस बैठक में इन राज्यों के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक दल के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि पहला किसान सम्मेलन 24 फरवरी को भोपाल और दूसरा सात मार्च को महाराष्ट्र के यवतमाल में आयोजित किया जाएगा।

# कर्नाटक के बागलकोट में निषेधाज्ञा के बावजूद मांस की दुकानों पर पथराव

**बागलकोट।** बागलकोट में शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति बनी रही क्योंकि निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद कई लोग सड़कों पर उतर आए और मांस की दुकानों पर पथराव किया, जिसके चलते पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ गोयल ने बताया कि शोभायात्रा बृहस्पतिवार को अपराह्न करीब 3:30 बजे पुराने कस्बे से शुरू हुई थी और लगभग पूरी होने वाली थी, तभी नवनागर क्षेत्र के किला ओनी में एक मस्जिद के पास रात करीब 9:30 बजे पथराव की घटना हुई। उन्होंने कहा, ''मस्जिद में जूता रखने का एक स्टैंड था और उसे खड़ा रखने के लिए उसके नीचे दो पत्थर रखे गए थे। उन्हीं पत्थरों में से एक का इस्तेमाल हुआ और वह हमारे पुलिसकर्मियों पर गिरा।

# तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने का आदेश

**चेन्नई, एजेंसी**

मद्रास हाईकोर्ट ने स्थानांतरण, नियुक्तियों और निविदा आवंटन में अनियमितताओं को लेकर तमिलनाडु के नगर प्रशासन एवं जल आपूर्ति मंत्री केएन नेहरू के खिलाफ शुक्रवार को सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय को आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी अरुल मुरुगन की पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि मंत्री के खिलाफ लगाए गए आरोपों के प्रथमदृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं।

- **साक्ष्य मौजूद, प्रारंभिक जांच की जरूरत नहीं : मद्रास हाईकोर्ट**

पीठ ने माना कि ईडी ने जो सामग्री रखी है, वह संज्ञेय अपराधों का खुलासा करती है इसलिए इस मामले में किसी प्रारंभिक जांच की आवश्यकता नहीं है और प्राथमिकी तुरंत दर्ज की जानी चाहिए। ईडी ने निदेशालय को एक पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि नगर प्रशासन विभाग में सहायक इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर और स्वच्छता निरीक्षक जैसे 2,538 पदों पर नियुक्तियों के बदले लगभग 634 करोड़ रुपये की रिश्वत ली गई थी। ईडी के इसी पत्र के आधार पर अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्ना द्रमुक) सांसद आईएस इनबादुरई और मदुरै के एक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष के अथि नारायणन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक को मामला दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की थी। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि ईडी के पत्र को पहले ही निदेशालय के अधिकारियों को भेज दिया गया था और जांच की अनुमति मिल गई थी।

# बलूच आर्मी ने दी समय सीमा खत्म होने पर पाकिस्तानी सैनिकों को मार देने की धमकी

क्वेटा, एजेंसी

- पाकिस्तान की सरकार को बातचीत को दिए हैं सात दिन

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान सरकार को चेतावनी दी है कि यदि 21 फरवरी के बाद उसके लड़ाकों को रिहा करने के लिए बातचीत शुरू नहीं हुई, तो वह अपनी हिरासत में लिए गए पाकिस्तानी सैनिकों को मार देगा। बीएलए ने 14 फरवरी को कुछ तस्वीरें और वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने सात पाकिस्तानी सैनिकों को पकड़ लिया है।

इस समूह ने सात दिन की समय सीमा देते हुए मांग की है कि पकड़े गए सैनिकों के बदले हिरासत में लिए गए उसके लड़ाकों को रिहा किया जाए। पाकिस्तानी सेना ने हालांकि इन दावों को खारिज कर दिया था। उनकी ओर से यह तर्क दिया गया कि वीडियो में दिखने वाले लोग पाकिस्तानी सैनिक नहीं हैं और वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। बीएलए की ओर से इसके बाद जारी एक नए वीडियो में, सातों बंदी एक साथ नजर आ रहे हैं और वे अपने आधिकारिक आर्मी सर्विस कार्ड दिखा रहे हैं। उनमें से एक सिपाही मोहम्मद शहराम अपने सैन्य और राष्ट्रीय पहचान पत्र को लेकर बोल रहा है।

## पत्नी-बच्चों को पीट सकेंगे अफगानी

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का नया कानून पत्नियों और अपने बच्चों की पिटाई की अनुमति देता है बशर्ते कि पिटाई के कारण हड्डियां नहीं टूटें और खुले जख्म नहीं हों। दे महाकुमु जज़ाई उसूलनामा नामक 90 पन्नों के इस आपराधिक प्रक्रिया संहिता को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा ने मंजूरी दी है। दस अध्यायों और 119 अनुच्छेदों वाले दस्तावेज़ में घरेलू हिंसा को कुछ शर्तों के साथ वैध किया गया है।

## आर्थिक जबरदस्ती पर लगेगी लगाम

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत ने 20 फरवरी को औपचारिक रूप से अमेरिका के नेतृत्व वाली पैक्स सिलिका पहल में शामिल होने के लिए घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता न केवल भारत और अमेरिका के बीच तकनीकी सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत है बल्कि वैश्विक स्तर पर एआई और सेमीकंडक्टर की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम भी है। वर्तमान में सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों लिथियम, कोबाल्ट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स की आपूर्ति पर चीन जैसे कुछ ही देशों का एकाधिकार है। यह निर्भरता आर्थिक जोखिम पैदा करने के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है। पैक्स सिलिका इसी आर्थिक जबरदस्ती को समाप्त करने का वैश्विक प्रयास है।

## पैक्स सिलिका पहल

### रणनीतिक गठबंधन

- शुरुआत : अमेरिका के नेतृत्व वाला एक रणनीतिक गठबंधन है जो सेमी कंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिजों और एआई ढांचे की पूरी सिलिकॉन स्टैक को सुरक्षित करने पर केंद्रित है। इसकी शुरुआत 2025 में वाशिंगटन में हुई थी।
- आपूर्ति श्रृंखला बनाना : एआई और चिप निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल से लेकर अंतिम उत्पाद तक एक बाधा रहित आपूर्ति श्रृंखला बनाना।
- चीन पर निर्भरता कम करना : महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर विनिर्माण में चीन के प्रभुत्व और आर्थिक दबाव को कम करना। डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई मॉडल के लिए देशों का एक समूह तैयार करना।

### भारत को होगा लाभ

- सेमीकंडक्टर हब बनना : भारत को अत्याधुनिक चिप विनिर्माण तकनीक और निवेश प्राप्त होगा, जिससे इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन को गति मिलेगी।
- महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच : लिथियम, कोबाल्ट और सिलिकॉन जैसे खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जो ईवी और रक्षा उपकरणों के लिए अनिवार्य हैं।
- एआई निवेश : अमेरिकी कंपनियों द्वारा भारतीय एआई बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश की संभावना है, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।
- रणनीतिक स्वायत्तता : भारत बिना अपनी स्वायत्तता खोए वैश्विक उच्च-तकनीकी समूह का हिस्सा बनकर चीन की विस्तारवादी नीतियों का मुकाबला कर सकेगा।
- शेयर बाजार पर असर : विशेषज्ञों के अनुसार, माइनिंग, मेटल और टेक सेक्टर की कंपनियों को इससे दीर्घकालिक लाभ होगा।

### एआई सप्लाई चेन की सुरक्षा

- सुरक्षा के लिए अहम : एआई को चलाने के लिए उन्नत चिप्स, विशाल डेटा सेंटर और निरंतर ऊर्जा की जरूरत होती है। पैक्स सिलिका निम्न तरीकों से सुरक्षा तय करता है।
- खनिजों का सुरक्षित स्रोत : सेमीकंडक्टर के लिए जरूरी रेयर अर्थ एलिमेंट्स की माइनिंग से लेकर प्रोसेसिंग तक सदस्य देशों के बीच सहयोग सुनिश्चित करना
- संवेदनशील तकनीक का संरक्षण : उन्नत एआई एल्गोरिदम और हार्डवेयर डिजाइन को गलत हाथों (विशेषकर प्रतिद्वंद्वी देशों) में जाने से रोकना।
- डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर : फाइबर-ऑप्टिक केबल, डेटा सेंटर और एआई फाउंडेशनल मॉडल के लिए सुरक्षित और पारदर्शी मानक स्थापित करना।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में 57 वर्षीय सिख का अपहरण

**न्यूयॉर्क।** कैलिफोर्निया के सैन जोकिन काउंटी के ट्रेसी इलाके से 57 वर्षीय सिख व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया है। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने फेसबुक पोस्ट में पीड़ित की पहचान अवतार सिंह के रूप में की है, जिनकी लंबाई पांच फुट सात इंच है और वजन लगभग 200 पाउंड है। घटना के समय उन्होंने हल्के रंग के पारंपरिक सिख वस्त्र पहने हुए थे। पुलिस ने बताया कि निगरानी फुटेज में मंगलवार को अपराह्न लगभग ढाई बजे सिंह को गहरे रंग के कपड़े पहने तीन अज्ञात व्यक्ति एक सफेद एसयूवी में बिठाते हुए दिख रहे हैं। पुलिस ने बताया कि फुटेज से प्रतीत होता है कि पीड़ित अपनी मर्जी के बिना कार में बैठा।

### पाकिस्तान ने कश्मीर में संघर्ष विराम तोड़ा

**श्रीनगर।** पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शुक्रवार को संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर में स्थित टीएमजी (टूट मार गली) में दोपहर के आसपास पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) की चौकियों ने भारतीय चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी करते हुए संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद गोलीबारी बंद हो गई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

### सजा के बाद भी यून अपने रुख पर अडिग

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल ने सियोल की एक अदालत द्वारा विद्रोह के लिए सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा पर शुक्रवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह अपने रुख पर अडिग हैं। येओल के वकीलों द्वारा जारी बयान के मुताबिक उनके मुवक्किल ने कहा कि दिसंबर 2024 में सैन्य कानून (मार्शल लॉ) लागू करने की उनकी अचानक और अल्पकालिक घोषणा पूरी तरह से राष्ट्र और हमारे लोगों के हित में थी।

### वेनेजुएला ने कैदियों को माफी की मंजूरी दी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को आम माफी से संबंधित एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए जिससे हिरासत में लिए गए नेताओं, कार्यकर्ताओं, वकीलों और कई अन्य लोगों की रिहाई हो सकती है। इस विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राष्ट्रपति ने यह स्वीकार किया कि सरकार ने सैकड़ों लोगों को राजनीतिक कारणों से जेल में रखा है। रोड्रिगेज के इस कदम को बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# ट्रंप ने ईरान को फिर दी चेतावनी, तय की परमाणु समझौते की समय सीमा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेताया, समझौता नहीं हुआ तो ईरान के साथ होगा बुरा बर्ताव

- ईरान पर 10 से 15 दिन के भीतर कोई फैसला लेंगे ट्रंप

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ईरान को चेतावनी दी कि यदि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने में विफल रहा तो बुरी चीज़ें होंगी और उन्होंने ईरान पर फैसले के लिए अपनी समय सीमा 10-15 दिन तक बढ़ा दी। ट्रंप का यह बयान पश्चिम एशिया में अमेरिका की भारी सैन्य तैयारी के बीच आया है, जिससे बड़े युद्ध की चिंताएं बढ़ गई हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ईरान को एक अर्थपूर्ण समझौता करना होगा। इस बीच, अमेरिका इस सप्ताह के अंत तक ईरान पर हमला करने के लिए तैयार है, हालांकि ट्रंप ने अभी तक कोई आखिरी फैसला नहीं लिया है। एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा, 10-15 दिन, ज़्यादा से ज़्यादा। या तो हम समझौता कर लेंगे या यह उनके लिए बुरा होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें 10 दिनों के अंदर पता चल जाएगा कि ईरान के साथ समझौता मुमकिन है या नहीं। उन्होंने बोर्ड ऑफ़ पीस की पहली बैठक में कहा, हमें इसे एक कदम और आगे ले जाना पड़ सकता है, या शायद नहीं भी। शायद हम एक समझौता कर लें। आपको अगले शायद 10 दिनों में पता चल जाएगा। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। अगर उनके पास परमाणु हथियार हैं तो आप पश्चिम एशिया में शांति नहीं ला सकते। ट्रंप ने कहा कि अब ईरान के लिए हमारे साथ उस रास्ते पर चलने का समय है, जो हम कर रहे हैं, उसे पूरा करे।

### तो अमेरिकी ठिकानों पर वैध होगा ईरानी हमला

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका अपनी सैन्य धमकियों पर अमल करता है, तो अमेरिकी ठिकानों और संपत्तियों पर ईरानी हमले वैध होंगे। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरवानी ने पत्र में कहा कि ईरान किसी भी हमले का निर्णायक जवाब देगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में सैन्य आक्रामकता के गंभीर परिणामों की चेतावनी भी दी। यह घटनाक्रम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को दी गई उस धमकी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने परमाणु मुद्दे पर समझौते के लिए अधिकतम 10-15 दिन का समय दिया है।

### बोर्ड ऑफ पीस को 10 अरब अमेरिकी डॉलर देंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए बनाए गए अंतर्राष्ट्रीय निकाय बोर्ड ऑफ पीस में चीन और रूस के भी शामिल होने की उम्मीद जताई। ट्रंप ने कहा कि कई देश बोर्ड में शामिल होने की प्रक्रिया में हैं। मैं चाहूंगा कि चीन और रूस भी इसमें शामिल हों। ट्रंप ने घोषणा की कि बोर्ड के नौ सदस्यों ने कुल सात अरब अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया है, जबकि अमेरिका 10 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान देगा। उन्होंने कहा, युद्ध की लागत की तुलना में यह राशि बहुत कम है। उन्होंने अमेरिका के 10 अरब डॉलर देने को काफी छोटी रकम बताया।

# असम में बोले अमित शाह, देश से सभी घुसपैठियों को बाहर करेंगे

- पूर्वोत्तर राज्य में शुरू किया वाइब्रेंट विलेज का दूसरा चरण

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली असम सरकार ने पिछले दस वर्षों में घुसपैठियों को राज्य में प्रवेश करने से रोका है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एक बार फिर भाजपा को वोट दें ताकि असम से आखिरी घुसपैठिए को बाहर किया जा सके। केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार को असम के कछार जिले के नाथनपुर गांव में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए 'वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-द्वितीय' की शुरुआत करते हुए यह बात कही।

इस पहल का उद्देश्य सीमा पर स्थित समुदायों को सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध बनाना है, जो विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। वीवीपी-द्वितीय एक 6,839 करोड़ रुपये की योजना है, जिसे 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से लागू किया जाना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने असम में पहले अवैध घुसपैठ के लिए सीमा खुले छोड़ दिए थे, जिससे जनसांख्यिकीय बदलाव आया है। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग असुरक्षा के कारण अपनी जमीन छोड़ने लगे और घुसपैठियों ने उन क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया। स्थानीय लोगों और युवाओं ने अवसर खो दिए, क्योंकि घुसपैठियों की आबादी लगातार बढ़ती गई। उन्होंने कहा, असम में भाजपा सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में घुसपैठ को पूरी तरह से रोक दिया था और दूसरे में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने घुसपैठियों को उन जमीनों से उखाड़ फेंका, जिन पर उन्होंने अवैध तरीके से कब्जा किया था।

गृहमंत्री अमित शाह ने असम के कछार जिले में वाइब्रेंट विलेज के द्वितीय का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और मंत्री अतुल बोरा भी उपस्थित रहे।

### हिंदी के साथ मजबूत होती हैं सभी भाषाएं

**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जब हिंदी को बढ़ावा दिया जाता है, तो अन्य सभी भाषाएं भी मजबूत होती हैं। अगरतला में राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि हिंदी लोगों पर थोपी जा रही है लेकिन पिछले 10 वर्षों में इस बात को गलत साबित किया गया है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य स्थानीय भाषाओं के बीच कोई विवाद नहीं हो सकता क्योंकि वे एक ही मां की दो बेटियां हैं, जिन्होंने साथ-साथ प्रगति की हैं। शाह ने कहा कि लिपि और भाषा विवाद का मुद्दा नहीं हो सकतीं। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे घर पर अपने बच्चों से उनकी मातृभाषा में बात करें। गृह मंत्री ने कहा कि अगर आप ऐसा नहीं कर सकते, तो आपके बच्चे अपनी मातृभाषा के साहित्य, परंपरा और संस्कृति से वंचित रह जाएंगे। हमें घर में जितना हो सके अपनी मातृभाषा में बात करनी चाहिए।

## किंग चार्ल्स-3 के भाई पूर्व प्रिंस एंड्रयू किए गए रिहा

**लंदन।** सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए ब्रिटने के पूर्व राजकुमार व किंग चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्रयू को रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पूर्व राजकुमार को गुरुवार शाम को रिहा किया गया। एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को उनकी गिरफ्तारी के लगभग 11 घंटे बाद पूर्वी ब्रिटेन स्थित उनके घर के पास स्थित थाने से कार में निकलते हुए देखा गया। एंड्रयू को उनके खिलाफ जांच जारी रहने के बीच रिहा किया गया है। एंड्रयू को गुरुवार तड़के घर से उन जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार किया था, जो जेफ्री एप्स्टीन से उनके संबंधों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उसने एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर के घर की तलाशी पूरी कर ली है।

## अमेरिका में हिरासत में लिए जा सकते हैं हजारों वैध शरणार्थी

- डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के नए आदेश से बढ़ीं मुश्किलें

मिनियापोलिस, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने एक नया आदेश जारी किया है जिससे देश में मौजूद उन हजारों शरणार्थियों को गिरफ्तार किया जा सकता है जो यहां वैध रूप से रह तो रहे हैं लेकिन अब तक उनका कोई स्थायी आवास नहीं है।

मिनिसोटा में गुरुवार को होने वाली संघीय अदालत की सुनवाई से पहले गृह मंत्रालय द्वारा दाखिल एक मेमो में कहा गया है कि ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले शरणार्थियों को अपने आवेदनों की समीक्षा के लिए अमेरिका में प्रवेश किए जाने के एक साल बाद संघीय हिरासत में रहना होगा। बुधवार को दाखिल मेमो में कहा गया है कि निरीक्षण और जांच प्रक्रिया की अवधि के लिए आव्रजकों को हिरासत में रखा जा सकता है। मानवाधिकार कार्यकर्ता और पुनर्वास समूहों ने इस आदेश की कड़ी आलोचना की है। इस आदेश से पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के दौरान अमेरिका आए लगभग 2 लाख शरणार्थियों के बीच भ्रम और भय पैदा हो सकता है। यह आदेश ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन पाबंदियों की श्रृंखला में हालिया कार्रवाई है। पिछले साल के अंत में एक मेमो में कहा गया था कि ट्रंप प्रशासन बाइडन प्रशासन के दौरान अमेरिका में प्रवेश पाने वाले सभी शरणार्थियों की समीक्षा करने की योजना बना रहा है।

## रूस की सीमा पर बारूदी सुरंग बिछाएगा पोलैंड

**वॉरसॉ।** पोलैंड अपनी पूर्वी सीमा पर रूस के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बारूदी सुरंग बिछाएगा। यह जानकारी देश के उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने शुक्रवार को को दी। पोलैंड विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतर्राष्ट्रीय समझौते से अलग हो गया है। वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी, जिसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई।

## खुफिया विफलता को लेकर नौसेना को कोर्ट की फटकार

- आईएनएस शिकरा के पास इमारत निर्माण का मामला

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने दक्षिण मुंबई में नौसेना के प्रमुख हवाई ठिकाने आईएनएस शिकरा के आसपास एक बहुमंजिला इमारत के निर्माण को लेकर शुक्रवार को नौसेना को खुफिया विफलता के लिए कड़ी फटकार लगाई और सवाल किया कि इमारत के बनते समय कैसे इस पर किसी की नजर नहीं पड़ी।

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति अभय मंत्री की पीठ ने कहा कि नौसेना की ओर से खुफिया चूक हुई है, क्योंकि वह अपने प्रतिष्ठान के आसपास एक गगनचुंबी इमारत के निर्माण पर ध्यान देने में विफल रही। पीठ आईएनएस शिकरा के कमांडिंग ऑफिसर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठान के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा जोखिमों का हवाला देते हुए परियोजना पर रोक लगाने का निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने नौसेना के सिर्फ इसी इमारत के निर्माण का विरोध करने पर भी सवाल उठाया, जबकि आसपास कई अन्य बहुमंजिला आवासीय इमारतें मौजूद हैं। याचिकाकर्ता के वकील आरवी गोविलकर ने दलील दी कि अन्य इमारतों का निर्माण साल 2011 में रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास ऊंचे निर्माण के लिए एनओसी को अनिवार्य बनाने से पहले किया गया था।

## यूएफओ से जुड़ीं फाइलें सार्वजनिक करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह पेंटागन और अन्य सरकारी एजेंसियों को परग्रही जीवों (एलियन्स) और यूएफओ से संबंधित फाइल की पहचान करके उन्हें सार्वजनिक करने का निर्देश दे रहे हैं, क्योंकि इन विषयों में लोगों की गहरी रुचि है।

ट्रंप ने यह घोषणा एक सोशल मीडिया पोस्ट में की। कुछ घंटे पहले ही उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर हाल में एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में परग्रही जीवों के वास्तव में होने का संकेत देकर गोपनीय जानकारी उजागर करने का आरोप लगाया था। एयर फोर्स वन विमान में संवाददाताओं से ट्रंप ने कहा, मुझे नहीं पता कि परग्रही जीव वास्तव में हैं या नहीं।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 13 .00 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- रेवती 19 .07 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** — आज विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े आकर्षित हो सकते हैं। यद्यपि आपका विवेक सदैव आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको गलत लोगों के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। स्वभाव में विनम्रता का भाव बनाकर रखें।

**वृष** — आज रुके हुए काम तेजी से पूरे कर लेंगे। अपनी कार्यक्षमता को सिद्ध कर पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। लोग आपकी विचारधारा से बहुत शीघ्र प्रभावित हो जाएंगे। बड़े भाई-बहनों के जीवन में कुछ सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज व्यवसाय में सहयोगियों से सहायता ले सकते हैं। आर्थिक समस्याओं का निराकरण होगा। निर्माण कार्यों में गति आएगी। अधीनस्थ कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

**कर्क** — आज भाग्य आपका साथ देगा। महिलाओं को अत्यधिक प्रशंसा मिलेगी। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। पिता और गुरुओं का मार्गदर्शन लेते रहें। अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह** — आज अनावश्यक बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया न दें। लोग आप से अत्यंत प्रभावित रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। अपनी बातों को अच्छी तरह रख नहीं पाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में धन खर्च हो सकता है।

**कन्या** — आज अल्प परिश्रम से ही आपको अधिक अच्छे परिणाम मिल जाएंगे। पैतृक कारोबार में विस्तार हो सकता है। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन अनुकूल है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में वृद्धि होगी। अधिकारी आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। आप गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। परिजन आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी महिला सहकर्मी से झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में नए समझौतों को लेकर सावधानी रखें। प्रेमीजन से अपने दिल की बात शेयर कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा। अपनी गलतियों में सुधार करेंगे।

**धनु** — आज गूढ़ अध्यात्मिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। छोटे उद्योगों में घाटा हो सकता है। दांपत्य संबंध काफी रोमांटिक हो सकते हैं। अनजाने लोगों से ऑनलाइन लेनदेन सावधानी पूर्वक करें। दूसरों के मामलों में टांग न अड़ाएं।

**मकर** — आज बुजुर्ग लोग पुराने अनुभवों का स्मरण कर प्रसन्न रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आय के वैकल्पिक स्रोत विकसित कर सकते हैं। व्यवसाय में अच्छे ग्राहकों के कारण आपके कारोबार में स्थिरता रहेगी।

**कुंभ** — आज कारोबार को स्थिर रखने के लिए उधार लेना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक छवि काफी अच्छी रहेगी। तनाव युक्त परिस्थितियों से बचें। उटपटांग कार्यों में आपका मन उलझेगा। बेरोजगार लोगों को जॉब की चिंता हो सकती है।

**मीन** — आज का दिन कला-जगत से जुड़े लोगों के लिए विशेष है। कार्य थोड़े विलंब से पूर्ण होंगे। लव लाइफ काफी रोमांटिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। वित्तीय स्थिति मजबूत रहेगी। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू-68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 7 |
| | | | | 9 | | | 4 | |
| | 8 | | 5 | | | 9 | | |
| 7 | | 5 | | | 9 | 1 | | |
| | | | | | | | | 5 |
| | | 2 | 7 | | | 4 | | 9 |
| | | 7 | | 5 | 6 | | 9 | |
| 5 | 6 | | | 7 | | | | |
| | | | | 4 | 8 | 7 | | |

### सुडोकू - 67 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 |

जब टीम के तौर पर चीजें हमारी योजना के मुताबिक नहीं होतीं, तो देश में होने वाली प्रतिक्रियाओं का हम सम्मान करते हैं। हमें पता है कि ऐसा होगा और हम इसे स्वीकार करते हैं। आगे बेहतर करने के तरीकों पर हम जरूर विचार करेंगे।

-मिचेल मार्श, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान


# स्टेडियम

मुरादाबाद, शनिवार, 21 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

अभ्यास सत्र के दौरान अभिषेक शर्मा (बीच में), वरुण चक्रवर्ती (दाएं) और अन्य। एजेंसी

## मार्करम या लिंडे करेंगे अभिषेक के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत

अहमदाबाद, एजेंसी

टी20 विश्व कप में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा लगातार तीन बार शून्य के स्कोर पर आउट हुए, लेकिन भारत का अभियान बिना रुके पटरी पर चल रहा है लेकिन इस खिलाड़ी का बल्ले का नहीं चलना चर्चा का विषय बना हुआ है।

इसका कारण या तो पेट के संक्रमण से उनका कमजोर होना है या फिर धीमे विकेट पर स्पिनरों के खिलाफ तकनीकी कमजोरी का उभरना है। लेकिन जिन्होंने इस प्रारूप और इस खिलाड़ी को करीब से देखा है उनका कहना है कि फॉर्म अस्थायी है, उसका आत्मविश्वास स्थायी है। अभिषेक का स्ट्राइक रेट 192 से ज्यादा का है लेकिन अचानक उनकी फॉर्म खराब हो गई जिसका मुख्य कारण पेट के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने के एक हफ्ते से भी कम समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी हो सकती है। फिर धीमी पिचों ने भी उनकी मदद नहीं की है। अब तक टीम के एकजुट प्रयास ने पक्का किया है कि नतीजों पर कोई असर नहीं पड़े। लेकिन शनिवार से सुपर आठ चरण शुरु होने वाला है इसलिए यह जरूरी होगा कि उनका बल्ला चले।

एडेन मार्करम

जॉर्ज लिंडे

- सुपर-8 में भारत और दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला कल

भारत सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। और उनके पिछले आउट होने के तरीके को ध्यान से देखने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम पावरप्ले के अंदर दोनों छोर से कागिसो रबाडा या लुंगी एनगिडी को गेंदबाजी कराने के बजाय खुद ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने के बारे में सोच सकते हैं या फिर जॉर्ज लिंडे से गेंदबाजी करने को कह सकते हैं। अभिषेक का टी20 विश्व कप में अपना खाता नहीं खोल पाना चिंता की बात नहीं है। हो सकता है वह दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे या वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में लय हासिल कर लें।

### अभिषेक को एक अच्छी पारी की जरूरत : मोर्केल

**अहमदाबाद।** भारत की पहले सुपर-आठ मुकाबले में रविवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत से पहले गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने स्पष्ट किया कि टी20 विश्व कप में अब तक अभिषेक शर्मा के खराब प्रदर्शन को लेकर टीम के अंदर कोई चर्चा नहीं हुई है। मोर्केल ने कहा कि अभिषेक को बस एक अच्छी शुरुआत की जरूरत है और उसके बाद वह लय पकड़ लेंगे। भारत का यह सलामी बल्लेबाज तीन मैचों में अब तक खाता खोलने में नाकाम रहा है।

### सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| पाकिस्तान-न्यूजीलैंड | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

#### भारतीय हॉकी टीम की नजरें वापसी करने पर

**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को यहां स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरुआत में नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नयी शुरुआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है।

#### अल्काराज सेमीफाइनल में, सिनर हारकर बाहर

**दोहा।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रूस के करेन खाचानोव को हराकर कतर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को जैकब मेन्सिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा। जैकब मेन्सिक ने गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर को 7-6 (7-3) 2-6 6-3 से हारकर कतर ओपन से बाहर कर दिया। चेक रिपब्लिक के छठे सीड वाले खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने पहला सेट जीता। हालांकि सिनर ने बराबरी कर ली। मेन्सिक ने अखिरी गेम जीत कर जीत दर्ज मुकाबला अपने नाम किया। इसी के साथ सिनर का 23 मैचों में 22 जीत का सिलसिला समाप्त हो गया।

# न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों का लक्ष्य पाकिस्तानी स्पिनरों को काबू करना

## टी-20 विश्व कप : सुपर-8 के मुकाबले आज से, शाम 7 बजे से होगी शुरुआत

कोलंबो, एजेंसी

न्यूजीलैंड की टीम शनिवार को यहां टी-20 विश्व कप के सुपर-8 चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है, लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है। चार मैचों में रविंद्र ने 72 रन बनाए हैं, लेकिन इनमें से 59 रन कनाडा के खिलाफ एक ही मैच में आए। न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा जिससे यह और मुश्किल हो सकता है। इसके विपरीत पाकिस्तान ने विश्व कप की शुरुआत से ही यहां की है और वह पहले प्रेमदासा में दो मैच खेल चुका है। पाकिस्तान के गेंदबाज, खासकर स्पिनर इस धीमी पिच पर असरदार होने के लिए लेंथ और रफ्तार जानते हैं जहां शॉट लगाने के लिए हिम्मत से ज्यादा समझदारी की जरूरत होती है। इसलिए एलेन और सिफर्ट की पावरप्ले की धमाकेदार बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के मध्यक्रम का साथ चाहिए ताकि वे अपनी टीम को लगभग 180 या इससे ज्यादा के स्कोर तक पहुंचा सकें। पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सैम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान उसे बढ़त दिलाते हैं, लेकिन बल्लेबाजी में उनकी भी अपनी चिंता हैं। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले साहिबजादा फरहान (220) के बाद शादाब खान (88) दूसरे नंबर पर हैं।

पाकिस्तान के बल्लेबाजों को न्यूजीलैंड जैसी अनुभवी टीम के खिलाफ मिलकर बड़ा योगदान देना होगा। लेकिन पाकिस्तान प्रबंधन को बाबर आजम (चार मैचों में 66 रन) से ज्यादा चिंता किसी और बात की नहीं है क्योंकि यह पूर्व कप्तान टी20 बल्लेबाजों की जरूरतों को समझने में जूझ रहा है।

अगर बाबर एक बार और लड़खड़ाते हैं तो पाकिस्तान प्रबंधन फखर जमां जैसे किसी और खिलाड़ी को ला सकता है जो ग्रुप चरण के मैच में बेंच पर ही बैठे रहे। टीम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को शामिल करने पर भी सोचेंगे जिन्हें नामीबिया के खिलाफ जरूरी मैच के लिए बाहर कर दिया गया था। अफरीदी ने दो मैच में तीन विकेट लिए हैं जो धीमी पिच पर 'वैरिएशन' इस्तेमाल करने में उनकी नाकामी का सबूत है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, जैकब डफी और जेम्स नीशम अब तक लगभग महंगे रहे हैं और उन्हें यहां अपनी रणनीति पर फिर से सोचना होगा। वहीं स्पिनर मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी और कामचलाऊ रविंद्र और फिलिप्स पर से दबाव कम करना जरूरी है।

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर व कोच रॉब वाल्टर। पाकिस्तान के गेंदबाज उस्मान तारिक।

### टीम

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आज़म, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सिफर्ट, ईश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

टीम के साथ जश्न मनाते ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा।

## आस्ट्रेलिया ने ओमान को हराकर ली विदाई

पल्लेकल, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाए

टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का अपमान झेल रही आस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को ओमान को नौ विकेट से हराकर विदा ली। जिम्बाब्वे और श्रीलंका से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया है।

प्रतिष्ठा के लिए खेल रही आस्ट्रेलियाई टीम ने औपचारिकता के इस मैच में ओमान को 16 .2 ओवर में ही 104 रन पर आउट कर दिया था। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाए।

जवाब में कप्तान मिचेल मार्श के 33 गेंद में नाबाद 64 रन और ट्रेविस हेड के 19 गेंद में 32 रन की मदद से आस्ट्रेलिया ने 9 . 4 ओवर में जीत दर्ज की। यह सौ रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे तेजी से दर्ज की गई जीत है।

मार्श ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाए। वहीं हेड ने छह चौके लगाए। दोनों ने 93 रन की साझेदारी की। इससे पहले जम्पा के चार विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने ओमान को 104 रन पर आउट कर दिया। जम्पा ने 21 रन देकर चार विकेट लिये जबकि जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को दो दो विकेट मिले। ओमान की टीम 16.2 ओवर में आउट हो गई। वसीम अली ने ओमान के लिये 33 गेंद में 32 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया।

## भारत ए की टीम वुमैन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप के फाइनल में

बैंकॉक, एजेंसी

- कप्तान राधा यादव ने किया हरफनमौला प्रदर्शन

कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को यहां श्रीलंका ए पर पांच विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर चार विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (दो विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी (31 रन) शीर्ष स्कोरर रहीं। 10वें ओवर में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 71 रन था। लेकिन इसके बाद वे भारतीय स्पिनरों का सामना नहीं कर सकीं और बचे हुए आठ विकेट नौ ओवर में 47 रन के अंदर गंवा दिए। श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी भागीदारी काविंदी और साथी हंसिमा करुणारत्ने (14) के बीच 36 रन की साझेदारी रही।

राधा यादव।

## ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीतना चाहेगी महिला टीम

एडिलेड, एजेंसी

भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को यहां शनिवार को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारूपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी। स्मृति और शेफाली दोनों ने शुरुआत तो की है लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाईं जिससे दूसरे मैच में भारत 164 रन के आसान से लक्ष्य का पीछा नहीं कर सका। किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलिनू की अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी ने इस मौके का फायदा उठाया। इन्होंने भारत की पांच बल्लेबाजों को सिर्फ सात रन के अंदर आउट कर दिया। लेकिन एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक-अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को बल्ले पर आती गेंद पसंद है और उन्हें यहां कुछ मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि मैदान की सतह चिकनी होने से जिम्मेदारी भारतीय तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर पर होगी कि वे अपनी लाइन एवं लेंथ में स्थिर रहें।

मलाल

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने सुपर-8 में न पहुंचने के बताए कारण, दोहरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका से मिली थी हार

## बड़ी टीमों से द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से ही आता है अनुभव

चेन्नई, एजेंसी

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने बृहस्पतिवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप मैच में कनाडा को हराकर टी-20 विश्व कप से शानदार तरीके से विदा लेने के बाद कहा कि क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के साथ और द्विपक्षीय श्रृंखलाएं होनी चाहिए क्योंकि इनसे अनुभव मिलता है। अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट रोमांचक क्रिकेट खेला और एक मुकाबले में स्कोर बराबर होने के बाद दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका से हार गया। हालांकि स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज ने कहा कि अगर अफगानिस्तान को नियमित रूप से क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के खिलाफ मौके मिलते हैं तो वह काफी आगे बढ़ सकता है।

राशिद ने बृहस्पतिवार रात को कनाडा को 82 रन से हराने के बाद कहा कुछ विभाग में सुधार की जरूरत है। बड़ी टीमों के खिलाफ मध्यक्रम बल्लेबाजी बिखर गई और डेथ ओवर में गेंदबाजी में भी सुधार चाहिए। पर यह सुधार तब होता है जब आप द्विपक्षीय सीरीज में बड़ी टीमों के साथ खेलते हैं। उन्होंने मैच में 19 रन देकर दो विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि टीम टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी के साथ आई थी और उसने जबरदस्त क्रिकेट खेला। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका से मिली करीबी हार महंगी पड़ी।

राशिद ने कहा हम (टूर्नामेंट के लिए) अच्छी तरह तैयार थे। हमने जबरदस्त क्रिकेट खेला। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच ने सच में सभी को दुखी किया। हमें उन (पहले दो) मैचों में से एक में जीत दर्ज करनी थी और देखना था कि टूर्नामेंट कैसा होता है। हम इस विश्व कप से सकारात्मक चीजें लेकर आगे बढ़ेंगे। मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल खत्म हो गया और राशिद ने इसे टीम के लिए भावुक पल बताया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हमने उसके साथ कुछ बहुत अच्छे पल बिताए। हम अभी जहां हैं, वहां उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई है।

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान।

### अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट ने टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भावुक विदाई ली

**चेन्नई।** अफगानिस्तान की टीम के साथ बनाई गई यादों से संतुष्ट लेकिन भावनाओं से अभिभूत कोच जोनाथन ट्रॉट ने चार साल के कार्यकाल के बाद अपनी भूमिका को अलविदा कहा। इस पद की पेशकश पहले इंग्लैंड के उनके साथी ग्राहम थोर्प को की गई थी लेकिन उस समय वह इसे स्वीकार नहीं कर सके और सौभाग्य से 44 वर्षीय ट्रॉट इस पद पर काबिज हुए। अफगानिस्तान ने सुपर आठ चरण की दौड़ से बाहर होने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में कनाडा को 82 रन से हराकर अपना अभियान समाप्त किया। इंग्लैंड के ट्रॉट ने अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए उस टीम के साथ अपने कार्यकाल को याद किया जो अब सफेद गेंद के प्रारूप में एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। ट्रॉट के नेतृत्व में अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के काफी करीब पहुंची और 2024 टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। उन्होंने मैच के बाद बातचीत में कहा, शायद समय सही है, शायद नहीं। मुझे नहीं पता, लेकिन मैं भविष्य में सभी को शुभकामनाएं देता हूं। मैं इस मौके के लिए बहुत आभारी हूं। ग्राहम थॉर्प को कोच बनना था और दुर्भाग्य से वह यह भूमिका स्वीकार नहीं कर सके। ट्रॉट ने कहा फिर मुझे यह पद पेश किया गया और मैंने इसे पूरे जोश के साथ स्वीकार किया। तो मैं यहां वास्तव में सौभाग्य से आया। मैंने पूरी कोशिश की। मैं उम्मीद करता हूं कि खिलाड़ी देख सकें कि मुझे इस खेल से कितना प्यार है।

## पाकिस्तान सरकार ने हॉकी कप्तान बट पर लगा दो साल का प्रतिबंध हटाया

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर राष्ट्रीय महासंघ (पीएचएफ) द्वारा लगाया गया दो साल का प्रतिबंध हटा दिया और इस कदम को 'अवैध और असंवैधानिक' करार दिया।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले बृहस्पतिवार को तारिक बुगती ने हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुप्रबंधन के खिलाफ कप्तान के पीएचएफ की आलोचना करने के लिए बट पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन पीएचएफ के संरक्षक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम अध्यक्ष मुहुयदीन अहमद वानी ने इस फैसले को पलट दिया और कहा कि यह बुगती का 'अवैध और अंसंवैधानिक कदम' था।

### ऑस्ट्रेलिया टूर विवाद

राष्ट्रीय टीम के ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद हुए विवाद के मद्देनजर बुगती ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। ऑस्ट्रेलिया में टीम को लॉजिस्टिक की दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उन्हें एयरबीएनबी के घरों में रहना पड़ा था जबकि सरकार द्वारा संचालित पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने कैनबरा में एफआईएच प्रो लीग मैचों के दौरान टीम के पांच सितारा होटल में रहने के लिए पीएचएफ को एक करोड़ रुपये दिए थे। खेल से जुड़े सभी मामलों को देखने वाली अंतर-प्रांतीय समन्वयक मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने पुष्टिक की कि प्रधानमंत्री शरीफ ने तुरंत बुगती का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और वानी को पीएचएफ का तदर्थ अध्यक्ष और ब्रिगेडियर मुसरतुल्लाह को महानिदेशक नियुक्त किया।

उन्होंने कहा दोनों तदर्थ आधार पर हॉकी के मामलों को देखेंगे और नुकसान को ठीक करने की कोशिश करेंगे। बुधवार सुबह टीम के घर लौटने के तुरंत बाद बट और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों ने हवाई अड्डे पर इंतजार कर रही मीडिया से कहा कि वे पीएचएफ के मौजूदा प्रबंधन और टीम प्रबंधन के साथ आगे काम नहीं कर सकते। बट ने बताया कि खिलाड़ियों को किस तरह झूठ बोला गया और मीडिया से बात न करने की धमकी दी गई।